दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी – गणतंत्र दिवस: पुलिस परेड मैदान में...
4 अभिव्यक्ति – 1.62 करोड़ देशी-विदेशी शैलानियों ने...
9 मनोरंजन/व्यापार – पहली बार अर्जुन कपूर संग रैंप करती आईं...
11 खेल – भारत ने लिया विश्वकप का बदला...

www.navpradesh.com
रायपुर, शनिवार 25 जनवरी 2020, माघ शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-341 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

डाक्टर का बेटा डाक्टर, मास्टर का बेटा मास्टर, बैरिस्टर का बेटा बैरिस्टर और इंजीनियर का बेटा इंजीनियर बने या न बने लेकिन मिनिस्टर के बेटे मिनिस्टर शर्तिया बनते हैं। दरअसल नेतागिरी ही एकमात्र पेशा है जिसमें नेता के पुत्र का नेता बनना तय होता है। हमारे देश में विरासत की सियासत की खिलाफत करने की किसी की मजाल नहीं होती। महाराष्ट्र में पहले शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपने पुत्र आदित्य ठाकरे को मिनिस्टर बनाकर उनकी ताजपोशी की। अब मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने अपने पुत्र अमित ठाकरे को लांच कर दिया है। जय हो परिवारतंत्र की।

सोनिया बोलीं-समन्वय और सबको लेकर चलें राहुल बोले-जीत पर बधाई, ऊंचाई बनाए रखें

कांग्रेस हाईकमान का प्रदेश कांग्रेस नेताओं को यूं मिला आशीर्वचन

सीएम भूपेश ने कहा- हमारे लिए उनका आशीर्वाद महत्वपूर्ण

नवप्रदेश संवादाता

नई दिल्ली/रायपुर। सीएम भूपेश बघेल और मंत्रियों ने कांग्रेस आलाकमान श्रीमति सोनिया गांधी व राहुल गांधी से मुलाकात की। राहुल गांधी ने लगातार जीत पर बधाई दी। राहुल गांधी ऊंचाई को बनाये रखने की नसीहत भी दी। राहुल गांधी ने कहा कि लगातार जीत की बधाई, जरुरी है कि समन्वय के साथ सबको साथ लेकर काम करें, उंचाई पर पहुँचने के बाद उस उंचाई को बनाए रखना जरुरी है। इस नसीहत को आशिर्वचन मानकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली से लौटकर बयान दिया कि राष्टीय अध्यक्ष सोनिया गाँधी और राहुल गाँधी से हमारी मुलाकात काफी अच्छी रही। आज सिर्फ नवनिर्वाचित महापौरों, निगम सभापतियों से मुलाकात की थी तो इसमें अन्य विषयों पर बात नहीं हुई।

सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश संगठन प्रभारी पी एल पुनिया, राष्टीय कोषाध्यक्ष मोतीलाल वोरा, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव उपस्थित थे। भूपेश बघेल के साथ नगर निगमों और नगर पालिका के महापौर सभापति अध्यक्ष भी मौजूद थे। सीएम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सोनिया-राहुल हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण- सीएम भूपेश बघेल

दिल्ली से लौटने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गाँधी और राहुल गाँधी से हमारी मुलाकात काफी अच्छी रही। आज सिर्फ नवनिर्वाचित महापौरों, निगम सभापतियों से मुलाकात की थी तो इसमें अन्य विषयों पर बात नहीं हुई। राष्ट्रीय नेतृत्व ने हमें जीत की बधाई दी, हमें आशीर्वाद दिया। कामयाबी पर खुशी जाहिर की यह बेहद महत्वपूर्ण हैं। हमने भी भरोसा दियाला है कि नगरीय क्षेत्रों की ग्रामीण क्षेत्रों के चुनाव में पार्टी रिकॉड जीत हासिल करेगी।

सोनिया गांधी को बस्तर आने का न्यौता भी दिया

मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गाँधी को छत्तीसगढ़ आने का न्यौता भी दिया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया ने सोनिया गाँधी से बस्तर के दौरे पर आने के लिए आमंत्रित किया। अनिला भेड़िया ने कहा कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में शिरकत करने वे हमारे आमंत्रण को स्वीकार करें। इस पर सोनिया गाँधी ने कहा कि वे छत्तीसगढ़ आने का पूरा प्रयास करेंगी।

खास खबर

नागरिकों पर अधिक टैक्स लगाना सामाजिक अन्याय

नई दिल्ली (वार्ता)। मुख्य न्यायाधीश एस. ए. बोबडे ने बजट से पहले अहम बयान दिया है। टैक्स चोरी को अपराध और सामाजिक अन्याय बताते हुए

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा नागरिकों पर अधिक या मनमाना टैक्स लगाना भी समाज के प्रति अन्याय है। चीफ जस्टिस ने इसके लिए पुराने समय में प्रचलित टैक्स कानूनों का भी उदाहरण दिया। इनकम टैक्स अपीलेट ट्राइब्यूनल के 79वें स्थापना दिवस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि नागरिकों से टैक्स उसी तरह वसूला जाए, जिस तरह मधुमक्खी फूलों को नुकसान पहुंचाए बिना रस निकालती है।

मुठभेड़ में जैश कमांडर अबु सैफुल्ला ढेर

श्रीनगर। पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में जिस पाकिस्तानी आतंकी को मार गिराया, उस पर घाटी में कई आतंकी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप था। मारा गया आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के लिए लंबे वक्त से काम कर रहा था और वह द. कश्मीर में अबु सैफुल्ला के नाम से सक्रिय था।

यूपी: भ्रष्टाचार पर 13 अधिकारी सस्पेंड

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर फिर से ऐक्शन लिया है। शुक्रवार को सीएम योगी ने बदायूं कोषागार में स्टांप मैनुअल का अनुपालन न करने और कार्य में लापरवाही के आरोप में 13 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

सीएए: देश के 154 जाने-माने लोगों ने राष्ट्रपति से की अपील

हिंसा करने वालों पर हो कार्रवाई

नई दिल्ली ए.। देश के 154 जाने-माने लोगों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और एनआरसी के विरोध के नाम पर हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को 'सुरक्षा प्रदान' करने की अपील की। राष्ट्रपति से अपील करले वाले नागरिकों में शीर्ष सरकारी और संवैधानिक पदों से सेवानिवृत हुए लोग और बुद्धिजीवी शामिल हैं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर



'लोगों को हो रही असुविधा से एतराज'

'द्वेषपूर्ण' माहौल पैदा करने के लिए कुछ संगठनों की समाज में विभाजन पैदा करने की हरकत से वे चिंतित हैं। यदि आंदोलन शांतिपूर्ण रहता है और लोगों को असुविधा नहीं होती है, तो उसे इस आंदोलन से कोई एतराज नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें उच्च न्यायालयों के 11 पूर्व न्यायाधीश, आईएएस, आईपीएस, आईएफएस और पूर्व राजनयिक समेत 72 पूर्व नौकरशाहों , 56 शीर्ष पूर्व रक्षा अधिकारियों, बुद्धिजीवियों, अकादमिक विद्वानों और चिकित्सा पेशेवरों के हस्ताक्षर हैं।

मध्य प्रदेश: 80 मुस्लिम नेताओं ने छोड़ी भाजपा

इंदौर। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को धार्मिक आधार पर बनाया गया विभाजनकारी प्रावधान बताते हुए मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के करीब 80 मुस्लिम नेताओं ने पार्टी की प्राथमिकता सदस्यता छोड़ने की घोषणा की है। इन बीजेपी नेताओं में शामिल राजिक कुरैशी फर्शीवाला ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सांसद शोभा के ट्वीट पर केस दर्ज

नई दिल्ली ए.। केरल में भारतीय जनता पार्टी की सांसद शोभा

करंदलाजे के खिलाफपुलिस ने केस दर्ज किया है। उन पर धार्मिक दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगा है। इसको लेकर उन्होंने 22 जनवरी को एक ट्वीट किया था जिसमें उन्होंने कहा था कि केरल सरकार पर आरोप लगाया था मलप्पुरम में हिंदू परिवारों को पानी नहीं दिया गया क्योंकि उन्होंने नागरिकता अधिनियम में संशोधन का समर्थन किया है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा था कि केरल दूसरा कश्मीर बनने की ओर बढ़ रहा है। मल्लापुरम की कुट्टीपुरम पंचायत के हिंदुओं के यहां पानी सप्लाई रोक दी गई थी क्योंकि उन्होंने संशोधित नागरिकता कानून का समर्थन किया था।

प्रदर्शन हो रहे, पुलिस के हाथ नहीं बांध सकते: सुको

नई दिल्ली ए.। सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) विरोधी प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को कुछ राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। वकील एम. एल. शर्मा की याचिका पर शीर्ष अदालत ने कहा कि वह अधिकारियों के हाथ नहीं बांध सकती। आपको बता दें कि एनएसए 12 महीने की अवधि के लिए पुलिस को बिना मुकदमे के किसी शख्स को हिरासत में रखने का अधिकार देता है।

राजपथ पर दिखेगा मिनी और न्यू इंडिया

नई दिल्ली (वार्ता)। पीएम नरेंद्र मोदी ने गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने जा रहे कलाकारों और स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा है कि भारत की श्रेष्ठता की एक और शक्ति इसकी भौगोलिक और सामाजिक विविधता में ही है। हमारा ये देश एक प्रकार से फूलों की माला है, जहां रंग-बिरंगे फूल भारतीयता के धागे से पिरोए गए हैं। पीएम ने कहा, 'परेड में आप एक प्रकार से मिनी इंडिया-न्यू इंडिया को शोकेस करने वाले हैं। भारत असल में क्या है, ये हमारा देश और पूरी दुनिया आपके माध्यम से समझती है। उन्होंने कहा, 'जब हम एक भारत, श्रेष्ठ भारत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'राजपथ पर दिखती है भारत की शक्ति'

'एट होम' इवेंट में पीएम ने कहा, 'राजपथ पर आपके प्रदर्शन से पूरी दुनिया भारत की इस शक्ति के भी दर्शन करती है। इसका असर भारत की 'सॉफ्ट पावर' के प्रचार-प्रसार में भी होता है और भारत के टूरिज्म सेक्टर को भी इससे मजबूती मिलती है।



अद्भुत मानव श्रृंखला

कांकेर (नवप्रदेश)। कांकेर में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अंतिम रिहर्सल के साथ-साथ मतदाता जागरूकता के लिए अनोखी पहल देखने को मिली। यहां रिहर्सल के बाद 'जाबो' कार्यक्रम के तहत उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा अधिकारी-कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ राज्य के नक्शे के स्वरूप में मानव श्रृंखला बनाई। इस दौरान कलेक्टर केएल चैहान ने उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सदस्यों का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज कराने, आगामी निर्वाचनों में भय एवं लोभ से मुक्त होकर मतदान करने तथा सभी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। मानव श्रृंखला में शामिल लोगों की संख्या करीब 25 सौ थी।

भारत होटल्स ग्रुप पर आईटी की छापेमारी में मिली

1 हजार करोड़ की विदेशी संपत्ति

नई दिल्ली ए.। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने ज्योत्सना सूरी की अगुवाई वाले भारत होटल्स लिमिटेड की 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की अघोषित विदेशी संपत्ति का पता लगाया है। कर चोरी के एक मामले की जांच के सिलसिले में भारत होटल्स की चेयरपर्सन और मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना सूरी और उनके सहयोगी के ठिकानों पर आयकर विभाग ने सोमवार को छापेमारी की। उनकी करीबी सहयोगी जयंत नंदा के ठिकानों पर इनकम टैक्स के छापे भी चल रहे हैं। न्यूज एजेंसी भाषा के मुताबिक आयकर अधिकारियों ने बताया तलाशी रविवार को शुरू हुई। उन्होंने कहा कि भारत होटल्स की सीएमडी ज्योत्सना सूरी और कार्गो मोटर्स के प्रवर्तकों से संबंधित आठ परिसरों की तलाशी ली गई थी।

बता दें जयंत नंदा, कारगो मोटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं, जो देश में टाटा मोटर्स के कमर्शियल वाहनों की सबसे बड़े डीलर्स हैं। भारत होटल्स के पास फाइव स्टार होटल्स द ललित ब्रांड भी है। दिल्ली स्थित द ललित होटल भी इसी समूह की संपत्ति है। ज्योत्सना सूरी ने साल 2006 ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अस्थायी है भारत की गिरती जीडीपी

नई दिल्ली ए.। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा है कि भारत में विकास की धीमी गति अस्थायी है, आगे सुधार की उम्मीद है। स्विटजरलैंड के दावोस में वर्ल्ड एकोनॉमिक. फोरम 2020 में उन्होंने ये बात कही। उन्होंने कहा अक्टूबर 2019 में आईएमएफ ने जब अपने विश्व आर्थिक आउटलुक की घोषणा की थी तब की तुलना में जनवरी 2020 में दुनिया बेहतर स्थान पर है।

■ आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा का दावा- जल्द होगी सुधार की उम्मीद

26 भारतीय शब्द ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

नई दिल्ली। अंग्रेजी कई भाषाओं के शब्दों को अपने में समा चुकी है और उसका यह क्रम बदस्तूर जारी है। हिंदी के कई शब्दों को भी वह एडाप्ट कर चुकी है। इसी क्रम में ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने इस साल भी भारतीय अंग्रेजी शब्दों को अपने नए संस्करण में शामिल किया है। ये ऐसे शब्द हैं जिनका इस्तेमाल देश में अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषा बोलने वाले लोग करते हैं। जैसे-आधार, चॉल, डब्बा, हड़ताल और शादी। इस तरह ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के 10वें संस्करण में इस साल 26 भारतीय शब्दों को शामिल किया गया है। डिक्शनरी के नए एडिशन को शक्रवार को लॉन्च किया गया है।

■ शब्दकोश के 10वें संस्करण में आधार, शादी, डब्बा, टेम्पो जैसे भारतीय अंग्रेजी शब्दों को मिली जगह

कुल 384 भारतीय अंग्रेजी शब्द शामिल

डिक्शनरी के 10वें एडिशन में 384 भारतीय अंग्रेजी शब्द हैं। और 1000 से अधिक नए शब्दों को शामिल किया गया है जैसे- चैटबॉट, फेक न्यूज और माइक्रो प्लास्टिक। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी) के मुताबिक, डिक्शनरी में हमेशा भाषाओं के बदलाव पर ध्यान दिया जाता है और कोशिश रहती है कि नए एडिशन में उन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सख्त टिप्पणी – चुनाव आयोग से बोला सुप्रीम कोर्ट- देश में राजनीति का अपराधीकरण को रोकने कुछ करना होगा

राजनीति में क्राइम का वर्चस्व खत्म करने तैयार करें फ्रेमवर्क

नई दिल्ली ए.। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीति के अपराधीकरण को समाप्त करने को लेकर फ्रेमवर्क तैयार करने का चुनाव आयोग को शुक्रवार को निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन और न्यायमूर्ति रवीन्द्र भट की पीठ ने आयोग से कहा, 'राजनीति में अपराध के वर्चस्व को खत्म करने के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार किया जाए।' न्यायालय ने इस पर जवाब के लिए आयोग को एक सप्ताह का समय भी दिया है। न्यायालय ने राजनीति के अपराधीकरण पर सख्त टिप्पणी की है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा कि देश में राजनीति के अपराधीकरण को रोकने के लिए कुछ तो करना ही होगा। न्यायालय ने चुनाव आयोग से अपराधियों पर रोक लगाने के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

43 % सांसदों पर केस

542 सांसदों में से 233 यानि 43 फीसदी सांसदों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे लंबित हैं। हलफनामों के हिसाब से 159 यानि 29 प्रतिशत सांसदों के खिलाफहत्या, बलात्कार और अपहरण जैसे गंभीर मामले लंबित है।

116 निर्वाचित भाजपायी सांसद दागी

भाजपा के 303 में से 301 सांसदों के हलफनामे के विश्लेषण में पाया गया कि साध्वी प्रज्ञा सिंह सहित 116 सांसदों के खिलाफआपराधिक मामले चल रहे हैं।

कांग्रेसी सांसद कुरियाकोस पर 204 मुकदमे

204 लंबित मामलों वाले केरल से नवनिर्वाचित कांग्रेसी सांसद डीन कुरियाकोस हैं सूची में प्रथम। कांग्रेस के 52 में से 29 सांसद आपराधिक मामलों में घिरे हैं

3500 किमी तक लक्ष्य भेदने में माहिर

K-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली ए.। भारत ने शुक्रवार को विशाखापट्टनम के तट से पिछले छह दिनों में दूसरी बार 3,500 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली K-4 बैलिस्टिक मिसाइल का पनडुब्बी से सफल परीक्षण किया है। डीआरडीओ द्वारा विकसित मिसाइल का आज सुबह पानी के नीचे के प्लेटफॉर्म से परीक्षण किया गया।

इससे पहले 12 जनवरी को भी परमाणु हमला करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल के-4 का सफल परीक्षण किया गया था। के-4 बैलिस्टिक मिसाइल से नौसेना की ताकत बढ़ेगी। मिसाइल को नौसेना की स्वदेशी आईएनएस अरिहंत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

समुद्र के अंदर परीक्षण

इस सबमरीन (पनडुब्बी से छोड़े जाने वाली) मिसाइल को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तैयार किया है। मिसाइल का परीक्षण दिन में समुद्र के अंदर मौजूद प्लेटफॉर्म से किया गया।

सीएए: यूपी के तीन शहरों में शाहीन बाग जैसा प्रदर्शन जारी, 950 के खिलाफ केस दर्ज

- लखनऊ, वाराणसी और इटावा में 6 एफआईआर दर्ज, धारा 144 का उल्लंघन करने के अलावा दंगों की धारा भी लगाई गई
- प्रयागराज और कानपुर में भी शांतिपूर्ण प्रदर्शन होने की वजह से दोनों शहरों में अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई

लखनऊ(ए.)। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी को लेकर दिल्ली के शाहीन बाग की तर्ज पर लखनऊ और यूपी के अन्य जिलों में प्रदर्शन कर रहे 950 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इनमें से अधिकतर महिलाएं हैं। लखनऊ, वाराणसी और इटावा में दर्ज हुई 6 एफआईआर में 950 प्रदर्शनकारियों को शामिल किया गया है। बता दें कि सीएए और एनआरसी को लेकर यूपी में हुए हिंसक प्रदर्शन पर सख्त तेवर दिखाते हुए यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए थे। इसके बाद से यूपी पुलिस का इन प्रदर्शनकारियों के खिलाफ ऐक्शन तेज है।

6 में से 4 एफआईआर में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ धारा 144 का उल्लंघन करने के अलावा दंगों की धारा भी लगाई है। प्रयागराज और कानपुर में भी शांतिपूर्ण प्रदर्शन होने की वजह से दोनों शहरों में अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। लखनऊ में चार और इटावा-वाराणसी में एक-एक एफआईआर दर्ज हुई है।

वाराणसी में प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं को हटाया: गुरुवार को पुलिस ने वाराणसी के चौक पुलिस थाने के बेनियाबाग इलाके में सीएए-एनआरसी को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू करने की कोशिश करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल का प्रयोग किया। इसमें 6 लोग गिरफ्तार हुए जबकि 25 के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज हुई। एएसपी (सिटी) वाराणसी डीके सिंह ने बताया कि 25 लोगों के खिलाफ दंगे, धारा 144 का उल्लंघन, गैरकानूनी रूप से इकट्ठा होना, ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारी को चोट पहुंचाने की धाराओं पर एफआईआर दर्ज हुई है।

लखनऊ में घंटाघर में प्रदर्शन जारी: एसीपी (पूर्वी जोन) अमित कुमार ने बताया, 'पुलिस ने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया गया कि 144 लगी है लेकिन वे फिर भी वहां अड़ी रहीं।' एसीपी ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर वाराणसी की तरह यहां भी बल का सहारा लिया जाएगा।

लखनऊ के गोमतीनगर में मामला दर्ज

वाराणसी के डीएम कौशलराज शर्मा ने बताया कि जिले में 8 नवंबर 2019 से धारा 144 लागू है और इसलिए बिना प्रशासन की आज्ञा लिए किसी भी तरह की रैली और प्रदर्शन की इजाजत नहीं है। लखनऊ में बुधवार रात गोमतीनगर पुलिस थाने में गैरकानूनी रूप से इकट्ठा होना, सरकारी आदेश का पालन न करने और षडयंत्र की धाराओं के तहत 5 नामजद महिलाओं और 125 अज्ञात लोगों के खिलाफमामला दर्ज हुआ है। बता दें कि यहां उजरियांव के पास हजरत तुर्कमान शहीद की दरगाह शरीफपर कुछ महिलाएं सीएए के खिलाफधरना दे रही थीं।

इटावा में पुलिस ने की लाठीचार्ज!

इटावा के कोतवाली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत पचराहा रोड स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफिस के नजदीक संशोधित कानून के खिलाफ धरने पर महिलाओं समेत बैठे प्रदर्शनकारियों पुलिस ने कथित रूप से लाठीचार्ज किया था। घटना का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें पुलिस प्रदर्शनकारियों के दौड़ाते हुए दिख रही है।

लखनऊ के चौक इलाके स्थित हुसैनगंज घंटाघर में जारी प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने पिछले हफ्ते 290 लोगों के खिलाफ 3 एफआईआर दर्ज की थी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के आर्ट्स कॉलेज में छात्रों को मोबाइल लाइट में देनी पड़ी सेमेस्टर परीक्षा

लखनऊ(ए.)। लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक परीक्षा के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने पर काफी परेशानी झेलनी पड़ी। परीक्षार्थियों को चार घंटे तक अपने मोबाइल की लाइट जलाकर परीक्षा देनी पड़ी। इस दौरान उन्होंने मौजूद कक्ष निरीक्षक से समस्या भी बताई। उन्होंने कर्मचारी के माध्यम से कॉलेज के डीन को सूचित करने के लिए भी भेजा, लेकिन परीक्षा खत्म होने तक कोई भी जिम्मेदार परीक्षा कक्ष में नहीं पहुंचा।

आर्ट्स कॉलेज में 18 जनवरी से बीएफए, बीवीए, एमवीए पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं चल रही हैं। गुरुवार सुबह 9 से एक बजे और दोपहर एक से शाम पांच बजे तक पेंटिंग डिपार्टमेंट के तहत 'कॉपी फ्रॉम ओल्ड मास्टर' विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा थी। इसमें बीवीए सेकंड इयर (थर्ड सेमेस्टर) के 30 परीक्षार्थियों को फाइन आर्ट हॉल में बैठाया गया। परीक्षार्थियों के मुताबिक, दोपहर की पाली में परीक्षा जैसे ही शुरू हुई तभी कॉलेज की बिजली गुल हो गई। परीक्षा कक्ष में काफी अंधेरा होने पर परीक्षार्थियों ने इसकी सूचना कमरे में मौजूद कक्ष निरीक्षक को दी। वहीं, कुछ छात्र परीक्षा देने कमरे के बाहर बैठ गए। बिजली के लिए जनरेटर की व्यवस्था न होने की वजह से छात्रों ने अपने-अपने मोबाइल लाइट जलाकर जैसे-तैसे परीक्षा दी।

जीजा के साथ मिलकर युवती ने की पिता की हत्या, सामने आई वजह

अयोध्या(ए.)। उत्तर प्रदेश की अयोध्या पुलिस ने खण्डासा क्षेत्र में जीजा के साथ मिलकर पिता की हत्या करने वाली युवती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवती ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह अपने जीजा के साथ शादी करके हमेशा उसके साथ रहना चाहती थी लेकिन उसके पिता को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। इसके बाद उसने अपने जीजा साथ मिलकर खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। समाचार एजेंसी वार्ता के अनुसार,पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खण्डासा क्षेत्र के नदौली के मजरे नयापुरवा में 19 जनवरी की रात राजकरण की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस हत्या का खुलासा करते हुए उसकी बेटी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि हत्यारोपी युवती और उसके जीजा धर्मराज के बीच अवैध संबंध थे। युवती अपने जीजा के साथ ही शादी करना चाहती थी ,लेकिन उसके पिता को यह कत्तई मंजूर नहीं था। इसी कारण राजकरण ने बेटी का विवाह कुमारगंज क्षेत्र के गोकुला गांव में तय कर दिया था।

उन्होंने बताया कि युवती ने अपने जीजा के साथ मिलकर राजकरण की हत्या की साजिश रच डाली और 19 जनवरी की रात को सोते समय उन्होंने चाकू से उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि इस सनसनीखेज मामले को सुलझाने के लिए सर्विलांस का सहारा लिया तो जानकारी मिली की मृतक की पुत्री क्रांति का अपने जीजा धर्मराज से प्रेम प्रसंग चल रहा था इसलिये दोनों ने मिलकर बेटी के पिता की हत्या कर दी थी।

25 मौतें, 830 प्रभावित: सांप-चमगादड़ से इंसान में आया करॉना वायरस!

- वुहान के मांस बाजार से फैला करॉना वायरस दुनिया के लिए चिंता का सबब बनता जा रहा है
- इस वायरस से अब तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 830 लोग प्रभावित हैं
- करॉना वायरस किस जानवर से इंसान में पहुंचा, इस पर लगातार शोध हो रहे हैं

पेइचिंग(वार्ता)। तेजी से फैल रहे करॉना वायरस से पूरी दुनिया में खौफ है। चीन में हुए ताजा अध्ययन में दावा किया जा रहा है कि चमगादड़ और सांपों से यह वायरस इंसानों में फैला है। बता दें कि वुहान में चमगादड़ का सूप लोगों में काफी प्रिय है। अब तक इस बीमारी से चीन में 25 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 830 लोग इस बीमारी के चपेट में हैं।

भारत ने जारी की अडवाइजरी

इस बीच, भारत ने चीन की राजधानी पेइचिंग में गणतंत्र दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन रद्द कर दिया है। साथ ही, चीन से भारत लौटने वालों के लिए एक अडवाइजरी जारी की है जिसमें सतर्कता बरतने के कुछ सुझाव दिए गए हैं। हुबेई प्रांत के वुहान से निकला करॉना वायरस धीरे-धीरे पूरे चीन में और फिर दुनिया में फैलने लगा है।

अलग-अलग दावे

अधिकारियों ने हुबेई प्रांत के पांच शहरों- वुहान, हुगांग, एझाओ, झिजियांग और क्विनजिआंग शहरों में गुरुवार शाम से सार्वजनिक परिवहन का संचालन बंद कर दिया ताकि वायरस के फैलने पर रोक लगाई जा सके। चिंता की बात यह है कि यह वायरस चीन से निकलकर दुनियाभर में फैलने लगा है। हालांकि, करॉना वायरस इंसानों में कहां से आया, अंतिम रूप से अब तक कुछ नहीं कहा जा सकता है। हां, इसे लेकर अलग-अलग तरह के दावे जरूर किए जा रहे हैं।

चमगादड़ से इंसानों में आया करॉना वायरस?

चीनी वैज्ञानिकों के ताजा अध्ययन में वायरस के चमगादड़ों से सांपों में और फिर सांपों से इंसानों में फैलने की संभावना प्रकट हुई है। चीन की राजधानी पेइचिंग में शोधकर्ताओं का अध्ययन जर्नल ऑफ मेडिकल वायरॉलजी में प्रकाशित किया गया है। इसमें कहा गया है कि करॉना वायरस सांपों से इंसान तक पहुंचा है।

सोशल मीडिया पर तरह-तरह के दावे

सोशल मीडिया पर भी अपुष्ट विडियोज जारी किए जा रहे हैं जिनमें लोगों को कटोरियों में चमगादड़ का सूप पीते देखा जा रहा है। इसी तरह, चमगादड़ के पेट में शोरबा भरी एक तस्वीर भी शेयर की जा रही है। इसी हफ्ते चाइना साइंस बुलेटिन में प्रकाशित एक अध्ययन में दावा किया गया कि नया करॉना वायरस चमगादड़ों में पाए जाने वाले वायरस से मिलता-जुलता है।

वायरस के तेजी से फैलने का डर

चिंता की बात यह है कि वायरस का असर दुनिया के अन्य कई देशों में भी देखा जाने लगा है। थाइलैंड, सिंगापुर, ताइवान, जापान, दक्षिण कोरिया, यूके, अमेरिका, सऊदी अरब में भी करॉना वायरस पीड़तों की पहचान हो रही है।

सांपों से इंसान में पहुंचने का दावा

अंतरराष्ट्रीय मीडिया की खबरों में दावा किया जा रहा है कि पिछले वर्ष के आखिरी महीनों में चीन के मध्यवर्ती शहर वुहान स्थित पशु बाजार से करॉना वायरस की उत्पत्ति हुई। दरअसल, यहां जंगली जानवरों के मांस की अवैध बिक्री हुई और यह मांस खाने वाले लोगों में वायरस पहुंच गया। प्राथमिक स्तर के शोध से पता चला कि करॉनाा वायरस सापों में इंसानों में पहुंचा। वैसे सरकारी चिकित्सा सलाहकार जॉन्ग ननशान ने बिज्जू (बैजर) और चूहों से भी वायरस फैलने की आशंका जताई।

इबोला जैसा कहर बरपाने का डर

सिविअर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम (SARS) और इबोला जैसी वायरसजनित बीमारियां भी उड़ने वाले स्तनपायी जानवरों से ही पैदा हुई थीं। एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि करॉना वायरस बेहद घातक हो सकता है। वह WWI स्पेनिश फ्लू जैसा कहर बरपा सकता है जिसने लाखों लोगों की जान ले ली थी। पहले कुछ एक्सपर्ट्स ने अनुमान व्यक्त किया था कि करॉना वायरस SARS और इबोला जैसी जानलेवा महामारी नहीं फैला सकता है क्योंकि इसका जीन अलग है।

मुंबई में दो लोग निगरानी में, बनाया गया विशेष वॉर्ड

- चीन से मुंबई लौटे दो व्यक्तियों के नए किस्म के करॉना वायरस से संक्रमित होने की आशंका
- संदिग्धों को बीएमसी द्वारा संचालित चिंचपोकली के कस्तूरबा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है

मुंबई। चीन से लौटे दो व्यक्तियों के नए किस्म के करॉना वायरस से संक्रमित होने की आशंका के चलते उन्हें चिकित्सकों की निगरानी में एक अस्पताल के अलग वॉर्ड में रखा गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दरअसल चीन में करॉना वायरस से बड़ी संख्या में लोग संक्रमित हैं और इसके चलते कई लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 19 जनवरी से 1,789 यात्रियों की करॉना वायरस संक्रमण की जांच (थर्मल स्क्रीनिंग) हो चुकी है। इन्हीं में से दो यात्री, जो चीन से यहां आए थे, उन्हें बीएमसी द्वारा संचालित चिंचपोकली के कस्तूरबा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

करॉना वायरस के संदिग्धों के लिए बना स्पेशल वॉर्ड

बीएमसी में कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पद्मजा केस्कर ने बताया, 'ऐसे लोगों के निदान और उपचार के लिए एक अलग वॉर्ड बना दिया गया है जिनके करॉना वायरस से संक्रमित होने की आशंका है।' केस्कर ने बताया कि निकाय के स्वास्थ्य अधिकारियों ने चीन से यहां आए दो लोगों को निगरानी में रखा है। उन्हें हल्का जुकाम है और सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण हैं। निगरानी में रखे गए दोनों व्यक्तियों के बारे में और विवरण का इंतजार है। उन्होंने बताया कि मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर नियुक्त डाक्टरों से कहा गया है कि चीन से आने वाले किसी भी यात्री में अगर करॉना वायरस से संक्रमित होने के लक्षण नजर आते हैं तो उन्हें इस वॉर्ड में भेजने को कहा गया है।

दांव-पेंच पटियाला हाउस कोर्ट पहुंचे दोषियों के वकील, बोले- तिहाड़ जेल ने नहीं दिए कागजात

निर्भया: एक और पेच, तिहाड़ पर कोर्ट में दोषी

नई दिल्ली (ए.)। निर्भया गैंगरेप के दोषी खुद को फांसी से बचाने की हरसंभव कोशिश में लगे हैं। दोषियों के वकील ने दोबारा दिल्ली कोर्ट का रुख किया है। वकील एपी सिंह ने पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा है कि तिहाड़ जेल ने अबतक उन्हें कुछ कागजात नहीं दिए हैं, जिसकी वजह से क्यूरेटिव और मर्सी पिटिशन दाखिल करने में देरी हो रही है।

बता दें कि निर्भया के दोषियों को पहले 22 जनवरी को फांसी होनी थी, लेकिन फिर नई तारीख तय करते हुए 1 फरवरी का दिन फाइनल किया गया है। चारों दोषियों को फांसी एक फरवरी को सुबह छह बजे होनी है। अब वकील एपी सिंह ने कहा है कि वह विनय और अक्षय की तरफ से क्यूरेटिव और मर्सी पिटिशन (दया याचिका) दायर करना चाहते हैं, लेकिन तिहाड़ जेल ने उन्हें कागजात नहीं दिए हैं, जिससे देरी हो रही है।

निर्भया का कुल 6 लोगों ने गैंगरेप किया था। इसमें एक राम सिंह की जेल में मौत हो गई थी। अन्य नाबालिग को छोड़ दिया गया था। वहीं अक्षय, पवन, मुकेश और विनय को फांसी होनी है। इसमें से विनय की क्यूरेटिव पिटिशन सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो चुकी है। वहीं मुकेश और क्यूरेटिव और मर्सी पिटिशन दोनों खारिज हो चुकी हैं।

बता दें कि इससे पहले खबर आई थी कि जेल में चारों दोषियों का हाल बुरा है। चारों में से कोई भी अपनी अंतिम इच्छा तक बताने को राजी नहीं है।

जज का हुआ ट्रांसफर

निर्भया सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले के चार दोषियों को फांसी की सजा सुनाने वाले जज का भी तबादला हो गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार अरोड़ा को एक साल के लिए प्रतिनियुक्ति पर अतिरिक्त रजिस्ट्रार के रूप में सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किया गया है। ट्रांसफर से पहले वह निर्भया दुष्कर्म और हत्या का मामला सुन रहे थे। वह निर्भया के माता-पिता की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, ताकि चारों दोषियों को फांसी की सजा देने का निर्देश दिया जा सके।

रामदास आठवले ने किया ऐलान, 'जब तक दोषियों को फांसी नहीं होगी, कुछ नहीं खाऊंगा'

नई दिल्ली। निर्भया के दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर समाजसेवी अन्ना हजारे पिछले 34 दिन से मौन व्रत पर हैं। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने अन्ना हजारे से मुलाकात करने के बाद ऐलान किया कि जब तक निर्भया के दोषियों को फांसी नहीं मिल जाती वह उपवास करेंगे और अन्न को हाथ नहीं लगाएंगे। अन्ना हजारे रालेगण सिद्धि में मौन व्रत कर रहे हैं। अन्ना हजारे से मुलाकात के बाद आठवले ने कहा, 'मैंने रालेगण सिद्धि में आज अन्ना हजारे से मुलाकात की। मैंने यह तय किया है कि जब तक निर्भया के दोषियों को फांसी की सजा नहीं हो जाती, मैं कुछ नहीं खाऊंगा।' बता दें कि तिहाड़ जेल में बंद निर्भया के मुजरिमों को फांसी पर लटकाए जाने का डेथ वॉरंट जारी किया जा चुका है और उन्हें 1 फरवरी को फांसी के फंदे पर लटकाया जाएगा। चारों को फांसी पर लटकाने की नई तारीख 1 फरवरी सुबह 6 बजे तय की गई है। फांसी देने वाले जल्लाद को 30 जनवरी को बुलाया जा रहा है, ताकि इससे पहले वह इन्हें फांसी देने के ट्रायल भी कर सके। अगर इसी बीच मुकेश के अलावा अन्य तीनों (पवन, अक्षय और विनय) में से किसी ने दया याचिका डाल दी तो यह मामला फिर कुछ दिन के लिए आगे बढ़ सकता है।

गुड़गांव: कागज के लिए 4 बजे खटकाए जा रहे दरवाजे, पुलिस बोली- गणतंत्र दिवस की तैयारी

गुड़गांव(ए.)। राजधानी से सटे गुड़गांव में 'कागज' शब्द इन दिनों लोगों को डरा रहा है। गुड़गांव की बस्तियों, कॉलोनियों में जब भी कोई पुलिसवाला कागजात मांगने आता है तो वहां रहनेवाले लोगों के हाथ-पांव फूलने लगते हैं। दरअसल, इन दिनों वहां पुलिसवाले घर-घर जाकर लोगों से फोटो वाला कोई आईडी प्रूफ मांग रहे हैं। पुलिस इसे 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) से पहले हर साल होनेवाली रूटीन चेकिंग बता रही है।

पुलिस का कहना है कि ऐसा अवैध घुसपैठियों की पहचान के लिए किया जा रहा है, लेकिन नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन (एनआरसी) को लेकर जारी हंगामे और प्रदर्शनों के बीच लोगों में दहशत का माहौल है। यह डर खासकर उन लोगों में है जो



मजदूरी, अन्य छोटे-मोटे काम करके शहर में अपना गुजर बसर कर रहे हैं।

अभी नहीं मिला कोई 'घुसपैठिया'

इसबार का अभियान पहले के मुकाबले बड़े पैमाने पर चल रहा है, इसलिए भी लोगों में बेचैनी ज्यादा है। पुलिस का कहना है कि अबतक वे 1,500 लोगों के कागजात चेक कर चुकी है, लेकिन उनमें से कोई अवैध नहीं मिला। पुलिस जांच के बीच कुछ मजदूर गुड़गांव छोड़कर वापस अपने घर जाने को भी मजबूर हैं।

न्यूज गैलरी

ट्रक ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, पत्नी की मौत

रायपुर। मोटरसाइकिल सवार दंपति को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते पत्नी गंभीर रूप से घायल हो जाने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उपचार के दौरान मौत हो जाने पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने मर्ग कायम कर धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम जरौदा विधानसभा निवासी रमेश कश्यप अपनी मोटरसाइकिल से पत्नी चंदा कश्यप 22 वर्ष के साथ दोंदे खुर्द जा रहा था तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने दंपति को अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते रमेश कश्यप को चोट लगी। वहीं पत्नी के गंभीर रूप से घायल हो जाने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

तीन जुआरी गिरफ्तार

रायपुर। जुआ खेलते पाये जाने पर पुलिस ने तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 हजार 650 रुपये जब्त किया है। खम्हारडीह पुलिस ने शक्तिनगर में गुरुवार को जुआ खेलते पाये जाने पर गणेश बघेल 29 वर्ष एवं अन्य दो जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से ताश की 52 पत्ती व 16 सौ 50 रुपये जब्त किया है।

पार्किंग में बाइक पार

रायपुर। तेलीबांधा के पास पार्किंग में खड़ी होंडा मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। राममंदिर रोहिणीपुरम डीडी नगर निवासी विजय शर्मा 32 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 22 जनवरी को प्रार्थी ने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 केई 0339 को भसीन मोटर्स के पार्किंग में खड़ी किया था किसी ने मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया।

तीन कार क्षतिग्रस्त

रायपुर। खमतराई, उरला व डीडी नगर थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से तीन कारों के क्षतिग्रस्त हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। सेक्टर 4 देवेंद्र नगर निवासी पंकज रोहरा ने खमतराई थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि गुरुवार को शाम चार बजे भनपुरी मेन रोड के पास प्रार्थी अपनी मारूति स्वीप्ट कार से जा रहा था तभी तेज रफ्तार से आ रही ट्रक क्रमांक यूपी 90 टी 6362 के चालक ने कार को अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते कार क्षतिग्रस्त हो गई। उरला क्षेत्र में अशोक नगर गुढ़ियारी निवासी मोहन साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि झाबक पेट्रोल पंप के पास सरोरा में ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएन 6125 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए प्रार्थी की इंडिगो कार को जोरदार ठोकर मार दिया।

हर साल की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस समारोह राजधानी रायपुर में पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए पुलिस परेड ग्राउंड को जहां सजाने का काम जारी है। वहीं समारोह के दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा दी जाने वाली परेड की प्रस्तुति के लिए जमकर रिहर्सल कराई जा रही है। गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अब सिर्फ कल का एक ही दिन शेष है। चित्र शुक्रवार को हुई रिहर्सल का।

गणतंत्र दिवसः पुलिस परेड मैदान में पार्किंग व्यवस्था तय

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए पार्किंग व्यवस्था तय कर ली गई है। इसमें आम दर्शकों के अलावा वीआईपी, वीवीआईपी के कार पार्किंग के लिए पृथक-पृथक व्यवस्था की गई है।

लाल कार पासधारी वाहन

जिन वाहनों में लाल रंग का पास होगा वे अपने वाहन से पीडब्ल्यूडी चौक, छग कालेज, कुंदर पैलेस, लोनिवि कालोनी होकर एमटी वर्क्स शॉप गेट होकर वायरलेस आफिस के सामनेसे होकर बालीबाल ग्राउंड और आफिसर्स मेस के पास वाहन पार्क करेंगे।

हरा पासधारी वाहन

जिन वाहनों में हरे रंग का पास होगा वे अपने वाहनों को सेंट पॉल स्कूल के मैदान में रख सकते हैं। छत्तीसगढ़ कालेज की ओर से आने वाले वाहनों का प्रवेश कुंदर पैलेस टर्निंग के पास से होगा एवं महिला थाना की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग सेंट पॉल स्कूल के मुख्य द्वार से होगा।

स्कूल बसों की पार्किंग

परेड मैदान में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं अन्य संस्थानों के प्रतिभागियों को लेकर आने वाले बसों का प्रवेश पुलिस लाइन के पिछले गेट से होगा, छात्रों को उतारकर ये बसें बूढ़ातालाब परिक्रमा पथ पर एक लाइन से किनारे पार्किंग होगी। छात्र-छात्राएं व अन्य लोग पुलिस लाईन धमतरी गेट से पैदल परेड ग्राउंड में प्रवेश करेंगे।

अन्य वाहनों की पार्किंग

सिद्धार्थ चौक, पुरानीबस्ती की ओर से आने वाले बिना पासधाी वाहन जिनके पास किसी तरह का पास नहीं होगा। वे अपने वाहन को पुलिस लाईन पिछला गेट के पास से बूढ़ातालाब परिक्रमा पथ पर एक लाइन से किनारे पार्क कर सकेंगे और पैदल पुलिस परेड ग्राउंड में प्रवेश करेंगे। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी चौक की ओर से आने वाले बिना पासधारी वाहन सेंट पॉल स्कूल के मैदान में वाहन पार्क कर सकते हैं और पैदल मैदान में प्रवेश कर सकते हैं।

पुलिस परेड मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम फाइनल रिहर्सल करते स्कूली छात्र-छात्राएं

मीडिया की वाहनें हैलीपेड के बगल में होगी पार्क

गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को कव्हरेज करने आने वाले मीडिया के ओबी वैन पुलिस लाईन के धमतरी गेट से प्रवेश करेगी और हैलीपेड के किनारे पार्क होगी। परेड ग्राउंड के चारों ओर वीआईपी मार्ग को छोड़कर अन्य मार्गों में पार्किंग निषेध होगी।

सिद्धार्थ चौक-कालीबाड़ी मार्ग सुबह 7 बजे से बंद

समारोह के मुख्य आयोजन को देखते हुए सुबह 7 बजे से धमतरी, राजिम की ओर से तथा कालीबाड़ी चौक की ओर से आने वाले बड़े और भारी वाहनों का प्रवेश सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से लेकर कालीबाड़ी चौक तक सुबह 7 बजे से प्रतिबंधित रहेगा जो कार्यक्रम समाप्ति और भीड़ छंटते तक जारी रहेगा।

यातायात-डायवर्सन

पेंशनबाड़ा चौक से पुलिस लाइन की ओर सभी प्रकार के वाहनों को आना, पीडब्ल्यूडी चौक एवं महिला थाना चौक से पुलिस लाइन की ओर बिना पासधारी वाहन एवं स्कूल ब सों का आना, सिद्धार्थ चौक से कालीबाड़ी चौक की ओर राजिम मार्ग के बस, डीजल, पेट्राल, सब्जी वाहन एवं अन्य सभी प्रकार के छोटे माल वाहन का आना, खजाना चैक से कालीबाड़ी की ओर बस आना, मार्ग से आवागमन करने वाले बस स्टैण्ड के केनाल लिकिंग रोड होकर तेलीबांधा रिंग रोड नंबर 1 होकर आवागमन कर सकते हैं।

स्कूल एवं कालेजों में तैयारियां अंतिम चरण में

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय अशासकीय संस्थानों में गणतंत्र दिवस की 71वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्कूल कॉलेजों सहित अनेक स्वयंसेवी संगठनों ने विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया है। स्कूल एवं कॉलेजों में सुबह देशभक्ति पूर्ण गीत, नृत्य एवं नाटकों का आयोजन किया गया है। वहीं स्वयंसेवी संगठनों ने स्वतंत्र संग्राम सेनानियों द्वारा देश के लिए दी गई कुर्बानी का स्मरण करते हुए अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है। शहर के कलेक्टोरेट मरीन ड्राइव, कटोरातालाब, अनुपम उद्यान आदि में देशभक्तिपूर्ण गीतों का आयोजन कलाकारों द्वारा किया गया है। वहीं नगर निगम रायपुर के उद्यान में स्थानीय कलाकारों द्वारा शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत नृत्य एवं गीतों का आयोजन उपस्थितजनों के मध्य प्रस्तुत किया जाएगा।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल जीवन ज्योति में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पुरानी बस्ती स्थित बाल जीवन ज्योति में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती इंदिरा जैन, सदस्य-बाल आयोग एवं संयुक्त सचिव छ.ग. राज्य बाल कल्याण परिषद, विशिष्ट अतिथी- श्यामा द्विवेदी सदस्य- बाल आयोग एवं जी.एन.अग्रवाल जी सहित बाल जीवन ज्योति का स्टाफ मौजुद था। बच्चों को नींबू दौड प्रतियोगिता,कुर्सी दौड कराई गई, उसके बाद बच्चों नृत्य एवं गायन की मोहक प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर आयोग के सदस्यों द्वारा बच्चों को चाकलेट, बिस्कीट,टाफी एवं मिठाई दी गयी एवं राष्ट्रीय बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। बाल जीवन ज्योति कि अधीक्षक संगीता गग्गी ने आभार व्यक्त किया।

गणतंत्र दिवस पर चार बच्चे राज्य वीरता पुरस्कार से नवाजे जाएंगे

रायपुर (आरएनएस)। प्रेस क्लब रायपुर ने आज यहां इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह में राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित होने वाले 4 बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि इन बच्चों को परसों 26 जनवरी को राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में राज्य शासन द्वारा वीरत पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इसके पहले प्रेस क्लब परिवार रायपुर द्वारा आज सम्मानित इन बच्चों में कुमारी अंशिका साहू नहरपारा सम्बलपुर जिला धमतरी, कुमारी अन्नया सिंह चौहान बंजारी रोड रायपुर, राहुल पटेल ग्राम चौबे बांधा तहसील राजिम विकासखण्ड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद एवं प्रमोद बारीक भटली पोस्ट लूकापारा थाना सरिया जिला रायगढ़ शामिल हैं।

■ दो बच्चे राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार प्राप्त करेंगे दिल्ली में

प्रेस क्लब अध्यक्ष दामू आम्बेडारे और कार्यकारिणी सदस्य जावेद खान ने इन बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके यशस्वी जीवन की कामना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के संयोजक राजेन्द्र निगम एवं श्रीमती इंदिरा जैन ने पत्रकारवार्ता में इन बच्चों का परिचय दिया। साथ ही बच्चों ने स्वयं अपने वीरतापूर्ण कार्यों की जानकारी दी।

तैयारियां व्यावसायिक सह पार्किंग परिसर को पूरा करने में तेजी से जुटी रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम

जवाहर बाजार बसेगा फरवरी से

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर के हृदय स्थल में आजादी के पहले से बसे जवाहर बाजार के नव निर्माण का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के अंतर्गत ग्राउंड फ्लोर में 75 दुकानों का निर्माण अंतिम चरण में है और फरवरी माहांत तक विस्थापित दुकानों को यहां बसाने की योजना है।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के जी.एम. (तकनीकी) श्री एस.के. सुंदरानी के अनुसार जवाहर बाजार पार्किंग से कमर्शियल कॉम्प्लेक्स को साकार रूप देने कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। ग्राउंड फ्लोर पर 75 दुकानों के अलावा पार्किंग व्यवस्था के तहत दो बेसमेंट भी निर्माणाधीन है, जहां लगभग 150 वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। प्रथम तल पर 72 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है, वहीं दूसरे एवं तीसरे फ्लोर पर पृथक-पृथक 8 दुकानों की व्यवस्था की जा रही है। द्वितीय एवं तृतीय तल का उपयोग बैंकिंग प्रतिष्ठान एवं कार्यालयों के लिए हो सकेगा सभी फ्लोर पर प्रसाधन की पृथक से व्यवस्था होगी।

लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से 34 हजार वर्ग फीट पर यह निर्माण कार्य किया जा रहा है।

आजादी के पहले फिलिप बाजार के नाम से जवाहर बाजार संचालित था। यहां व्यवसायी किराएदार के रूप में अपनी दुकानों का संचालन करते आ रहे थे। जवाहर बाजार के कायाकल्प के बाद इन व्यवसायियों को अपने दुकानों पर मालिकाना हक प्राप्त होगा। फरवरी अंत तक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ग्राउंड फ्लोर के दुकानों को पूर्ण कर व्यवसायियों को बसाने की कार्यवाही शुरु कर देगा।

ढाई लाख कीमत की कफ सिरप के साथ 5 गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी पुलिस ने एक दवा कारोबारी सहित पांच लोगों को भारी मात्रा में अवैध रूप से कफ सिरप की तस्करी करने के मामले में पकड़ा है। जब्त सिरप की कीमत ढाई लाख रूपये आंकी गयी है।

पुलिस अधिकारियों ने आज इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि शहर के गंज थाना पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली कि तेलघानी नाका चौक ओवरब्रिज के नीचे अर्टिगा वाहन में कुछ नशीली दवाएं तस्करी की जा रही है। पुलिस ने जब घेराबंदी कर वाहन की तलाशी ली तो उसमें से 720 नग प्लास्टिक शीशी प्रत्येक में 100 एमएल भरा हुआ कफ सिरप था जिसमें कोडीन क्लोरफेनिरमाइन लिखा हुआ सील बंद जब्त किया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि जब्त कफसिरप दवा राजपत्र प्रतिबंधित प्रकाशन मादक मनो उत्तेजनक औषधि की पहचान कर आरोपी नितेश विरानी 37 वर्ष निवासी जांजगीर-चांपा एवं मनोज नामदेव 32 वर्ष निवासी जांजगीर-चांपा से दवा के संबंध में दस्तावेज मांगे पर आरोपियों द्वारा किसी भी प्रकार के वैधानिक दस्तावेज पेश नही किए गए। आरोपी कफ सिरप को उत्तरप्रदेश से ट्रांसपोर्ट कर रायपुर के रास्ते जांजगीर-चांपा की ओर ले जा रहे थे। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने डूमरतराई व तेलघानी नाका स्थित मेडिकल एजेंसियो में छापेमार कार्यवाही

कर कुल 1800 नग प्लास्टिक सीसी ऑनरेक्स कफ सिरप जिसकी कीमत ढाई लाख रुपए जब्त किया गया और आरोपी नितेश वीरानी, मनोज नामदेव के अलावा अमित गुरबक्षाणि, धीरज माधवानी, अनिल कामनानी को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों में अनिल कामनानी का तेलघानी नाका रायपुर में प्रेमप्रकाश मेडिकल एजेंसी है, वहीं धीरज हिन्दकुश कंपनी का कर्मचारी जो एरिया सेल्समेन का काम करता है।

धीरज ने बताया कि कफ सिरफ को उत्तरप्रदेश के ईमर कंपनी से ट्रांसपोर्ट के जरिए मंगाया था एवं उसने अनिल और नितेश एवं अशोका सेल्स के प्रोपाईटर अमित को सप्लाई किया था। पुलिस सभी के खिलाफ धारा 21(ख)एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई।

संपादकीय

दिल्ली का दंगल जीतने की कवायद

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दिल्ली का दंगल जीतने के लिए इन तीनों ही दालों के योद्धा जोर आजमाईश कर रहे है। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप के तीर भी जमकर चलाए जा रहे है। दिल्ली के शाहीन बाग में नागरिकता संशोधन कानून को लेकर पिछले डेढ़ माह से चल रहे आंदोलन को लेकर भी राजनीति शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि वे शाहीन बाग के माध्यम से अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे है। इस बारे में भाजपा प्रवक्ता संदीप पात्रा ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी के इशारे पर ही यह आंदोलन परवान चढ़ रहा है। केजरीवाल और राहुल दो जुड़वा भाईयों ने एक दुसरे का हाथ पकड़कर पूर्व में सरकार बनाई थी जो कुंभ के मेले में अलग हो गए थे अब वे फिर शाहीन बाग में मिल गए है। इधर आम आदमी पार्टी ने शाहीन बाग आंदोलन के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस भी इसके लिए मोदी सरकार को ही दोषी करार दे रही है। कुल मिलाकर शाहीन बाग आंदोलन की आग पर सभा राजनीतिक दल अपनी राजनीतिक रोटीयां सेकने की कोशिश कर रहे है। मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनावी घोषणा पत्र में तरह तरह के प्रलोभन परोसे जा रहे है। आम आदमी पार्टी ने तो लगभग हर चीज मुफ्त करने की घोषणा कर रखी है। जनहित से जुड़े मुद्दों की कोई बात नहीं कर रहा है। राजधानी नई दिल्ली के लोग सब से ज्यादा प्रदुषण के शिकार है, ठंड का मौसम आते ही वे अपने घरों में कैद हो जाते है। पूरी दिल्ली गैस चैंबर के रूप में तब्दील हो जाती है। लोगों का सांस लेना तक दुभर हो जाता है और पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन न मिलने के कारण लागों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। किन्तु किसी भी राजनीतिक दल ने दिल्ली के प्रदुषण को चुनावी मुद्दा नहीं बनाया है। इसी तरह नई दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित मानी जाती है। लेकिन इस मामले में भी किसी भी राजनीतिक पार्टी ने महिलओं की सुरक्षा की गारंटी देना उचित नहीं समझा है। बहरहाल देखना होगा कि इस बार दिल्ली के बाशिंदे किसी पार्टी का समर्थन करते है।

विचार

देश की चाबी अदालत के हाथ

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

नागरिकता संशोधन विधेयक के बारे में सर्वोच्च न्यायालय ने जो राय अभी दी है, उससे देश के गैर-भाजपाई राज्य नाखुश होंगे और वे सब लोग भी, जो इस कानून के विरुद्ध सारे देश में प्रदर्शन आदि कर रहे हैं। कई राज्यों ने तो नागरिकता रजिस्टर और उक्त कानून को लागू करने से मना कर दिया है। कई विधानसभाएं इस कानून के खिलाफ प्रस्ताव भी पारित कर रही हैं। ऐसी स्थिति में सब सोचते थे कि सर्वोच्च न्यायालय इस मामले पर तुरंत फैसला देगा और देश में फैला तनाव खत्म हो जाएगा लेकिन अदालत भी क्या करती ? उसके पास इस कानून के विरुद्ध 144 याचिकाएं आ गई हैं। उसके लिए यह जरुरी था कि वह सरकार के तर्क भी सुनती। बिना सरकारी जवाब को सुने वह फैसला करती तो वह भी ठीक नहीं होता। उसने अब सरकार को एक माह का समय दे दिया है। हो सकता है कि एक माह के बाद भी इस मामले पर लंबी बहस चले। इतने वक्त में हजारों शरणार्थियों को सरकार शरण दे देगी। उन्हें शरण देने से भाजपा सरकार को यह फायदा है कि वे भाजपा के आजीवन भक्त बन जाएंगे। लेकिन अदालत ने यह भी कहा है कि जरुरत पड़ने पर सरकार द्वारा दी गई नागरिकता को अवैध भी घोषित किया जा सकता है। इसी प्रकार अदालत ने त्रिपुरा और असम के अवैध नागरिकों की सुनवाई भी अलग से करने का निर्णय किया है। नागरिकता संबंधी सभी मामालों की सुनवाई के लिए उसने 5 जजों की एक संवैधानिक पीठ बनाने की भी घोषणा की है। आशा करनी चाहिए कि एक-डेढ़ माह में अदालत इस मामले में अपना अंतिम फैसला दे देगी। यदि उसका फैसला इस कानून के विरुद्ध आ गया तो सरकार की इज्जत भी बच जाएगी और आंदोलनकारी भी चुप हो जाएंगे। यदि अदालत ने इस कानून को सही ठहरा दिया तो सरकार का पक्ष भारी जरुर हो जाएगा। लेकिन देश में कोहराम भी मच सकता है। देश की युवा-शक्ति बगावत की मुद्रा धारण कर सकती है। वह ऐसे कई नए मुद्दे इजाद कर सकती है, जो सरकार का चलना भी मुश्किल कर सकते हैं। अहिंसक आंदोलन हिंसक रुप भी धारण कर सकता है। अब अदालत के हाथ में है, यह देखना कि देश में शांति और व्यवस्था भंग न हो ताकि आसन्न आर्थिक संकट का यह सरकार मुकाबला कर सके।

टेक ज्ञान

हर दिन 3 जीबी डेटा देने वाले रिचार्ज प्लान

नई दिल्ली। मोबाइल के रिचार्ज प्लान महंगे होने के बाद टेलिकॉम कंपनियां आकर्षक ऑफर्स से ग्राहकों को लुभाने में जुटी हैं। जिन ग्राहकों की डेटा जरूरतें ज्यादा हैं, कंपनियां उनके लिए खास प्लान लाई हैं। वोडाफोन-आइडिया भी ज्यादा डेटा ऑफर करने वाले 2 नए प्लान लेकर आई है। वोडाफोन के इन प्लान्स में हर दिन 3जीबी डेटा दिया जा रहा है। डेटा के अलावा प्लान में कई दूसरे फायदे मिल रहे हैं। एयरटेल और रिलायंस जियो के पास पहले से हर दिन 3 जीबी डेटा देने वाले प्लान हैं।

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर विशेष लेख, छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल

1.62 करोड़ देशी-विदेशी शैलानियों ने उठाया लुफ्त

ए.बी. काशी
सहायक संचालक

> छत्तीसगढ़ सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पथ में आने वाले स्थलों में से 8 स्थलों-सीतामढ़ी-हरचौका, रामगढ़, शिवरीनारायण, तुरतुरिया, चन्दखुरी, राजिम, सिहावा और जगदलपुर को चिन्हित कर पर्यटन परिपथ के रूप में विकसित करने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय की ''स्वदेश दर्शन योजना'' के तहत कुरदर जिला बिलासपुर में 'ट्रायबल टूरिज्म सर्किट' में निर्मित इको टूरिस्ट रिसॉर्ट का संचालन प्रारंभ हो गया है। स्वदेश दर्शन योजना के तहत महेशपुर एवं नाथिया नवागांव में वे साइट एमेनिटी तथा सरोधादादर में एथनिक टूरिस्ट विलेज और कोण्डागांव में एथनिक टूरिस्ट रिसॉर्ट का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

प्राकृतिक संपदाओं से भरपूर आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध राज्य है। यहां की सुरम्यवादियां पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा प्रदेश के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक, औद्योगिक, अभ्यारण्य, वन्यप्राणी, जलाशय आदि महत्व के 128 पर्यटन स्थलों को चिन्हित किया गया है। पर्यटन मंडल द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी से दिसम्बर 2019 में एक करोड़ 62 लाख 64 हजार 805 पर्यटकों ने छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों को लुफ्त उठाया है। इनमें 6658 विदेशी पर्यटक और एक करोड़ 62 हजार 58 लाख 147 देशी (घरेलू) पर्यटक शामिल है। देश की अर्थव्यवस्था के लिए पर्यटन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ में पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए पयर्टन के विकास को गति प्रदान करने के लिए नवीन पर्यटन नीति तैयार की जा रही है। इससे निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही ग्रामीण पर्यटन एवं होम स्टे को बढ़ावा देने के लिए योजना तैयार की जा रही है। पर्यटन के क्षेत्र में गाइड सेवा प्रदान करने के लिए स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण देने की योजना भी तैयार की जा रही है।

छत्तीसगढ़ सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पथ में आने वाले स्थलों में से 8 स्थलों-सीतामढ़ी-हरचौका, रामगढ़, शिवरीनारायण, तुरतुरिया, चन्दखुरी, राजिम, सिहावा और जगदलपुर को चिन्हित कर पर्यटन परिपथ के रूप में विकसित करने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय की ''स्वदेश दर्शन योजना'' के तहत कुरदर जिला बिलासपुर में 'ट्रायबल टूरिज्म सर्किट' में निर्मित इको टूरिस्ट रिसॉर्ट का संचालन प्रारंभ हो गया है। स्वदेश दर्शन योजना के तहत

> छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा बिलासपुर संभाग में 40, रायपुर संभाग में 35, दुर्ग संभाग में 23, सरगुजा संभाग में 17 और बस्तर संभाग में 13 पर्यटन स्थल चिन्हित किया गया है। चिन्हित पर्यटन स्थलों में मुख्य रूप से चम्पारण में महाप्रभु वल्लभाचार्य की जन्मस्थली एवं चम्पकेश्वर महादेव मंदिर, चन्दखुरी में प्राचीन शिव मंदिर, बारनवापारा में वन्यप्राणी, तुरतुरिया में लवकुश की जन्मस्थली एवं बौद्ध विहार, गरियाबंद के ऋषिझरन में झरना, प्राकृतिक स्थल एवं वनाच्छादित क्षेत्र, बावनकेरा में हजरत जाकिरशाह कादरी रहमतुल्लाह अलैह दरगाह और सिहावा में कर्णेश्वर मंदिर, पवित्र जलकुण्ड, सरोवर एवं गुफा शामिल है।

महेशपुर एवं नाथिया नवागांव में वे साइट एमेनिटी तथा सरोधादादर में एथनिक टूरिस्ट विलेज और कोण्डागांव में एथनिक टूरिस्ट रिसॉर्ट का निर्माण पूर्ण हो चुका है। भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय की ''प्रसाद योजना'' के तहत केन्द्रीय वित्तीय सहायता के लिए डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर धार्मिक पर्यटन स्थल के लिए 62 करोड़ 75 लाख रूपये का प्रस्ताव भेजा गया है। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा बिलासपुर संभाग में 40, रायपुर संभाग में 35, दुर्ग संभाग में 23, सरगुजा संभाग में 17 और बस्तर संभाग में 13 पर्यटन स्थल चिन्हित किया गया है। चिन्हित पर्यटन स्थलों में मुख्य रूप से चम्पारण में महाप्रभु वल्लभाचार्य की जन्मस्थली एवं चम्पकेश्वर महादेव मंदिर, चन्दखुरी में प्राचीन शिव मंदिर, बारनवापारा में वन्यप्राणी, तुरतुरिया में लवकुश की जन्मस्थली एवं बौद्ध विहार, गरियाबंद के ऋषिझरन में झरना, प्राकृतिक स्थल एवं वनाच्छादित क्षेत्र, बावनकेरा में हजरत जाकिरशाह कादरी रहमतुल्लाह अलैह दरगाह और सिहावा में कर्णेश्वर मंदिर, पवित्र जलकुण्ड, सरोवर एवं गुफा शामिल है।

छत्तीसगढ़ के मुख्य दर्शनीय स्थलों में गंगरेल और मॉडमसिल्ली जलाशय में जलक्रीड़ा, भिलाई में इस्पात कारखाना एवं मैत्रीबाग, पाटन में आग तालाब (तालाबों की नगरी), साकरदाहरा में टापू पर स्थित सतबहनियां मंदिर, एनीकट, मोंगरा बराज, जलदहरा, खुखा बराज एवं मोछधाम, भोरमदेव में भोरमदेव मंदिर, मडवा महल, छेरकी महल, जगदलपुर में दंतेश्वरी मंदिर, राजमहल, दलपतसागर एवं संग्रहालय, कांगेरघाटी में जलप्रपात एवं गुफाएं, कोण्डागांव में शिल्पग्राम, भोंगापाल में बौद्ध विहार, अबूझमाड़ में पाषाणयुगीन अवशेष, छोटेडोंगर में प्राचीन मंदिर के भग्नावशेष, बैलाडीला में लौह अयस्क की खानें, बारसूर में मामा-भांजा मंदिर, बत्तीस मंदिर एवं संग्रहालय, तालागांव में देवरानी-जेठानी मंदिर एवं रूद्र शिव प्रतिमा, लुतरा शरीफ में हजरत बाबा सैयद इंसान अली की दरगाह शामिल है। छत्तीसगढ़ के अभ्यारण्य, वन्यजीव, जलाशय और औद्योगिक पर्यटन स्थलों में मुख्य रूप से कोटमीसोनार में मगरमच्छ सरंक्षण पार्क, कोरबा में सुपर थर्मल पावर संयंत्र, हसदेव-बांगों में बांध दृश्य, रामगढ़ के सीताबेंगा (नाट्यशाला), जोगीगुफा, हाथीपोल एवं सीताकुण्ड, मैनपाट में हिल स्टेशन एवं बौद्ध मंदिर, डीपाडीह में प्राचीन मंदिरों का समूह, तातापानी में गरम पानी का स्त्रोत, सेमरसोत, गोमरड़ा, बादलखोल और तमोर पिंगला में वन्यप्राणी पर्यटकों को बेहद आकर्षित करते हैं। छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल सिरपुर का भ्रमण कराने के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा 24 नवम्बर 2019 से पैकेज टूर प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ की जलवायु पर्यटकों के लिए बेहद अनुकूल है।

सीएए और एनआरसी पर मध्यप्रदेश दो फाड़

दिग्विजय सिंह का गृहजिला बना विवाद का केन्द्र

एल एस हरदेनिया

> सीएम को इसे समझना चाहिए। राजगढ़ जिले की हिंसक घटना के अलावा, एक और दिलचस्प प्रकरण पास के देवास जिले में हुआ। इस घटना में सांसद जीतू पटवारी सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी शामिल थे। प्रोटोकॉल के सवाल पर दोनों आपस में भिड़ गए। मुद्दा यह था कि किस कुर्सी पर बैठना चाहिए। दोनों जिला मुख्यालय पर एक बैठक में भाग ले रहे थे।

शेष भारत के साथ, सीएए और एनआरसी मध्य प्रदेश में तनाव और संघर्ष का कारण बन रहे हैं। हालांकि, दिग्विजय सिंह के गृह जिले राजगढ़ ने राज्य के राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में खलबली मचा दी है। प्रकरण का दिलचस्प हिस्सा कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर और प्रदर्शनकारियों के बीच सीधा टकराव था। दोनों अधिकारी महिलाएं थीं। जहां भाजपा ने महिला कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, वहीं दिग्विजय सिंह सहित कांग्रेस नेताओं ने अधिकारियों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की निंदा की।

भाजपा ने भगवा कार्यकर्ताओं को थप्पड़ मारने, पिटाई करने और लात मारने के आरोप में जिला कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। भाजपा ने कहा कि पूर्व सीएम शिवराज सिंह चैहान और प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह सहित पार्टी के शीर्ष नेता शिकायत दर्ज कराने के लिए 22 जनवरी को राजगढ़ पहुंचे। पूर्व मंत्री और विधायक विश्वास सारंग के नेतृत्व में एक भाजपा प्रतिनिधिमंडल स्थिति का जायजा लेने के लिए राजगढ़ पहुंचा। बीजेपी ने आरोप लगाया कि पूरी घटना पूर्व नियोजित और स्क्रिप्टेड थी। भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन नहीं कर रहे थे लेकिन स्थानीय मंदिर में शांति से बैठे थे जब उन्हें अधिकारियों द्वारा खींच लिया गया और उनके साथ मारपीट की गई। पार्टी ने राज्य मानवाधिकार आयोग से शिकायत दर्ज कर न्याय की मांग की है। राज्य कांग्रेस ने महिला कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं के कथित दुर्व्यवहार पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

दिग्विजय सिंह ने कहाए ÷मध्य प्रदेश के राजगढ़ में बीजेपी के आपराधिक व्यवहार का खुलासा हुआ है। महिला जिला कलेक्टर और महिला डिप्टी कलेक्टर को बालों से खींचकर पीटा गया। हमें महिला अधिकारियों पर गर्व है। कानून मंत्री पीसी शर्मा ने दावा किया कि महिला के साथ दुर्व्यवहार भाजपा-आरएसएस की संस्कृति का हिस्सा है।

÷राजगढ़ में धारा 144 लगाई गई थी। अगर बीजेपी को विरोध प्रदर्शन करना था तो अनुमति लेनी चाहिए थी। भाजपा कार्यकाल में भी महिला कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर में काम कर रहे थे। लेकिन तब ऐसी कोई घटना नहीं हुई, ÷शर्मा ने तर्क दिया। इस बीच, पुलिस ने 500 प्रदर्शनकारियों में से 124 की पहचान की और धारा 144 का उल्लंघन करने के लिए 12 लोगों को गिरफ्तार किया। ÷पांच महिलाओं सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पहचान किए गए 124 लोगों में से अन्य लोगों की तलाश चल रही है और हम वीडियो प्रदर्शन के माध्यम से अन्य प्रदर्शनकारियों की पहचान करने की भी कोशिश कर रहे हैं, ÷राजगढ़ एसपी प्रदीप शर्मा ने मीडियाकर्मियों को बताया। उन्होंने कहा, ''अधिकारियों के बयान के अनुसार, लगभग 500 लोगों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया था। एक बार जब हम वीडियो फुटेज को खंगालेंगे तो नंबर स्पष्ट होंगे।'' ÷इसके अलावा, हमने एक महिला अधिकारी की शिकायत पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है जिसने आरोप लगाया था कि उसके साथ मारपीट की गई थी। दो अभियुक्तों में से एक, राजगढ़ निवासी भूपेंदर राजपूत को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। शर्मा ने कहा कि हमने एक दिन के लिए आरोपियों की रिमांड मांगी। उन्होंने कहा, ''हमारे पास अन्य आरोपियों की तस्वीरें हैं लेकिन उनकी पहचान नहीं की जा सकी है।'' इस बीच, स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस को एक शिकायत सौंपकर जिला कलेक्टर निधि निवेदिता के खिलाफ मामला दर्ज करने का आग्रह किया। रविवार को निषेधात्मक आदेशों के बावजूद, पूर्व विधायकों अमर सिंह यादव, मोहन शर्मा और भाजपा के जिला अध्यक्ष दिलबर सिंह यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बियोरा शहर में सीएए के समर्थन में 'तिरंगा यात्रा' निकाली। स्थिति तब बदसूरत हो गई जब जिला कलेक्टर और एक अन्य महिला अधिकारी को स्थिति पर नियंत्रण करना पड़ा। वे शांत हो गए और यह आरोप लगाया गया कि उन्होंने प्रदर्शनकारियों को थप्पड़ मारा। बाद में अधिकारियों ने शिकायत और मामले दर्ज किए, जिस पर दो अलग-अलग एफआईआर में एक महिला अधिकारी की शिकायत पर एक धारा 354 (छेड़छाड़) के तहत दर्ज की गई, जिसमें उसके साथ मारपीट की गई थी। दूसरी एफआईआर धारा 144 के उल्लंघन के लिए थी। इस बीच राजगढ़ घटना के लिए राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि जिस तरह से भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जिला अधिकारियों द्वारा व्यवहार किया गया वह कमलनाथ सरकार के अमानवीय चेहरे को दर्शाता है। पटेल ने कहा, ÷राजगढ़ की घटना निंदनीय है। वीडियो में स्पष्ट रूप से उन लोगों को दिखाया गया है जो भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले में शामिल थे और जो उन्हें पीट रहे थे। यदि अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो यह शर्म की बात होगी। **(संवाद)**

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अरे ओ ! चाँद

अरे ओ ! चाँद जमीं पे लाने की दुहाई देने वाले उड़ मत हवाओं में, नजर कदमों में भी गिरा ले इक रंगी न कर चमन अपना, घोंट न रंगों के गले देखना है मजा रंगत का तुझे तो सभी रंग मिला ले।

- शब्द मसीहा केदारनाथ

दो पल की है ज़िंदगी

दो पल की है ज़िंदगी मिट्टी में मिल जाना है मांस बचे न बचे हड्डी बस राख हो जाना है कुछ यतन न कर सकोगे जब बुलावा आयेगा न तेरा न मेरा साथी सब यहीं पड़ा रह जायेगा किस बात का तू करता गुरूर अहं की भावना होगी चूर- चूर छोड़ दो सब मोह माया बस ईश्वर का लगा सुरूर ।

- दीपमाला पाण्डेय

खास पाती | जो आईना दिखाऊं, तुम्हें मैं तुम्हारा.

जो आईना दिखाऊँ, तुम्हें मैं तुम्हारा... डरते नहीं हो तुम!! मेरे हमशक्ल लगते हो तुम मुझको, चलो अब दोस्ती कर लें एक दूजे से, कि मेरे ख़यालों से, वाकिफ़ लगते हो तुम!! ये हुनर सीखा कहाँ... मुझ जैसा... जो मुझ जैसे हो, आओ दोस्ती कर लें, कि हथेली पर मेरी, बनी कोई लकीर लगते हो तुम!! ना भाई हो मेरे...ना नकचड़ी बहन मेरी, फिर भी आदतें कुछ-कुछ मुझसी हैं, मेरी माँ के साये में, पले लगते हो तुम!!

- शिल्पी अग्रवाल

आधुनिकता की ओट में बेटे पिता के साथ

आधुनिकता की ओट में बेटे पिता के साथ पी रहे है सिगरेट और दारू , माताओं ने छोड़ दिया है अपने बच्चे को पिलाना दूध और लड़कियाँ बन रही हैं कुँआरी माँ .. आधुनिकता की ओट में गुरू-शिष्य के रिश्ते बन रहे हैं मटुकनाथ-जूली जैसे फलफूल रहे हैं लिव-इन-रिलेशनशीप और दोस्ती के नाम पर हो रही है ठगी.. आधुनिकता की ओट में टूट रहे हैं संयुक्त परिवार व्यस्तता के कारण हॉस्टलो में पढ़ रहे हैं बच्चे और भूनाए जा रहे हैं एफ़डी. के मैच्यूरिटी अमाउंट की तरह बूढ़े माँ-बाप।

- आरती कुमारी

है सहज प्यार करना मुश्किल बरकरार रखना...

है सहज मन में किसी के लिए प्यार रखना। फिर जटिल सम्मुख चाहत-ए-इज़हार रखना। प्यार बरकरार रखें ,है वही साथ सच्चा। मुश्किल है प्यार को सदा बरकरार रखना।

- डॉ प्रतिभा गर्ग

आपकी मेमोरी ले गया कौन ?

आपकी मेमोरी ले गया कौन ? आज तकनीक के ज़माने में हम अपने दिमाग़ की मेमोरी का इस्तेमाल करने की जग़ह कंम्प्यूटर और मोबाइल की मेमोरी पर निर्भर रहने लगे हैं, जबकि हमारा दिमाग इतना बड़ा है कि उसमें 250 करोड़ मेगाबाइट मेमोरी को सहेजा जा सकता हैं। कंम्प्यूटर और मोबाइल की मेमोरी का ख़तरा इतना बड़ा है कि यह हमारे दिमाग की स्मृति क्षमता को ही नष्ट करने लगी है। ???

- गौरी पटल

घर की शोभा बेटियां दो दो कुल की लाज

घर की शोभा बेटियाँ,दो दो कुल की लाज ! सबको होना चाहिए , इसी बात पर नाज !! छोड़ रही हर क्षेत्र में , आज बेटियां छाप ! कहने वाले क्यूं कहें, कन्या को अभिशाप !! क्यों ना उन्नत शीश हो, क्यों ना होवे नाम ! कर जायें जब बेटियाँ,ज.बेटों वाले काम !! उत्तरदायी कौन है, ...किसकी है ये भूल। सिमटी हैं कलियाँ अगर, खिले नहीं हैं फूल।।

- रमेश शर्मा.

गजब का अंदाज तुम्हारी बातो में

गजब का अंदाज है आजकल तुम्हारी बातो में ये किसका नूर ठहर गया है तुम्हारी आंखों में जरा स फासला रखिए जानिब हमें डर लगता है सुना है ऐसे ही दिल चुराते हैं लोग मुलाक़ातों में।

-पावनी दिक्षित जानिभ

उड़ाकर फिक्र जीवन की

उड़ाकर फिक्र जीवन की, सदा हूँ मुस्कुराता मैं। मिले जिससे जहाँ खुशियाँ,वहीं वह गीत गाता मैं। न जग से है कोई शिकवा,न ही कोई शिकायत है चला जाता हूँ निज धुन में,खुदी को आजमाता मैं। **अमित कुमार दुबे**

लघु कथा- इंटरव्यू

आज कॉलेज में एक कंपनी आने वाली है। हफ्ते भर पहले से ही बहुत जोर ङ्क शोर से तैयारियां हो रही थी। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने तो पूरे कॉलेज में ये ऐलान करा दिया था कि हर एक विद्यार्थी को इसमें भाग लेना है। पढ़ने के लिए बहुत सारे विकल्प और नोट्स दिए गए थे, और आज वो दिन आ ही गया जब हमारी कक्षा के हर विद्यार्थी को अपना परिचय देने जाना है। मैं अपने घर में बैठ के आराम से निश्चिन्त होकर अपनी ही धुन में थी तभी मेरा फ़ोन बजता है। मन नहीं था फिर भी मैंने उसमे देखा की अरे! यह तो मेरी घनिष्ठ मित्र का नंबर है। उत्सुकतावश मैंने बोला, हेलो, कैसे याद किया ? उसने बड़े ही अच्छे भाव से कहा, कहाँ है तू? इंटरव्यू नहीं देना क्या? मैंने बड़े मुस्कुराते हुए कहा नहीं मुझे इस कंपनी में नहीं जाना। तब वह निराश सी हुई और बोली, अच्छा चल तो अब तू मेरी सहायता करा दे। मैंने बड़ी ही सन्तावना देते हुए कहा- हाँ क्यों नहीं, आखिर मैं तेरे लेया इतना तो कर ही सकती हूँ। उसके बाद समय ऐसे ही काट गया और अब दोपहर के तीन बजने को थे। वो बार बार मुझे फ़ोन करती बताती की वो कितना डरी हुई है। मई उसे समझाती की बेफ़िक्र रह सब अच्छा होगा। अब उसका फिर से फ़ोन आया और इस बार उसने मुझे बताया की युग सर आये है और उनके साथ दो साथी और भी है। इस नाम में अलग ही कसक थी और इसको सुन कर मैं अब से एक साल पहले की समृतियो में चली गईं। उस दिन वह और इनके दो साथी आये थे। हमसे एक साल आगे जो विद्यार्थी थे उनका इंटरव्यू लेने। समय का फेर देखो उस साल मैंने सारा कार्यक्रम का आयोजन किया था। और आज मैं ही नहीं जा रही। एकदम से सब यादे ताज़ा हो गयी। उस एक दिन में मेरी उनसे इतनी बात हो गई थी कि वे अपनी हर जरुरत और काम के लिए पहले मेरे से बताते और फिर मैं जाकर अध्यापकों को।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत और विश्व इतिहास में 25 जनवरी की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं- 1565 - तालीकोटा की लड़ाई में विजयनगर साम्राज्य नष्ट हुआ। 1579 - डच गणराज्य की स्थापना हुई। 1839 - चिली में भूकम्प से 10,000 लोगों की मौत हुई। 1959 - ब्रिटेन ने पूर्वी जर्मनी से व्यापारिक समझौता किया। 1969 - अमेरिका और उत्तरी वियतनाम के बीच पेरिस में शांति वार्ता की शुरुआत हुई। 1971 - हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य घोषित किया गया। 1975 - शेख मुजीबुर्रहमान बंगलादेश के राष्ट्रपति बने। 1980 ?- मदर टेरेसा को भारतरत्न से सम्मानित किया गया। 1983 - आचार्य विनोबा भावे को भारतरत्न से सम्मानित करने की घोषणा हुई।

गोकुल नगर में पाइप लाइन बिछाने में गड़बड़झाला!

अब दूसरी बार खर्च कर बघेरा से पाप लाइन बिछाने का कार्य शुरू

24 लाख के काम का नहीं हुआ कोई भी उपयोग

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। मामला गोकुल नगर में पानी पहुंचाने के लिए किए गए काम से जुड़ा है। इसके लिए बाकायदा प्लानिंग की गई, प्रस्ताव बनाए गए। इन्हें मंजूर कराकर टेंडर के जरिए 24 लाख रुपए खर्च कर काम कराया गया। लेकिन इस काम का थोड़ा भी उपयोग नहीं हुआ। इस राशि से 2 मोटर पंप लगाए गए। 6 इंच की पाइप लाइन बिछाई गई। पंप हाउस बनाया गया, नदी में पाइप लाइन डालकर पानी खींचना

सुनिश्चित किया गया। वर्तमान में जब पुनः गोकुल नगर तक नए सिरे से पानी लाए जाने को लेकर कार्य शुरू किया गया, तब इस लापरवाही का खुलासा हुआ है। बहरहाल इस पूरे मामले के सामने आने के बाद आयुक्त इंद्रजीत बर्मन ने जांच के निर्देश दिए हैं। 160 डेयरी संचालकों को बसाने की योजना पुलगांव वार्ड.55 में गोकुल नगर संचालित है। जहां करीब 160 डेयरी संचालकों को बसाने की योजना निगम ने बनाई थी। वर्ष 2013.14 में गोकुल नगर में पानी पहुंचाने के लिए प्लानिंग की गई। इसके तहत सीधे शिवनाथ नदी के गुरुद्वारा तट से पानी मोटर पंप के जरिए लिफ्ट कर गोकुल नगर पहुंचाया जाना तय किया गया। इसके तहत 24 लाख की प्लानिंगकर 60.60 एचपी के दो मोटर पंप लगाए गए। 6 इंच की पाइप लाइन बिछाई गई। कार्य एजेंसी भरत जैन से यह कार्य कराया गया। मिनी माता चौक के करीब इस पाइप लाइन को अधूरा छोड़ दिया गया। इसके आगे इसे नहीं बिछाया गया। इसका कहीं कोई उपयोग नहीं हुआ। अब यह पाइप जहां डेड हो चुकी है, वहीं बनाया गया पंप हाउस व मोटर पंप कबाड़ हो चुका है। एसी प्रेशर पाइप से जोड़ा जाना था पर वह भी खराब। निगम ने जब यह प्लानिंग की, उस समय यह तय किया कि पूर्व में गोकुल नगर तक बिछाई गई एसी प्रेशर पाइप लाइन से पुलगांव मिनी माता चौक से इसे जोड़कर पानी पहुंचाया जाएगा। बाद में पता चला कि एसी प्रेशर पाइप 10 से 15 जगहों पर पहले ही टूट चुकी है। इस वजह से इस बिछाई पाइप का इसमें जोड़ना संभव नहीं है, इसलिए 24 लाख खर्च करने के बाद भी इस पाइप को यूं ही छोड़ दिया गया।

आनन फानन में गंजपारा से पहुंचाया जाने की प्लानिंग

खास बात यह है कि निगम ने 24 लाख खर्च करने वाली इस पाइप लाइन को ठंडे बस्ते में डाल दिया। इसके बाद नई प्लानिंग की गई। अमृत मिशन के तहत गंजपारा से आनन-फानन में पाइप लाइन बिछाकर गोकुल नगर पानी पहुंचाए जाने की तैयारी है। फिलहाल यह काम भी अधूरा है, हालांकि काम जरूर शुरू कर दिया गया है।

सिंचाई विभाग को भी नहीं जानकारी : इधर दुर्ग निगम द्वारा शिवनाथ नदी में दो-दो पंप उतारे गए। यहां तक नदी किनारे पंप हाउस भी बना दिया गया, लेकिन इस बारे में कहीं किसी प्रकार की जानकारी जल संसाधन विभाग को नहीं दी गई। जबकि नियमतः इसके लिए जल संसाधन विभाग से अनापत्ति या फिर स्वीकृति लिया जाना आवश्यक है।

बिल नहीं पटाने वाले 60 की बिजली कटी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा बकाया बिल की राशि कम करने के लिए सघन वसूली अभियान चलाया जा रहा है। बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत संचारण संभाग के अधीनस्थ ननकट्ठी वितरण केंद्र के बोरी, करंजा.भिलाई व जेवरा सिरसा विद्युत ग्राम मुख्यालयों के विभिन्न ग्रामों में इस माह में 91 बकायेदारों से लगभग 10 लाख की वसूली की गई। कार्यपालक निदेशक संजय पटेल एवं अधीक्षण अभियंता (वृत्त) व्हीआर मौर्या के निर्देशानुसार बकाया वसूली अभियान के तहत कार्यपालन अभियंता एडी टंडन एवं उनकी टीम द्वारा की गई कार्यवाही में बार.बार समझाइस देने के बावजूद बिजली बिल जमा नहीं करने वाले 60 बकायेदार उपभोक्ताओं की लाइन विच्छेदित कर दी गई, जिन पर लगभग 1.48 लाख की राशि बकाया है। अधीक्षण अभियंता व्हीआर मौर्या ने उपभोक्ताओं को आगाह करते हुए कहा है कि पास.पड़ोस अथवा खंभे से हुकिंग कर बिजली का प्रयोग ना करें अन्यथा उनके विरुद्ध धारा 138 एवं धारा 135 के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा अगर समय पर बिल का भुगतान नहीं किया गया तो उनके विद्युत कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

न्यूज गैलरी

देवांगन को डाटा सेंटर का प्रभार

भिलाई। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आदेश जारी किया है जिसमें आरके साहू कार्यपालन अभियंता को डाटा सेंटर के प्रभार से मुक्त करते हुए उनके स्थान पर बीके देवांगन कार्यपालन अभियंता को अपने वर्तमान कार्यों के साथ.साथ कार्यपालन अभियंता डाटा सेंटर का प्रभार सौंपा है। इसी आदेश में अशोक तकनीकी सहायक को डाटा सेंटर से स्थानांतरित कर जोन 4 शिवाजी नगर अनुविभाग कार्यालय में पदस्थ किया गया है।

निगम ने जब्त किए 12 बंडल डिस्पोजल

भिलाईनगर। निगम की उड़नदस्ता की टीम ने आज चन्द्रनगर कोहका, वार्ड 20 गौरवपथ, वार्ड 14, ट्रांसपोर्ट नगर, छावनी चौक, इंडस्ट्रीज एरिया शंकर नगर सहित निगम के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से अनुज्ञप्ति व गुमास्ता लाइसेंस, प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल तथा सड़क बाधा कर व्यवसाय करने वालों पर कार्यवाही करते हुए 10500 का अर्थदण्ड वसूला। निगम क्षेत्रांर्गत विभिन्न व्यापारियों द्वारा व्यवसाय हेतु गुमास्ता लाईसेंस पर उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूला।

एटीएम में करते थे चोरी, 5 सदस्य पकड़ाए

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पुलिस ने एटीएम मशीन में चोरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में गिरोहके पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें से एक आरोपी अपचारी बालक है। आरोपियों के कब्जे से एटीएम मशीन की 7 नग बैटरी जप्त की गई है। जिसकी कीमत 70 हजार रु. आंकी गई है। यह गिरोह एटीएम से रुपया निकालने में असफ्ल होने पर बैटरी पर हाथ साफ कर चोरी की घटना को अंजाम देता था। गिरोह के गिरफ्तार आरोपी बृजेश

चौहान उर्फ गोलू 20 वर्ष, ईरानी डेरा केलाबाड़ी, लक्ष्मण दुबे 20 वर्ष कंडरापारा बजरंग नगर, सुनील भारती गोस्वामी इंदिरानगर बघेरा व नितिन उर्फ शंकर चंदेलवाल 25 वर्ष कुआं चौक इंदिरा मार्केट का निवासी है। आरोपियों में एक अपचारी बालक भी शामिल है। ये आरोपी जल्द अमीर बनने के चलते एटीएम मशीन को अपना निशाना बना रहे थे, लेकिन एटीएम से राशि निकालने में असफ ल रहे। सीएसपी विवेक शुक्ला ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि दुर्ग थानांतर्गत एटीएम मशीनों को तोड़कर पैसा निकालने का प्रयास एवं एटीएम में लगे बैटरियों की चोरी करने वाले आरोपियों की पतासाजी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय यादव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) रोहित झा, उप पुलिस अधीक्षक (क्राईम), प्रवीणचंद तिवारी के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटना स्थल के निरीक्षण के दौरान सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर एवं मुखबीर द्वारा बताए अनुसार पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की गई।

लोडेड ट्रक को लूटा, दो आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अंजोरा पुलिस ने ट्रक लूटकर फरार हुए आरोपियों को चंद घंटे में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों से लूट की जीआई तार से लोड ट्रक बरामद कर ली गई है। जिसकी कुल कीमत 30 लाख बताई गई है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी रोशन कुमार यादव पिता श्याम बिहारी यादव 23 वर्ष राजीव नगर सुलभ शौचालय के पास सुपेला एवं पंकज राय पिता सतीश राय 30 वर्ष कातुलबोर्ड पेंशनबाड़ा थाना मोहन नगर दुर्ग का निवासी है। दुर्ग सीएसपी विवेक शुक्ला ने बताया कि 23 जनवरी को प्रार्थी कुंजलाल साहू पिता लखपति साहू 30 वर्ष ग्राम पेगमा थाना बाछी जिला सिधी म.प्र. ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि रात्रि साढ़े 11 बजे ट्रक क्र. सीजी 04 एलडी 5741 में जी आई तार लोडकर रायपुर टाटीबंध से लेकर हैदराबाद जा रहा था। अंजोरा अपोला कॉलेज के पास विस्टा कार क्र. सीजी 11 इ 1777 में सवार दो लोगों द्वारा ट्रक को ओव्हर टेक कर रोककर ड्रायवर को ट्रक से उतारकर मारपीट कर चाकू से हमलाकर ट्रक एवं उसमें लोड जीआई तार 25 टन लूटकर ट्रक को माल सहित लेकर फरार हो गए। सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना दी गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अति. पुलिस अधीक्षक महोदय(शहर) के मार्गदर्शन में उक्त आरोपियों को पकडने् हेतु नाकाबंदी के आदेश पर अंजोरा पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी कर घटना में शामिल आरोपी रोशन कुमार यादव तथा पंकज राय को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से उक्त लुटी हुई जीआई तार 25 टन कुल कीमत ट्रक सहित 30 लाख रु. तथा अपराध में प्रयुक्त विस्टा कार एवं चाकू को बरामद कर न्यायालय पेश किया है।

मीसा बंदियों की सम्मान निधि बंद करना बदले की कार्रवाही : चंद्राकर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छग के तीन सौ लोकतंत्र सैनानियो मीसा बंदियो की सम्मान निधि बंद करने के राज्य सरकार के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दुर्ग के मीसा बंदी डोमार सिंह चन्दाकर ने एक विज्ञप्ति मे कहा है कि सरकार का यह फैसला राजनीतिक बदले की कार्यवाही है और लोकतत्र सेनानियों के लोकतंत्र पर कुठाराघात है। छग के लोकतंत्र सेनानियों ने लोकतंत्र की लडाई के लिए जेलो ने यातनाएं सही थी। वे अश्लील सीडी बांटने के आरोप में जेल नहीं गए थे। उन्होंने कहा है कि जिस कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 1975 में पूरे देश में आघातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी उसी पार्टी की प्रदेश में बनी सरकार लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान आखिर आखिर कैसे कर सकती है। प्रदेश के मीसा बंदियो ने राज्य सरकार की मंशा उसी समय समझ ली थी जब सरकार ने फरवरी 2019 मे बीसा बंदियो के भौतिक सत्यापन के नाम पर उन्हें मिलने वाली सम्मान निधि पर रोक लगा दी थी। तथाकथित भौतिक सत्यापन के नाम पर मीसा बंदियों को लगभग एक साल तक सम्मान निधि से वंचित रखा गया और जब मीसा बंदियों ने राज्य सरकार के इस तुगलकी फैसले के खिलाफ न्याय की गुहार लगाते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो माननीय उच्च न्यायालय ने मीसा बंदियो के पक्ष में निर्णय देते हुए राज्य सरकार को निर्देशित किया कि यह मीसा बंदियो को बकाया पेशन प्रदान करें और उन्हें हर माह पेशन देना सुनिश्चित करें।

हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती राज्य सरकार के 2008 के उस नियम को ही निरस्त कर दिया जिसके अंतर्गत मीसा बंदियों को हर माह सम्मान निधि दी जाती थी। राज्य सरकार का यह फैसला माननीय उच्च न्यायालय की अवमानना भी है। अब प्रदेश के सभी मीसा बंदी इस मुद्दे को लेकर कानूनी लडाई लड़ेगे।

श्री चन्दाकर ने कहा है कि कांग्रेस शासित राज्य मध्यप्रदेश व राजस्थान में भी मीसा बंदियो के भौतिक सत्यापन के नाम पर उनकी पेशन बंद की गई थी लेकिन वहां के हाईकोर्ट के निर्णय के बाद दोनो ही राज्यो में मीसा बंदियों की पेशन बहाल कर दी गई थी लेकिन छग में हाईकोर्ट के फैसले के बाद राज्य सरकार ने मीसा बंदियों की पेंशन ही बंद कर दी। यह सरासर राजनीतिक बदले की कार्यवाही है। देश में और देश के अनेक राज्यों में भाजपा की सरकारे बनी। अभी भी है लेकिन किसी भी भाजपा सरकार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को दी जाने वाली पेंशन और अन्य सुविधाओं का विरोध नही किया बल्कि उन्हे पूरा सम्मान दिया। उन्होने छग के मीसा बंदियो का सम्मान लौटाने और उन्हे पूर्ववत सम्मान निधि प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी ज्ञापन प्रेषित किया है।

लक्षचंडी महायज्ञ व भागवत प्रवचन 26 से 2 फरवरी तक

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जवाहर नगर स्थित खेल मैदान में 26 से 2 फरवरी तक गौशाला के सहायतार्थ लक्षचंडी देवी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का भक्ति सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भक्ति परक रस सिद्ध प्रवक्ता राष्ट्रीय संत श्री राजीव नयन महाराज व संकीर्तन सम्राट संजीव नयन महाराज प्रतिदिन प्रातः 7 से 11 बजे तक व दोपहर 2 से 6 बजे तक भागवत प्रवचन देगें। आयोजन के पहले दिन 26 जनवरी को दोपहर 12 बजे 31 सौ कलशों की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री सनातन धर्म प्रचार परिषद व महायज्ञ आयोजन समिति द्वारा इसके लिए जोरदार तैयारी का जा रही है।

महापौर देवेंद्र निगम में करेंगे ध्वजारोहण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगम के मुख्य कार्यालय में महापौर देवेंद्र यादव द्वारा प्रातः 7. 30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। आयुक्त ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को उपस्थिति रहने के निर्देश दिए साथ ही विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से भी टीप कराएंगे कि कर्मचारियों की उपस्थिति शत प्रतिशत हो। अनुविभाग कार्यालय मे प्रातः 7 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा जिसके पश्चात जोन के समस्त अधिकारी, कर्मचारी मुख्य कार्यालय में ध्वजारोहण हेतु उपस्थित होंगे। अनुविभाग कार्यालय में ध्वजारोहण जोन समिति के अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा। मुख्य कार्यालय सहित जोन कार्यालयों में चाक.चौबंद व्यवस्था कर रहे है। मुख्य कार्यालय मे रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था व स्मारकों की सफाई एवं माल्यार्पण की व्यवस्था कराई जा रही है। राष्ट्रभक्ति गीत का प्रसारण मुख्य चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किया जाएगा।

गौठान पर आकर्षण झांकी

गणतंत्र दिवस पर निगम द्वारा गौठान को लेकर आकर्षक झांकी तैयार की जा रही है जिसके लिए सुनील दुबे, अजय शुक्ला, विष्णु चंद्राकर, रामप्रवेश एवं वासुदेव बनर्जी को नियुक्त किया। उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए निगम अपील की है।

डुंडेरा टीम ने जीता खिताब, आर्या बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। न्यू ब्राइट स्पोर्ट्स एसोसिएशन कोहका में वॉलीबाल स्पर्धा का खिताब डुंडेरा ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में डुंडेरा की टीम ने खुर्सीपार मेंस टीम को तीन सेट के खेल में 2.1 से हराकर यह खिताब अपने नाम किया। दोनों ही टीमों के बीच अंत तक रोमांचक मुकाबले देखे गए। जिसमें अंत में डुंडेरा के खिलाड़ियों ने बाजी मारी और जीत अपने नाम किया। डुंडेरा के आर्या को बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का अवार्ड मिला। बजरंग पारा कोहका में न्यू ब्राइट एसोसिएशन द्वारा वालीबॉल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय वालीबॉल स्पर्धा का आयोजन किया गया।

वहीं इसके साथ ही वालीबॉल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया। इस कार्यक्रम में उद्घाटन के मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक विद्यारतन भसीन रहे। वहीं समापन के मुख्य अतिथि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव रहे।

रोमांचक हुए मुकाबले

फाइनल मुकाबला डुंडेरा और खुर्सीपार के बीच खेला गया। जिसमें दोनों ही टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। एक समय तक दोनों ही टीम 1.1 की बराबरी पर पहुंच गई थी। लेकिन अंतिम और निर्णायक सेट में डुंडेरा की टीम ने खुर्सीपार को 2.1 से हराकर यह मैच अपने नाम किया।

24 टीमों ने लिया हिस्सा

इस स्पर्धा में राज्य की 24 टीमों ने हिस्सा लिया। जिनके बीच नॉक आउट पद्धति से मैच खेले गए। मैच में डुंडेरा और खुर्सीपार की टीम ही फाइनल में प्रवेश कर सकी। इस स्पर्धा में दल्लीराजहरा, दुर्ग जिला, भिलाई, नगपुरा, गरियाबंद, पुरैना, राजनांदगांव, धमधा आदि जगहों से टीम आई।

बेस्ट खिलाड़ियों का सम्मान

इस पूरे टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर टीम को विजेता का खिताब दिलाने वाले डुंडेरा के आर्या को बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का खिताब दिया। वहीं बेस्ट अटैकर खुर्सीपार के रमेश दलाई रहे। बेस्ट लिफ्टर कोहका के मनवीर व बेस्ट डिफेंडर का खिताब चरोदा के करण ने जीता।

खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देने हुई प्लानिंग

कोहका में हुए इस स्पर्धा के मुख्य अतिथि ने मैदान में ही खिलाड़ियों के लिए शौचालय की सौगात दी। जिसका भूमिपूजन किया गया। साथ और बेहतर सुविधा देने प्लानिंग की गई। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के पूर्व महामंत्री विजय साहू, समाजसेवी निशिकांत शर्मा, गिरवर साहू, एसोसिएशन के अध्यक्ष परिवेश ठाकुर, सचिव भूवन और कोषाध्यक्ष रुपेंद्र आदि शामिल रहे।

श्री शंकराचार्य में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी की महिला प्रकोष्ठ द्वारा 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के उददेश्य को बताते हुए प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. अर्चना झा ने कहा कि, लड़कियों के प्रति होने वाले भेदभाव को दूर करने और परिवार एवं समाज में जागरुकता फैलाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। भारत में परिवार से लेकर समाज हर जगह लड़कियों के प्रति लैंगिक भेदभाव और पक्षपात बरता जाता है जिसे दूर करने एवं लड़कियों को समान अवसर तथा ज्यादा से ज्यादा सुविधा और सहयोग देने के लिए पिछले बारह सालों से राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। महाविद्यालय

की निदेशक व प्राचार्या डॉ. रक्षा सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस साल 2008 से मनाया जाता है।

बाल विकास मंत्रालय और भारत सरकार ने इस दिवस की शुरुआत की थी। हर साल 24 जनवरी को देशभर में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर अलग-अलग कार्यक्रम किए जाते हैं जिनमें बालिका बचाओं और बालिकायों के प्रति भेदभाव दूर करो, के संदेश दिए जाते हैं। सरकार इस दिन लड़कियों की सुरक्षा, शिक्षा, लिंग अनुपात, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करती है। इन अभियानों के जरिए बालिकाओं और लड़कियों के प्रति लोगों की मानसिकता में बदलाव लाया जाता है और उनको जागरुक किया जाता है कि लड़की और लड़का बराबर हैं। इन अभियानों की ही बदौलत अब ग्रामीण इलाकों में भी लड़कियों के प्रति भेदभाव की मानसिकता में तब्दीली आई है। महाविद्यालय के अति. निदेशक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाना, बालिकाओं के प्रति होने वाली असमानता को दूर करना और उनके शिक्षा एवं स्वास्थ्य को महत्व देने की दृष्टि से राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया जाता है। दरअसल, किसी भी सशक्त समाज का निर्माण बिना बालिकाओं के संभव नहीं है और उनकी भागीदारी देश से लेकर समाज हर जगह है। इस लिए लड़कियों को भी लड़कों की तरह समाज में सुविधाएं मिलनी चाहिए।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./454/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मोहन लाल साहू आ. स्व. श्री मिलाप सिंह साहू निवासी भालूकोन्हा डौण्डीलोहारा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 249/69 रकबा 0.015 हें/ 1620 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भारत भूषण साहू पिता हुलन सिंह साहू निवासी मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 30/18 रकबा 0.011 हे. के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 13.03.2017 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 11.02.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोर कुमार मटियारा पिता रत्तुराम मटियारा निवासी मौजा बघेरा प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 297/5 रकबा 0.015 हे. के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 06.01.2017 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 11.02.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हरप्रीत कौर ध.प. करनजीत सिंह निवासी बी/18 कैलाश नगर राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा आवेदिका श्रीमती हरप्रीत कौर पति करनजीत सिंह के द्वारा श्री रमेश पिता स्व. श्री प्रीतराम की भूमिस्वामी जमीन वाके मौजा ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 स्थित भूमि खसरा नंबर 738/36 रकबा 0.0170 हें बराबर 1950 वर्गफीट जमीन जिसका लगान 0.05 रु. को दिनांक 17.07.2008 को उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग के ग्रंथ क्रं. 18557 पृष्ठ क्रमांक 19 से 29 दस्तावेज क्रं. 2240 बी आवेदिका श्रीमती हरप्रीत कौर पति करनजीत सिंह द्वारा क्रय किया गया है जिसका प्रमाणीकरण पश्चात ऋणपुस्तिका क्रमांक पी/0936032 प्राप्त हो चुका है। रजिस्ट्री बैनामा तथा ऋण पुस्तिका के आधार पर करनजीत सिंह दर्ज है। ऑनलाईन नक्शा खसरा बी-01 में जीत सिंह दर्ज है जिसे रजिस्ट्री बयनामा एवं ऋण पुस्तिका के आधार पर हरप्रीत कौर पति करनजीत सिंह दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

सीसी रोड के लिए विधायक-नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

महासमुंद। नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत नगर में विभिन्न विकास कार्यों को मूर्त रूप देने के लिए भूमिपूजन तीव्र गति से चल रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 25 में फकीर सोनी के घर से सोनू तोंडेकर के घर तक सीमेंट कांक्रीट रोड के लिए भूमिपूजन नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द्राकर व विधायक विनोद चन्द्राकर ने पालिका पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया। इस दौरान वार्डवासियों के निवेदन पर नपा अध्यक्ष ने सकरी गली में कांक्रीट रोड निर्माण के निर्देश दिए। भूमिपूजन कार्यक्रम में उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चन्द्राकर, सभापति संदीप घोष, पार्षदगण महेंद्र जैन, रिंकू चन्द्राकर, हफीज कुरैशी, बड़े मुन्ना, शहर भाजपा नेता संतोष वर्मा, उमेश नशीने, मोहन मदनकार, लालू यादव, भाऊराम साहू, देवकुमार शर्मा, रिकेश यादव, शुभम सेन, महेंद्र सिका, सोनिया विश्वकर्मा, इंद्रा, सुलेना साहू, जोगन साहू, राजू यादव, मोहित साहू, खूबेलाल साहू नपा के अभियंता व कर्मचारी उपस्थित थे।

बाइक से गिरा युवक, मौत

महासमुंद। बुधवार को एनएच-53 में पटेवा थाना क्षेत्र में ठुमसा निवासी धनेश कुमार सेन पिता रंगलाल सेन की बाइक से गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि धनेश बाइक क्रमांक सीजी 04 एचवी 1691 से जा रहा था। इसी दौरान तोरला स्थित पंजाबी ढाबा के सामने युवक बाइक से अनियंत्रित होकर गिरकर घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने 304 के ए के तहत जुर्म दर्ज किया है।

खरीदी केंद्र में किसान के साथ मारपीट

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के पथरला खरीदी केन्द्र में धान बेचने के लिए पहुंचे तिलकपुर के किसान लवकुमार पटेल के साथ उसके ही गांव के कुंजबिहारी चौधरी व विलास चौधरी ने शिकायत करने के लिए आने की बात कहते हुए मारपीट कर दी। किसान की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया । किसान ने पुलिस को बताया कि 22 जनवरी को वह धान बेचने के लिए खरीदी केन्द्र गया था। बारदाने के लिए वह कार्यालय के गेट पर बैठा था तभी दोनों ने मारपीट की।

साढ़े तीन लीटर शराब बरामद

महासमुंद। कोमाखान पुलिस ने बुधवार देर शाम मोखा बस्ती के सड़क किनारे कुर्सीपार वार्ड 6 निवासी बीरबल चक्रधारी से 3.4 लीटर शराब जब्त की। पुलिस ने युवक के खिलाफ 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। जब्त शराब की कीमत कुल 850 रूपए आंकी गई है।

62 पौव्वा शराब के साथ दो गिरफ्तार

महासमुंद। पिथौरा पुलिस ने 62 पौव्वा देशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 डीएक्स 8865 पैसन प्रो को रोका। बाइक में सवार ग्राम डिघेपुर निवासी पवन साहू पिता राम लाल साहू (27), हरदेव साहू पिता अभिमन्यु साहू से 62 पौवा देशी शराब बरामद की गई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि पंचायत चुनाव में खपाने के उद्देश्य से शराब ले जाया जा रहा था। दोनों आरोपियों के खिलाफधारा 34(2)आब.एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक भीखम साहू,कुबेर जायसवाल, आरक्षक सौरभ बांसवार,नीलम मिश्रा, दाऊलाल चक्रधारी, अजय नेताम,दुधेस साहू, राजेन्द्र सिदार, रेस दीवान,जुनैद खान, चेतन ठाकुर का योगदान रहा।

अब तक 77330 बोरा धान जब्त

महासमुंद। जिले में धान के अवैध रूप से भण्डारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश पर निगरानी दलों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगरानी दलों की कार्रवाई में अब तक कोचिए एवं बिचौलिए के साथ धान के अवैध परिवहन और भण्डारण के 529 प्रकरण दर्ज किए गए है। जिसके अंतर्गत 77 हजार 330 बोरे धान 31 हजार 92.6 क्विंटल धान जब्त किया गया है।

25 को भव्य पंचमुखी हनुमानजी की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा

राजनांदगांव। जय श्री बाली अखाड़ा वार्ड न. 48 नंदई चौक में 25 जनवरी को पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। समिति के अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि 25 जनवरी को प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा व पूजा-अर्चना की जायेगा जिसमें आमंत्रित अतिथि के रूप में हेमा देशमुख महापौर, मधुसुदन यादव पूर्व सांसद एवं महापौर, हरिनारायण धकेता अध्यक्ष नगर निगम राज., नीलू शर्मा, पूर्व खाद्य आपूर्ति निगम छ.ग. शासन, जीतू मुदलियार प्रदेश महामंत्री कांग्रेस , भानू साहू पार्षद नंदई , हरीश साहू पूर्व पार्षद , शिव वर्मा पूर्व अध्यक्ष न. नि. , विजय राय पार्षद वार्ड क्रमांक 40, कल्याण साहू उपस्थित रहेंगे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अधिकारी-कर्मचारी लेंगे शपथ

राजनांदगांव। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देश के अनुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। कलेक्टोरेट परिसर में 25 जनवरी मतदाता दिवस पर पूर्वान्ह 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों के अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलाई जाएगी। इस संबंध में सभी विभाग प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना बनी ग्रामीणों के लिए वरदान

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना जिले के दूरदराज के ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। हाट बाजार में आने वाले लोगों को अब वहीं पर ही क्लीनिक से स्वास्थ्य जांच और उपचार का लाभ मिलने से बहुत फायदा हो रहा है। विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए ग्रामीणों को शहरों में आना पड़ता। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक से इन बीमारियों का इलाज अब स्थानीय स्तर पर ही हो रहा है।

राजनांदगांव जिले मानपुर, मोहला, अंबागढ़ चौकी के दूरस्थ अंचलों के हाट बाजारों में दैनिक उपयोग की चीजों की खरीदी के लिए आए गांवों के लोगों को योजना का अच्छा लाभ मिल रहा हैं। योजना के क्रियान्वयन से उत्साहजनक परिणाम मिलने के कारण पूरे जिले के 121 हाट बाजारों में

मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का विस्तार किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के क्रियान्वयन से स्वास्थ्य सेवाए ग्रामीण क्षेत्रों के आम लोगों तक पहुंच रही है। बीमारियों की प्रारंभिक स्तर से पहचान एवं उपचार के लिए सही परामर्श मिलने से स्वास्थ्य सूचकांको के मानकों को प्राप्त करने में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना महत्वपूर्ण साबित हो रही हैं।

योजना के तहत डॉक्टरों की टीम आवश्यक दवाईयों एवं उपकरणों के साथ हाट बाजारों में पहुचकर लोगों का इलाज कर रही है। इसके साथ ही अन्य जांच भी मौके पर की जा रही है। यहां लोगों को निःशुल्क दवाएं भी दी जा रही हैं। इससे ग्रामीणों को काफी सुविधा हो रही है।

ख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक से ग्रामीणों को मिलने वाले लाभ का अंदाजा यहां इलाज कराने वालों के आकड़ों से लगाया जा सकता हैं। जिले में दिसम्बर माह में स्वास्थ्य टीम द्वारा 121 हाट बाजारों में 72 हजार 059 लोगों को लाभान्वित किया गया हैं। हाट बाजार क्लीनिक योजना के अंतर्गत मलेरिया जांच, एच.आई.वी. जांच, टी.वी. जांच, एच.बी. जांच, कुष्ठ जांच, उच्च रक्तचाप जांच, मधुमेह जांच, गर्भवती महिलाओं की जांच, शिशु टीकाकरण, नेत्ररोग संबंधी जांच, कैंसर संबंधी जांच, डायरिया जांच की जा रही है।

आठ घण्टे के भीतर दोहरे हत्याकाण्ड का खुलासा

पुरानी रंजिश को लेकर हुई घटना, 12 आरोपियों ने दिया घटना को अंजाम

- मुख्य आरोपी भानू मरकाम सहित 6 आरोपी गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी
- आरोपियों के विरूद्ध मिले महत्वपूर्ण साक्ष्य

राजनांदगांव। 22 जनवरी को सूचना प्राप्त हुई कि लखोली कन्हारपुरी बायपास रोड पर ओव्हरब्रीज के नीचे 2 युवकों की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लाठी डंडे धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई है। इस सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली, लालबाग, बसंतपुर, चौकी प्रभारी चिखली तथा तकनीकी शाखा प्रभारी उप निरीक्षक भोला सिंह अधिनस्थ कर्मचारियों के साथ घटना स्थल पहुंच मौके पर उपलब्ध भौतिक साक्ष्यों को संरक्षित, संकलित करने के उद्धेश्य से रस्सी द्वारा घटनास्थल सुरक्षित कर वहां उपस्थित लोगों से मृतकों की पहचान कराई जा रही थी कि इसी बीच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान, गोरख नाथ बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक एसएस शर्मा, मणीशंकर चंद्रा, पुलिस उप अधीक्षक परिवीक्षाण् मयंक रन सिंह, रुचि वर्मा सहित सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतकों की पहचान राजेश साहू पिता मोहन साहू उम्र 29 साल तथा राजू उर्फ नयन साहू उम्र 35 साल निवासी लखोली के रूप में होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर उपस्थित निरीक्षक विरेन्द्र चतुर्वेदी, थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक आशीर्वाद रहटगांवकर, चिखली चौकी प्रभारी उप निरीक्षक लाल मुनाई सिंह, तकनीकी शाखा प्रभारी उप निरीक्षक भोला सिंह राजपूत के नेतृत्व में अलग-अलग टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर रवाना किया गया।

मुखबिर की सूचना पर संदेही भानू मरकाम को पकड़ कर पूछताछ किया गया जो पूछताछ के दौरान भानू ने मृतक राजू नयन एवं राजेश साहू के साथ पुराने झगड़ा को लेकर बदला लेने की भावना से अपने अन्य साथी विक्की, दीपेश, करण, लोकेश, यशवंत, लोकेश, छगन, योगेश, यशवंत, राजा, पुरूषोत्तम साहू के साथ मिलकर राजू नयन तथा राजेश साहू की हत्या करने की साजिश रची गई तथा योजना अनुसार पूर्व में 3 बार रेकी कर 22 जनवरी को जैसे ही दोनों के ओव्हरब्रीज के नीचे बैठे होने की सूचना मिली तो 4 अलग-अलग मोटर सायकल से पहुंच सभी आरोपियों द्वारा घेर कर अपने पास रखे हुये लाठी, राड़, चाकू, वेसबाल स्टिक से ताबड़तोड़ हमला कर मारपीट करने लगे। मारपीट करने के दौरान राजू नयन घायल होकर गिर गया व करण मरकाम ने मौके पर पड़ा हुआ पत्थर उठा सर पर पटक दिया, जिससे राजू नयन की मृत्यु हो गई। आरोपियों के मारपीट करते समय राजेश साहू भी गिर गया था जिसके गिरते ही भानू मरकाम द्वारा सिर पर एवं अन्य के द्वारा शरीर पर ताबड़तोड़ मारपीट की गई जिससे उसकी भी मौके पर मृत्यु हो गई।

कमला कॉलेज में संभाषण शिविर का आयोजन

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव में संस्कृत विभाग द्वारा डॉ. सुमन सिंह बघेल के निर्देशन एवं अध्यक्षता में संस्कृत संभाषण शिविर को संचालित करने प्रशिक्षक के रूप में कु. पूजा चौधरी एवं फगेश्वर साहू उपस्थित थे। संस्कृत संभाषण शिविर में उद्घाटन के अवसर पर प्राचार्य डा. सुमन सिंह बघेल ने कहा कि संस्कृत भाषा सीखना बहुत आवश्यक हैं, क्योंकि इससे हमें अपनी संस्कृति का ज्ञान होता हैं। दैव भाषा होते हुए भी आज विज्ञान के युग में कम्प्यूटर के लिए उपयुक्त माना है। नासा के वैज्ञानिकों ने संस्कृत में निहित ज्ञान जैसे ज्योतिष व्याकरण आदि को समयानुकूल बताया है। फगेश्वर साहू तथा सुश्री पूजा ने संस्कृत में संभाषण के लिए नए-नए तरीके से रूचिकर ढंग से बताया।

विधायक ने अध्यापन कार्य का लिया जायजा

- विधायक ने किया स्कूल का निरीक्षण, बच्चों से किए सवाल

महासमुंद। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने गुरूवार को ग्राम कांपा के शासकीय प्राथमिक स्कूल में पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने बच्चों से कई सवाल भी किए। विधायक को अपने बीच पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। निरीक्षण के दौरान स्कूल की समस्याओं से रूबरू भी हुए।

ग्रामीण क्षेत्र के प्रवास पर निकले विधायक श्री चंद्राकर ने गुरूवार को ग्राम कांपा के शासकीय प्राथमिक स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। विधायक ने स्कूल की व्यवस्थाओं और बच्चों को मिलने वाली शिक्षा एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने बच्चें बच्चों से कई सवाल पूछे, जिनका बच्चों ने जवाब भी दिया। विधायक को अपने बीच पाकर बच्चें के चेहरे खिल उठे। विधायक श्री चंद्राकर ने स्कूल की व्यवस्थाएं भी देखी। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। इनके भविष्य को उज्जवल बनाने में अध्यापकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। स्कूल के अध्यापकों से समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर समस्याओं का शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण

विधायक श्री चंद्राकर ने ग्राम भोरिंग में बन रहे एकलव्य आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि करीब 16 करोड़ की लागत से यहां एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान दिलीप चंद्राकर, मानीक साहू आदि मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस की तैयारियां पूरी, होंगे रंगारंग कार्यक्रम

गरियाबंद। 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले समारोह के लिए सवेरे पुलिस परेड ग्राऊंड में विभिन्न कार्यक्रमों का पुलिस के जवानों और स्कूली बच्चों द्वारा अंतिम बार पूर्वाभ्यास किया गया। परेड कमाण्डर के मार्गदर्शन में 10 प्लाटूनों ने परेड का प्रदर्शन कर दिखाया गया। मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण, ध्वजारोहण, स्कूली बच्चों द्वारा सामूहिक व्यायाम और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी फुल ड्रेस अंतिम रिहर्सल किया गया। गणतंत्र दिवस में इस बार छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोक परंपराओं पर आधारित गीत, नृत्य प्रस्तुत किये जायेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह में पहली बार शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जायेगी। वहीं 13 शासकीय विभागों द्वारा थीम पर आधारित झांकी का प्रदर्शन भी किया जायेगा। कलेक्टर श्याम धावड़े ने लम्बी अवधि के सामूहिक नृत्यों को निर्धारित समय पर सम्पन्न कराने के निर्देश प्रभारियों को दिये। कलेक्टर श्री धावड़े एवं पुलिस अधीक्षक एम.आर आहिरे ने मंच, बैठक व्यवस्था का भी जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विनय लंगेह, अपर कलेक्टर के.के. बेहार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, संयुक्त कलेक्टर जे.आर. चौरसिया और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

महाप्रभु महाविद्यालय में गजल, व्यंग्य विधा पर व्याख्यान

महासमुंद। महाप्रभु वल्लाभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 23 जनवरी को एलुमनी समिति एवं साहित्यिक सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साहित्यिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वर शर्मा ने व्यंग्य का उद्भव एवं विकास तथा साहित्यकार अशोक शर्मा ने गजल का रचना संसार दुष्यंत के परिप्रेक्ष्य में विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ज्योति पाण्डेय ने की। प्रतिवेदन पठन करते हुए एलुमनी समिति की संयोजक डॉ. रीता पाण्डेय ने बताया कि एलुमनी समिति का गठन महाविद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षणिक साहित्यिक विकास के लिये किया गया है। भूतपूर्व विद्यार्थी जो अपने उत्कृष्ठ कार्यों से समाज, राज्य को अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, उनका लाभ वर्तमान विद्यार्थियों को मिलना चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मतदान केंद्रों के अंदर नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल

महासमुंद। त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2019-20 के सुचारू रूप से संचालन एवं गोपनीयता बनाये रखने के लिए मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल, कार्डलेस फोन, वायरलेस सेट एवं अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाईस ले जाना पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार जैन ने बताया कि निर्वाचन कार्य से संबंधित ऐसे अधिकारी जिन्हें मतदान केंद्र में प्रवेश करने का अधिकार प्राप्त है, वे अधिकारी आवश्यक संचार व्यवस्था के तहत मोबाइल आदि अपने साथ रख सकेंगे।

9 फरवरी को एक दिवसीय सिरपुर महोत्सव

- कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। माघ पूर्णिमा पर महानदी के तट पर एक दिवसीय सिरपुर महोत्सव 9 फरवरी को होगा। इस अवसर पर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सिरपुर महोत्सव के लिए सभी आवश्यक तैयारियों के लिए अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी।

अपर कलेक्टर शरीफ मोहम्मद खान महोत्सव के नोडल अधिकारी होंगे। एक दिवसीय सिरपुर महोत्सव में सांस्कृति विभाग द्वारा तय किए गए कार्यक्रम के अलावा स्थानीय कलाकारों, छात्रावासी विद्यार्थियों, आदिवासी नर्तक दल, नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी, पंथी नृत्य सहित राज्य स्तरीय यूथ फेस्टिवल में भाग लिए कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि वनमंडलाधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता मेला स्थल पर बेरिकेटिंग का कार्य करेंगे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा सीईओ जनपद पंचायत महासमुंद द्वारा महोत्सव स्थल पर दुकानों का आबंटन एवं शांति व्यवस्था देखेंगे।

जीतने की तैयारी निर्दलीय प्रत्याशियों का कोई वजुद नही : चन्दूलाल साहू

पंचायत चुनाव में भाजपा ने झोंकी ताकत, स्थानीय सरकार बनाने चुनाव प्रचार तेज

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद । त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर अंतिम दौर में चुनावी सरगर्मी काफी तेज हो गई है। अपने समर्थित प्रत्याशी को जिताने में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। बीते गुरूवार को चुनावी प्रचार के दौरान भाजपा के पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू, क्षेत्रीय विधायक डमरूधर पुजारी तथा जिलाध्यक्ष राजेश साहू ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी फिरतुराम कंवर के पक्ष में ग्रामीणो से जनसमर्थन मांगा। ग्राम नागाबुढ़ा में आयोजित एक सभा में भाजपा नेताओ ने इस क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी व राज्य की कांग्रेस सरकार की नाकामियो को गिनाते हुए क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा के समर्थित प्रत्याशी को जिताने की अपील की। ना कर्जा माफ हुआ ना धान का एक एक दाना खरीदा। ना ही 15 क्विंटल के हिसाब से धान खरीदा। धान खरीदी छोड़कर सरकार ने पटवारी तहसीलदार को किसानो और व्यापारी के घर छापा मारने लगा दिया। भोले भाले किसानो को परेशान किया जा रहा है धान जप्ती कर उसे चोर बता रहे है। बेरोजगारो को रोजगार व बेरोजगारी भत्ता देने बजाय युवाओ को नौकरी से निकाल दिया। जिसके चलते समाज का हर वर्ग पीड़ित है परेशान है। स्थानीय चुनाव में कांग्रेस के इस कुनीति का उन्हे जवाब दे और गांव गरीब किसान का विकास करने वाली भाजपा के समर्थित प्रत्याशी को जिताये। श्री साूह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने गरीबो के लिए आवास मकान, उज्जवला गैस जैसे अनेक कार्य किए। देशहित में कश्मीर मुद्दा, अयोध्या मुद्दा, तीन तलाक का निराकरण किया। लेकिन कांग्रेस केवल वोट बैंक की राजनीति कर रही लोगो को ठग रही है। उन्होने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशी का कोई वजुद नही होता, ना उनका सांसद विधायक होता है ना ही कोई पार्टी, वे क्षेत्र का विकास नही कर सकते इसलिए भाजपा समर्थित को ही वोट दे। विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा कि कांग्रेस ने झुठा वादा किया। कांग्रेस के पास ना सोच है ना विकास की नीति। आप भाजपा पर विश्वास करे और आपके सुख दुख के साथी फिरतुराम कंवर को समर्थन दे ताकि इस क्षेत्र का बेहतर विकास हो।कार्यक्रम का आभार सुरेन्द्र सोनटेके ने व्यक्त किया। संचालन रोशनपुरी गोस्वामी ने किया। प्रमुख रूप से भाजपा नेता बलदेव सिंह हुदंल, ईश्वर वर्मा, गैदलाल दीवान, छत्तर सिंह ठाकुर, फिरतुराम कंवर, जगमाहेन निषाद, काजुराम चक्रधारी, रोमन नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजुद थे।

न्यूज गैलरी

खरोरा में शतचंडी यज्ञ आज

खरोरा। विगत 14 वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री माता राजराजेश्वरी महा त्रिपुर सुंदरी मंदिर श्री बालाजी दरबार में शतचंडी महायज्ञ श्रीमद् भागवत ज्ञान अमृत वर्षा का आयोजन किया गया है जो 25 जनवरी से 2 फरवरी तक चलेगा !25 जनवरी शाम को 4:00 बजे मंगल कलश यात्रा होगी जो गणेश मंदिर पुराना थाना के सामने से होते हुए खरोरा बस्ती से होते हुए शीतला तालाब जाकर वहां जल पूजन कर करिया दामा चौक से होते हुए बस स्टैंड से मुख्य मार्ग से होते हुए यज्ञ मंडप में आएगी।26 जनवरी सुबह 9:00 बजे से देव आवाहन पूजन व दोपहर 2:00 बजे से अग्नि स्थापन यज्ञ आरंभ का कार्यक्रम है इसी प्रकार से यह कार्यक्रम 1 फरवरी तक चलेगा।

खाद्य विभाग ने लगाया शिविर आयोजन

खरोरा। उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा नगर के विधायक जनदर्शन भवन नगर पंचायत के सामने व्यापारियों के लिए खाद्य सुरक्षा अधिनियम के संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर सहित परिक्षेत्र के व्यापारियों ने खाद्य से संबंधित फल फ्रूट ,किराना, होटल रेस्टोरेंट, मिक्चर फैक्ट्री, आइसक्रीम फैक्ट्री एवं खाद्य विभाग से विभागीय जानकारी ली। तथा शिविर आयोजन का लाभ लिया गया। एवं अपने चालान फर्म के साथ अपनी फार्म के लाइसेंस के लिए आवेदन दिया वही खाद्य अधिकारी सिद्धार्थ पांडे ने व्यापारियों से खुलकर चर्चा की और उन्हें हर मानक स्टार की जानकारी थी। और अपनी दुकान में लायसेंस चस्पा कर साफ-सफाई रखने के दिशा निर्देश दिए। साथ ही साथ बहुत से व्यापारियों के बने हुए लायसेंस भी वितरित किये गए।

राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

कवर्धा। संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कवर्धा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में दिनांक 24 जनवरी 2020 को बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं की थीम पर राष्ट्रीय बालिका दिवस उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वॉकथॉन, मैराथन एवं क्रीड़ा गतिविधियों में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण के विषय पर अपने विचार रखें। इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निर्मोष प्रभा एवं एम.के.देशमुख सहित समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

खेल कूद प्रतियोगिता का भव्य समापन

कवर्धा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में कवर्धा के इंडोर स्टेडियम मैदान में जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर जे.के. ध्रुव की अध्यक्षता और जिला युवा समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा विशिष्ट अतिथि के रूप में विपुल गुप्ता अनुविभागीय अधिकारी, आरती पांडेय जिला खेल अधिकारी वसीम खान अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अंकित गुप्ता पुलिस विभाग के गरिमामय उपस्थिति समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में कबीरधाम जिला के चारों विकास खण्ड बोड़ला, सहसपुर लोहारा, कवर्धा, पंडरिया विकासखण्ड से जो प्रतिभागी अपने विकास खण्ड मे प्रथम स्थान से चयनित प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता मे शामिल हुये। इस प्रतियोगिता में कबड्डी, व्हालीबाल, लम्बी कूद, गोला फेंक, 400 मीटर दौड़ का खेल कूद प्रतियोगिता हुआ। इस जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में हमारे नेहरू युवा केंद्र के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान आने वाले विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, शिल्ड अतिथियों के हाथों से देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन लोकेश देवांगन राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक ने किया।

107 लीटर शराब एवं 2650 किलो लाहन जब्त

गरियाबंद । कलेक्टर श्याम धावड़े के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सोनल नेताम के मार्गदर्शन में गरियाबंद आबकारी नियंत्रण कक्ष मे गठित टीम द्वारा त्रिस्तरिय पंचायत चुनाव के मद्देनजर आबकारी वृत्त गरियाबंद एवं राजिम के ग्राम श्यामनगर, पक्तिया, केडीआमा, छुईहा, कोपरा, पोंड़, केशोडार एवं पंटोरा आदि ग्रामों में आकस्मिक छापा मार कर तलाशी ली जाने पर 107 लीटर शराब एवं 2650 किलोग्राम लाहन तथा शराब बनाने की समाग्री बरामद कर कल 10 आरोपीयों के विरूद्ध धारा 34(2), 34(1)च, 36(1)च आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है । पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से आबकारी टीम द्वारा सघन गस्त एवं तलाशी कार्यवाही की जा रही है जिससे किसी भी प्रकार का अवैध शराब निर्माण, धारण, विक्रय , परिवहन एवं आयात निर्यात न हो सके।

नेशनल लोक अदालत 8 फरवरी को

कवर्धा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्तर पर आगामी 8 फरवरी को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना पूर्व प्रस्तावित है। इसमें समस्त प्रकृति के प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिक से अधिक प्रकरणों का चिन्हांकन करते हुए चिन्हांकित प्रकरणों में अधिक से अधिक प्रकरणों रखा जाना है। इस नेशनल लोक अदालत में विद्युत, जलकर से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरण पेश करना हो तो विधि अनुसार पूर्ण रूप से भरे हुए वादपत्र एवं नोटिस इत्यादि (दो-दो प्रतियों) में आवेदक-अनावेदक का नाम, उम्र, आत्मज, निवासी, तथा वसूली संबंधी प्रकरणों में मूल राशि, अवधि, ब्याज इत्यादि का स्पष्ट उल्लेख करते हुए 30 जनवरी 2020 के पूर्व अनिवार्यतः इस कार्यालय में प्रस्तुत करने का कष्ट करें, साथ ही यह भी अनुरोध है कि तहसील पण्डरिया के क्षेत्राधिकार में आने वाले समस्त प्रकरणों को अध्यक्ष तालुक विधिक सेवा समिति पण्डरिया के समक्ष प्रस्तुत करने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि 30 जनवरी 2020 को 5 बजे के पश्चात् प्राप्त होने वाले प्रकरण स्वीकार नहीं होगा।

रवेली स्कूल में मना राष्ट्रीय बालिका दिवस

कवर्धा। शासकीय शहीद नरेन्द्र शर्मा हायर सेकंडारी स्कूल रवेली में शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ममता ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थी। उन्होंने बालिका दिवस का महत्व बताते हुए स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी। संस्था के प्राचार्य ए.के.साहू के द्वारा महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बालिकाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।इस दौरान निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। साथ ही खेलकूद का भी आयोजन किया गया। इस दौरान व्याख्याता यासमीन अख्तर, बीएस मरकाम, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार राजपूत, अन्य शिक्षकगण सहित छात्राएं मौजूद रहे।

सिख समुदाय का अलौकिक कीर्तन दरबार 26 को

बलौदाबाजार। सिख समुदाय द्वारा बलौदाबाजार में अलौकिक कीर्तन दरबार का आयोजन 26 जनवरी दिन रविवार को रखा गया है कार्यक्रम कीर्तन समागम एवं गुरु का लंगर सामुदायिक भवन महामाया मंदिर बलौदाबाजार में होगी। जिसमें सिख समुदाय ने सभी लोगों से आग्रह किया है कि उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा दोगुना करें।

155 पेटी शराब, 3 वाहन जब्त, 4 गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिले में लगातार अवैध शराब तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला जिले कुकदूर थाना का है, जहां तीन लग्जरी कार में 155 पेटी अवैध शराब की तस्करी करते 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वही दो आरोपियों को फरार बताया जा रहा है।

जब्त कि गई शराब और वाहन की किमत 30 लाख 44 हजार रुपये बताई जा रही है। शुक्रवार को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई की बजाग की ओर से कुकदूर पण्डरिया मार्ग पर तेज गति से 03 लग्जरी कार दिल्ली एवं हरियाणा राज्य के पासिंग नम्बर कार से आ रहे है। जिसमें सवार लोग संदेही लग रहे है। कि सूचना पर थाना कुकदूर व पण्डरिया पुलिस टीम के द्वारा नाकेबंदी कर वाहनो की चेकिंग की जाने लगी कुकदूर पुलिस टीम को देखकर उक्त वाहनो के द्वारा गति को और तेज कर भागने लगें जिस पर टीम द्वारा उनका पीछा कर अलग स्थान में घेराबंदी कर रोककर तलाशी ली गयी जिसमें होन्डा सिटी सी आर व्ही वाहन क्रमांक - डी एल 3 सी ए के 3582 कार से केजी रोमियो व्हीसकी 70 पेटी, आरोपी 01. धरमवीर पिता भगवान जाट उम्र 40 साल सा. जसीया थाना सदर जिला रोहतक हरियाणा 02. अंकित कुन्दू पिता अंनद कुन्दू उम्र 24 साल सा. दुराना थाना रोहाना जिला सोनीपत हरियाणा एंव हुडई आई 20 वाहन क्रमांक एच आर 51 बी क्यु- 9011 से 40 पेटी केजी रोमियो व्हीसकी आरोपी मोनू जाट पिता भगवान उम्र 28 साल सा. भदराली थाना व जिला मुंगेली छत्तीसगढ़ तथा फोर्ड इको स्पोर्ट वाहन क्रमांक एच आर. 14 क्यु 0561 से 45 पेटी केजी रोमियो व्हीसकी जप्त किया गया। जिसमें कुल शराब की कीमत 7,44,000 रूपये (सात लाख चवालिस हजार रूपये) एवं शराब तस्करो से तस्करी में उपयोग किया गया लग्जरी 03 वाहन किमती 23,00,000 (तेईस लाख रूपये) आंकी गयी है।

अंतर्राज्जीय शराब तस्करो को गिरफ्तार कर उनके विरूध्द धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर न्यायलय पेष कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यावाही में अनुविभागीय अधिकारी पण्डरिया नरेन्द्र बेंताल एवं थाना कुकदूर टीम से थाना प्रभारी उप निरीक्षक बृजेष सिन्हा, उप निरीक्षक रामकिशन मरकाम, सउनि उग्रेसन जगत, डी.एन.यादव प्र.आर. मनोज तिवारी, आरक्षक विजय शर्मा, उमाशंकर जायसवाल, अमन ठाकुर, दिनेश धुर्वे, भरत परमार, राम्हू, रामकुमार, सहायक आरक्षक शिवचरण यादव पण्डरिया थाना टीम से थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा, प्र.आर.- हिरेन्द्र प्रताप सिंह, नरेन्द्र कुमार आर- कृष्ण कुमार मानिकपुरी, जेठू साहु, नगर सैनिक अरविंद शुक्ला एवं आबकारी टीम कबीरधाम का विशेष योगदान रहा।

सीनियर सिटीजन ने बांटा कंबल

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा ने कलेक्ट्रेट परिसर कवर्धा में विगत दिनो नववर्ष के उपलक्ष्य के साथ ही समिति के सदस्यो का उत्साह पूर्वक जन्मदिन मनाया । कार्यक्रम में संरक्षक डॉ ए.के. श्रीवास्तव लायंस क्लब के अध्यक्ष मंजीत सिंह छाबड़ा एवं कोषाध्यक्ष श्री गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों एवं सदस्यों के द्वारा भारत माता के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का परिचय एस.एस. जैन द्वारा कराया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत फूल भेंट कर अध्यक्ष

डी.के. श्रीवास्तव एवं सदस्यों ने किया। अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा जन्मदिन के उपलक्ष्य में पांचों सदस्यों को गुलाब फूल भेंट कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना की गई।

तालाब में मिली लाश

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। शुक्रवार को नगर के सिरसोला तालाब में एक लाश मिलने से नगर में हड़कंप मच गया लोगों ने लाश को तैरते देख इसकी सूचना लवन पुलिस को दी मौके पर लवन पुलिस पहुंचकर लाश को तालाब से निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 नवंबर 2019 को नगर के वार्ड क्र.2 निवासी श्रीमती सती यादव द्वारा अपने पति राजकुमार यादव पिता शंकर लाल यादव उम्र 35 वर्ष का गुमशुदगी का सूचना लवन चौकी में दिए थे आज नगर के सिरसोला तालाब में एक व्यक्ति

की लाश देख लोगों ने सूचना पुलिस को दिए वही लाश पूरी तरह से क्षत-विक्षत व पूरी तरह सड़ने की स्थिति में बाहर निकाला गया वही लाश के गले मे लॉकेट को देख सती यादव द्वारा पहचान किया गया। कि यह लाश उनके पति राजकुमार यादव का है वहीं घटना का कारण अभी पता नहीं चल पाया है समाचार लिखे जाने तक जांच जारी था।

शहर में बढ़ रही चोरी, सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगर में लगातार बढ़ते अपराध व चोरी की घटना से शहर वासियों में सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त है । कल शहर के मध्य चोरी के वारदात से स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है की अपराधियों के हौसला कितने बढ़े हुए है। सिटी कोतवाली की उपस्थिति शहर सुरक्षा को लेकर नगण्य है अतः इन विषयों में चिंता जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौप कर भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ने व कोतवाली को दुरुस्त कर शहर वासियों को सुरक्षा प्रदान करने हेतु

आग्रह किया । इस अवसर पर राजेन्द्र सलूजा, रूपेश जैन, श्रीकान्त उपाध्याय, उमंग पाण्डेय, रिकेश वैष्णव, प्रमोद शर्मा, सौखी अहिवार, डोनेश ठाकुर,नरेंद्र सोनी,सुनील दोषी,इकराम खान उपस्थित रहें ।

गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। शुक्रवार को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास से मनाने स्थानीय शासकीय महाविद्यालय कवर्धा के मैदान में परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के विभिन्न कार्यक्रमों का अंतिम अभ्यास किया गया। परेड का निरीक्षण मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सी.ई.ओ. विजय दयाराम, जिला कलेक्टर अवनीश कुमार शरण,पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के द्वारा किया गया। स्थानीय शासकीय महाविद्यालय ग्राऊण्ड में परेड कमांडर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक निमितेष सिंह परेड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, वही द्वितीय कमांडर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक नेहा पवार तथा जिला पुलिस बल से कमांडर उप निरीक्षक युवराज कुमार साहू, महिला परेड कमांडर सहायक उप निरीक्षक उमा बाछे उपाध्याय, सपस्त्र बल प्लाटून कमांडर मनबहादुर थापा, होमगार्ड प्लाटून कमांडर सहायक उप निरीक्षक आशीष सिंह, वन विभाग से प्लाटून कमांडर भोलाराम साहू, एनसीसी सिनियर वर्ग बालक पीजी कालेज से सिनियर अंडर आफिसर सौरभ, एन.सी.सी. जुनियर स्वामी करपात्रीजी स्कूल सार्जेंट करण साहू, एनसीसी जुनियर बालिका स्वामी करपात्री जी उ.मा.विद्या. सार्जेंट विद्या कुर्रे, एनसीसी जूनियर बालिका शा.नवीन कन्या उ.मा.वि.कवर्धा सार्जेंट पिंकी साहू, एनसीसी जुनियर बालिका शास.आदर्श कन्या उच्चतर माध्य.विद्या.कवर्धा सीपीएल मानसी यादव,के प्रतिनिधित्व में परेड का आकर्षक मार्चपास्ट किया गया।

मतदाताओं को रिझा रहे प्रत्याशी

कसडोल/डोंगरीडीह। त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर पूरे क्षेत्र में प्रत्याशियों का मतदाताओं को अपनी ओर रिझाने की प्रक्रिया जोरों पर है। इसी तरह जनपद बलौदाबाजार के अंतर्गत ग्राम पंचायत लाटा से सरपंच पद के उम्मीदवार श्रीमती सुकृता साहू पति विजय लाल साहू बोरिंग छाप चुनाव चिन्ह लेकर मैदान पर है। जो पंचायत चुनाव में प्रचार प्रसार कर रहें है। व जीत हासिल करने के लिए जी जान लगा रहे है। जिससे इनका द्वार द्वार दस्तक हो रहा है और मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। विदित हो कि सुकृता के पति निर्वतमान सरपंच है जो मतदाताओं के समक्ष अपने अच्छे कार्यकाल की दुहाई दे रहे हैं ।

65 पाव शराब के साथ गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। शहर पुलिस को अवैध रूप से 65 पाव शराब रखे एक युवक को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। उपरोक्त सम्बन्ध में शहर थाना के थानेदार महेश धुव से मिली जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक नीतू कमल बलौदाबाजार के द्वारा आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब विक्रताओ . ढावा संचालक , चखना दुकान संचालको के विरूद्ध कार्यवाही के साथ - साथ असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु कडे निर्देश दिये गये थे । जिसके परिपालन में थाना प्रभारी महेश ध्रुव के कुशल नेतृत्व में घर पकड कार्यवाही हेतु थाना के स्टाप एवं मुखबीर को आदेशित किया गया था । जो मुखबीर द्वारा सुचना प्राप्त हुई कि नेहरू वार्ड के अजय यादव सुरखी रोड शराब दुकान से बारी बारी शराब

क्रय कर बोरी में भरकर बिक्री के लिए कल्याण सागर तालाब पार तरफआने वाला है कि सुचना पर रेल्वे स्टेशन पास से गवाह आकिब मेमन एवं विवेक यदु भाटापारा को नोटिस देकर साथ लेकर कल्याण सागर तालाब पार जाकर नाकाबंदी किया कि थोड़ी देर में नया गंज वार्ड के रास्ते से अजय यादव नेहरू वार्ड का एक प्लास्टिक बोरी में समान लेकर आया जिसे घेर कर पकडे तथा बोरी को गवाहों के समक्ष खोल कर चेक किया तो बोरी के अंदर कुल 65 पौवा गोवा गोल्डन व्हीसकी शराब प्रत्येक पौवा में 180 रू भरी रखा मिला कि आरोपी से जप्त शराब का गिनती गवाहों के समक्ष किया एवं गिनती का पंचनामा तैयार किया।

खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगर के शिक्षण संस्थान ग्रेसियस एकेडमी एवं बचपन प्ले स्कूल में खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन विद्यालय परिसर के विशाल खेल मैदान में आयोजित किया गया। स्कूल के संचालक डॉ. आशुतोष शुक्ला, प्राचार्य के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर ध्वजा रोहण का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्कूल के खेल प्रशिक्षक सुनील धुर्वे के नेतृत्व में छात्र/छात्रों ने मार्चपास्ट का प्रदर्शन करते हुए सलामी दी। प्रतिस्पर्धाओं में रिले रेस, फ्राग रेस, बोरा रेस, चेयर रेस, रस्सी कूद, पोटेटो रेस, जलेबी रेस, चैस, खो-खो, कबड्डी, तवा फेंक, भाला फेंक, गोला फेंक,

स्पून रेस, फ्रिज डांस, खजाने की खोज आदि में बच्चों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया। बच्चों को पाँच हाउस में खेल प्रतिभागियों को जूनियर एवं सीनियर विंग्स में विभाजित किया गया था, जिसमें क्रमशः ब्लू, ग्रीन, रेड, येलो और ऑरेंज परस्पर कड़ी टक्कर देते हुए अपने प्रतिद्वंदियों को मात देकर छात्रों द्वारा प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान प्राप्त किया। चैस में बालक वर्ग में चन्द्रशेखर धुर्वे प्रथम एवं कन्या वर्ग में पुर्णिमा चन्द्रवंशी प्रथम स्थान पर रहे ।

पढ़ाई में दूसरे को देखकर अपना विषय ना चुने : लक्ष्मीकांत साहू

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवन मे निशुल्क करियर गाइडेंस सेमिनार

का आयोजन किया गया छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान करने लक्ष्मी कांत साहू उपस्थित रहे कार्यक्रम में 12वीं कला एवं विज्ञान संकाय से लगभग 115 छात्र सम्मिलित हुए लक्ष्मीकांत साहू ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि ज्यादातर छात्रों को कोर्स के बारे में पूर्ण जानकारी नहीं होने के कारण वह अपने आसपास लोगो के कहने पर या अपने दोस्तों द्वारा लिए गए विषय के हिसाब से ही अपना भी वही कोर्स चुनते है उस कोर्स के बारे में पूर्ण जानकारी नहीं होने के कारण आगे चलकर उन्हें पढ़ाई करने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिससे उन्हें परीक्षा परिणाम में अच्छे अंक प्राप्त नहीं होते या फिर वह फेल हो जाते हैं ।

कलेक्टर ने वनांचल क्षेत्रों का दौरा

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिले के आदिवासी एवं बैगा बाहुल बोड़ला विकासखंड के सुदूर, दुर्गम तथा अति संवेदनशील वनांचल ग्राम घानीखुटा, कोयलाझोरी, खारा, उसरवाही, कन्हारी, पंडरिया जंगल, रेंगाखार जंगल, झलमला सहित अन्य वनांचल क्षेत्रों का कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के साथ आज सघन दौरा किया। कलेक्टर ने वनांचल एवं ग्रामीण विकास के निर्माणधीन कार्य कोयलाझोरी में सामुदायिक भवन के कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण किया। निर्माण कार्य रूक-रूककर करने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई।

सियासत

राजकमल ,शकुंतला एवं अरुण मिश्रा ने मानस के लिए तो रामकुमार यादव ने रामचरण यादव के लिए मांगे वोट

अब गांव की सरकार बनाने के लिए चुनाव प्रचार ने पकड़ी रफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। शहरी सरकार बनने के बाद अब गांव की सरकार बनाने दोनों ही दलों के नेतागण अब अपने अपने पार्टी से अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने गांव की गलियां छान रहे हैं । पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया एवं शकुंतला साहू ने जिला पंचायत क्षेत्र 15 मानस पाण्डेय के पक्ष में जनसम्पर्क किया तो वहीं चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने जनपद क्षेत्र 18 में राम चरण यादव के लिए जन - सम्पर्क कर

वोट देने की अपील की । शहरी क्षेत्रों में कांग्रेस का कब्जा अधिकांश जगहों में हासिल करने के बाद कांग्रेसियों की बाँछें खिल गई है ।अब गांव की सरकार बनाने कांग्रेस समर्थित पंच से लेकर जिला पंचायत सदस्य को जिताने के लिए कांग्रेस के सभी नेता आपसी राग द्वेष भूलाकर पार्टी प्रत्याशियों को जिताने के लिए गांव की गलियों की खाक छान रहे हैं , वहीं भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के लिए भी पार्टी के नेतागण चुनावी सभाएँ लेने को बाध्य हो गए हैं ।

दो पूर्व विधायक एवं वर्तमान विधायक ने मानस के लिए मांगा वोट

जिला पंचायत क्षेत्र 15 से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी मानस पाण्डेय के पक्ष में प्रचार प्रसार करने के लिए पूर्व विधायक द्वय अरुण मिश्रा एवं राजकमल सिंघानिया के साथ वर्तमान विधायक शकुंतला साहू ने भी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क कर एवं चुनावी सभाओं लेकर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी मानस पाण्डेय के लिए गांव की गलियां छानी उल्लेखनीय हो कि वर्तमान विधायक शकुंतला साहू क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं फिर भी दोनों पूर्व विधायक अरुण मिश्रा एवं राजकमल सिंघानिया के चाहने वालों की भी क्षेत्र में कमी नहीं है। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अविनाश मिश्रा एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष ऋत्विक मिश्रा की उपस्थिति से खासा असर होने के आसार हैं। दो दो पूर्व विधायक एवं वर्तमान विधायक सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा जन सम्पर्क करने एवं सभाएँ लेने से मानस पाण्डेय के प्रचार अभियान को मजबूती मिली है। रामचरण यादव के लिए चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने किया जन सम्पर्क।

कमिश्नर ने की माघी पुन्नी मेला की तैयारियों की समीक्षा

- तीनों जिलों के अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश
- स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद को प्राथमिकता
- सभी तैयारियां 5 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। रायपुर संभाग के कमिश्नर जी आर चुरेंद्र ने आज राजीम के लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस में गरियाबंद ,धमतरी और रायपुर जिले के आला अधिकारियों की बैठक लेकर राजीम माघी पुन्नी मेला की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की । उन्होंने कहा कि राजीम पुन्नी मेला पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरिमा और भव्यता के साथ आयोजित किया जाए। बैठक में उन्होंने सड़क, बिजली ,पानी तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का विभागवार समीक्षा किया । उन्होंने कहा की इस बार सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए एवं सफाई व्यवस्था पर जोर दिया जाए । बैठक में सभी तैयारियां 5 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री श्याम धावड़े ने बताया गया कि इस बार स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक एवं राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम रात 8:00 बजे से लेकर 10:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा ।स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम को विशेष महत्त्व दिया जाएगा साथ ही कार्यक्रम के लिए अलग अलग मंच भी तैयार किया जाएगा । मेला में शासन की विभागीय योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए स्टॉल लगाए जाएंगे । इसके लिए गरियाबंद एवं धमतरी जिलों को निर्देश दिए गए। इसी तरह स्थानीय खेलकूद को भी माघी पुन्नी मेला में स्थान दिया जाएगा ।समीक्षा के दौरान बताया गया कि वन विभाग द्वारा बांस बल्ली की व्यवस्था कर ली गई है, वही स्वास्थ्य विभाग को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं ।शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी का भी शिविर लगाया जाएगा ।इसी तरह खाद्य विभाग को पिछले वर्ष की भांति कुल 50 दाल भात केंद्र खोलने के निर्देश दिए गए हैं । यह दाल भात केंद्र अलग-अलग जगहों पर लगाए जाएंगे जहां पर लोगों को सुलभ रूप से भोजन उपलब्ध हो सके। संस्कृति विभाग को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जिम्मेदारी दी गई है। जिला पंचायत के सीईओ श्री विनय लंगेह ने बताया कि सड़क मार्ग और विभिन्न मार्गो व दुकानों के आवंटन के लिए लेआउट तैयार कर लिया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा चलित स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था कर ली गई है ।बैठक में मुख्य मंच की तैयारी, संतों का आवास कथा बेरिकेडिंग एवं पार्किंग व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

जनपद अध्यक्ष के लिए निर्विरोध प्रत्याशी कर रहे जोर आजमाइश

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। जनपद की सरकार बनाने बीडीसी का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी गांव-गांव गली-गली घर-घर हर एक मतदाताओं से संपर्क कर अपने अपने पक्ष में वोट देने की गुजारिश कर रहे हैं , वहीं मतदाता खामोशी से प्रत्याशियों की टोह ले रहे हैं कि वास्तविक कौन उनका प्रतिनिधि बनाने के लायक हैं। कसडोल जनपद की बात करें तो कसडोल जनपद के 4 सदस्य निर्विरोध है। निर्वाचित जनपद का अध्यक्ष पद अनारक्षित होने के कारण इस बार अध्यक्ष पद पर आसीन होने जनपद सदस्य के लिए एक से एक प्रभावशाली लोग चुनाव मैदान में है जिससे चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार कसडोल जनपद क्षेत्र में कुल 25 जनपद सदस्य पद है जिसमे 4 क्षेत्र से निर्विरोध निर्वाचित हो गए है और 21 जनपद सदस्य पद के लिए 110 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। कसडोल जनपद पंचायत का अध्यक्ष पद इस बार अनारक्षित है जिसके लिए लोग अभी से अध्यक्ष पद की तैयारी के रूप में जनपद सदस्य का चुनाव लड़ रहे है। कसडोल जनपद के लिए कुल 25 सदस्य पद के लिए निर्वाचन हो रहा है।

कतार पर अध्यक्ष पद के दावेदार

जनपद पंचायत कसडोल के अध्यक्ष पद अनारक्षित मुक्त होने के कारण निर्विरोध चुने गए लगभग सभी लोग अध्यक्ष पद के दावेदार हैं जबकि चुनाव लड़ रहे अधिकांश सीटों के सदस्य भी सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ रहे हैं कि उन्हें अध्यक्ष बनना है ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सोनिया बोलीं....

भूपेश बघेल की पूरी टीम की सोनिया-राहुल ने की प्रशंसा, कहा- जो कामयाबी मिली है उसे बरकार रखिए, मिलजुल करते रहें काम।

हिंसा करने वालों...

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के अध्यक्ष और सिक्किम हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रमोद कोहली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की और आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक तत्व सीएए के खिलाफ हिंसक प्रदर्शनकारियों को बढ़ावा दे रहे हैं और इस अशांति का 'बाहरी आयाम' भी है। उन्होंने हालांकि प्रदर्शन भड़काने को लेकर किसी दल या व्यक्ति का नाम नहीं लिया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रबुद्ध नागरिक चाहते हैं कि केंद्र पूरी गंभीरता से इस मामले पर गौर करे और देश के लोकतांत्रिक संस्थानों की रक्षा करे और ऐसी ताकतों के खिलाफ कार्रवाई करे। उसमें कहा गया है कि केंद्र की नीतियों के विरोध का दावा करने वाले इन इन प्रदर्शनों की रूपरेखा वाकई भारत के तानेबाने को नष्ट करने और उसकी एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाली बनाई गई है। पूरे देश में डर का जो माहौल खड़ा किया जा रहा है, वह राजनीत से प्रेरित जान पड़ती है।

हस्ताक्षर करने वालों में ये भी शामिल

ज्ञापन में कहा गया है, 'सीएए भारतीय नागरिकों पर कोई असर नहीं डालता, इसलिए नागरिकों के अधिकारों और आजादी पर खलल डालने का दावा सही नहीं ठहरता।' इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में राज्यसभा के पूर्व महासचिव योगेंद्र नारायण, केरल के पूर्व मुख्य सचिव सीवी आनंद बोस, पूर्व राजदूत जी एस अय्यर, पूर्व रॉ प्रमुख संजीव त्रिपाठी, आईटीबीपी के पूर्व महानिदेशक एस के कैन, दिल्ली पुलिस के पूर्व आयुक्त आर एस गुप्ता, पूर्व सेना उपप्रमुख एन एस मलिक जैसी कई प्रमुख हस्तियां शामिल हैं।

राजपथ पर दिखेगी...

की बात करते हैं, तो हमें ये भी याद रखना है कि भारत असल में है क्या। भारत क्या सिर्फ सरहदों के भीतर 130 करोड़ लोगों का घर भर ही है? नहीं, भारत एक राष्ट्र के साथ-साथ एक जीवंत परंपरा है, एक विचार है, एक संस्कार है, एक विस्तार है।'

'अपने कर्तव्यों पर करें चर्चा-अमल'

पीएम ने परेड में शामिल होने जा रहे युवाओं से कहा, 'यहां जितने भी युवा साथी आए हैं, मेरा आपसे आग्रह रहेगा कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की ज्यादा से ज्यादा चर्चा करें। चर्चा ही नहीं, बल्कि खुद अमल करके, उदाहरण पेश करें। हमारे ऐसे ही प्रयास न्यू इंडिया का निर्माण करेंगे।

'भारत का कोई व्यक्ति ना रहे पीछे'

परेड के उद्देश्य को लेकर पीएम ने कहा, 'हम जिस न्यू इंडिया की तरफआगे बढ़ रहे हैं, वहां यही आकांक्षाएं, यही सपने हमें पूरे करने हैं। भारत का कोई भी व्यक्ति, कोई भी क्षेत्र पीछे ना रह जाए, ये हमें सुनिश्चित करना है। गणतंत्र दिवस की परेड के पीछे भी यही ध्येय है।' पीएम ने कहा कि एनसीसी और एनएसएस के माध्यम से अनुशासन और सेवा की एक समृद्ध परंपरा जब राजपथ पर दिखती है, तो देश के करोड़ों युवा प्रेरित और प्रोत्साहित होते हैं।

26 भारतीय शब्द...

शब्दों को शामिल किया जाए जो प्रांसगिक हों और साथ ही समय के साथ अप-टू-डेट हों।

22 शब्द प्रिंटेड व 4 डिजिटल डिविजन में-नए एडिशन में इसकी वेबसाइट पर ऑडियो-विडियो टूटोरियल से लैस एडवांस फीचर को शामिल किया गया है। ओयूपी की मैनेजिंग डायरेक्टर (एजुकेशन डिविजन) फातिमा दादा ने कहा, 'इस एडिशन में 26 नए भारतीय अंग्रेजी शब्दों को शामिल किया गया है जिनमें 22 प्रिटेंड डिक्शनरी में नजर आएंगे। अन्य चार को डिजिटल डिविजन में शामिल किया गया है।'

ये शब्द भी शामिल :

उक्त शब्दों के अलावा बस स्टैंड, डीम्ड यूनिवर्सिटी, एफआईआर, नॉन वेज, रिड्रेसल, टेम्पो, ट्यूब लाइट, वेज और वीडियोग्राफ को डिक्शनरी के प्रिंट संस्करण में शामिल किया गया है। जिन शब्दों को ऑनलाइन वर्जन में रखा गया है वे हैं- लूटर, लिटिंग और अपजिला (ऐसा इलाका जहां जिला प्रशासनिक उद्देश्य से विभाजित हो जाते हैं)।

एक हजार करोड़ की...

में अपने पति ललित सूरी की मौत के बाद से इस चेन की कमान संभाली है।0अधिकारियों ने कहा कि विभाग ने हॉस्पिटैलिटी समूह द्वारा 35 करोड़ रुपये की घरेलू कर चोरी का पता लगाया है। इसमें ब्लैक मनी एक्ट, 2015 के तहत व आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कार्रवाई हो सकती है।

शुक्रवार को जारी बयान में आईटी विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने 24.93 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। जिसमें नकदी में 71.5 लाख रुपये, 23 करोड़ रुपये के गहने और 1.2 करोड़ रुपये की महंगी घड़ियां शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि ये कार्रवाई केंद्र सरकार के काले धन के खिलाफ मिशन के तहत की गई है जिसमें खास तौर पर विदेशी संपत्ति शामिल है।

राजनीति में क्राइम...

उपाय सुझाने के लिए कहा है। न्यायालय ने आयोग से एक हफ्ते के अंदर इस पर जवाब मांगा है। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव लड़ने वाले तमाम उम्मीदवारों द्वारा उनकी आपराधिक रिकॉर्ड देने मात्र से समस्या हल नहीं हो सकती। आयोग ने न्यायालय के वर्ष 2018 में दिए गए उस फैसले की याद दिलाई जिसके तहत उम्मीदवारों से उनके आपराधिक रिकार्ड को इलेक्ट्रॉनिक एवम् प्रिंट मीडिया में घोषित करने को कहा गया था। आयोग ने कहा कि राजनीति का अपराधीकरण रोकने में उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक रिकॉर्ड से कोई मदद नहीं मिली है। आयोग ने सुझाव दिया कि उम्मीदवारों से आपराधिक रिकॉर्ड मीडिया में घोषित करने के बजाए ऐसे उम्मीदवारों को टिकट से वंचित कर दिया जाना चाहिए जिनका पिछला रिकॉर्ड आपराधिक रहा हो।

सभी प्रमुख दलों में हैं दागी सांसद

सत्तारूढ़ राजद के घटक दल लोजपा के सभी छह निर्वाचित सदस्यों, बसपा के आधे (10 में से 5), जदयू के 16 में से 13, तृणमूल कांग्रेस के 22 में से नौ और माकपा के तीन में से दो सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले चल रहे हैं। इस मामले में बीजद के 12 निर्वाचित सांसदों में सिर्फ एक सदस्य ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले की हलफनामे में घोषणा की है।

बिहार और बंगाल के सबसे ज्यादा सांसदों पर मामले - आपराधिक मामलों में फंसे सर्वाधिक सांसद केरल और बिहार से चुन कर आए। केरल से निर्वाचित 90 फीसदी, बिहार से 82 फीसदी, पश्चिम बंगाल से 55 फीसदी, उत्तर प्रदेश से 56 और महाराष्ट्र से 58 प्रतिशत सांसदों पर केस लंबित। वहीं सबसे कम नौ प्रतिशत सांसद छत्तीसगढ़ के और 15 प्रतिशत गुजरात के हैं।

16वीं लोकसभा में थे 34 % दागी :

2014 के चुनाव में निर्वाचित ऐसे सांसदों की संख्या 185 (34 प्रतिशत) थी, 112 सांसदों पर चल रहे थे गंभीर केस

के-4 बैलिस्टिक मिसाइल...

-श्रेणी की परमाणु-संचालित पनडुब्बी पर तैनात किया जाएगा। परमाणु हमला करने में सक्षम पनडुब्बियों पर तैनात करने से पूर्व इस मिसाइल के कई और परीक्षणों से गुजरने की संभावना है। फिलहाल नौसेना के पास आईएनएस अरिहंत ही एकमात्र ऐसी पनडुब्बी है, जो परमाणु क्षमता से लैस है।

दो स्वदेशी मिसाइलों में से एक

के-4 पानी के नीचे चलने वाली उन दो स्वदेशी मिसाइल में से एक है, जिन्हें समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। ऐसी ही अन्य पनडुब्बी बीओ-5 है, जो 700 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर मौजूद अपने लक्ष्य पर हमला सकती है।

क्या होती है बैलिस्टिक मिसाइल

जब किसी मिसाइल के साथ दिशा बताने वाला यंत्र लगा दिया जाता है, तो वह बैलिस्टिक मिसाइल बन जाती है। इस मिसाइल को जब अपने स्थान से छोड़ा जाता है या दागा जाता है तो यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण नियम के अनुसार अपने पूर्व निर्धारित लक्ष्य पर जाकर गिरती है।

सुरक्षा और सुरक्षित परिचालन ही मुख्य उद्देश्य : महाप्रबंधक

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। सेफ्टी,सुरक्षा और सुरक्षित परिचालन ही हमारा मुख्य एजेंडा रहता है और जन प्रतिनिधियो तथा अन्य संघठनों के द्वारा यात्री सुविधाओं की वृद्धि की मांगो को भी पूरा करने का भरपूर प्रयास किया जाता है, उक्त बाते बिलासपुर रेलवे जोन के महाप्रबंधक श्री गौतम बैनर्जी ने अपने भाटापारा प्रवास के दौरान पत्रकारो से चर्चा करते हुए कही। रेल महाप्रबंधक श्री बेनर्जी ने चर्चा में बताया की उनका यह वार्षिक निरीक्षण है जो की प्रति वर्ष सेक्शन में किया जाता है और रेलवे हमेशा संरक्षा, सुरक्षा और सुरक्षित रेल परिचालन के लिए प्रतिबद्ध रहता है।

निरीक्षण के दौरान रेल लाइनो का रख रखाव,ब्रिज आदि की और विशेष ध्यान रखा जाता है । महाप्रबंधक ने कहा की उनके समक्ष काफी लोगो ने अपनी विभिन्न समस्याओं से और मांगो से अवगत कराया है जिसका जल्द से जल्द यथोचित निराकरण कर दिया जायेगा और भाटापारा के रेल यात्रियो के लिए उनकी सुविधाओ में वृद्धि का पूरा प्रयास किया जायेगा।इसके पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा ने महाप्रबंधक से मुलाकात की और भाटापारा के रेल यात्रियो के हितो में अनेक मांग रखी। विधायक श्री शर्मा ने सिद्ध बाबा रेलवे फाटक पर अंडर ब्रिज और ओवर ब्रिज बनाने,रेल मॉल धक्का की सड़क को चौरी करण करने,रेल अस्पताल खोलने, डाउन ट्रेनों को 5 नम्बर प्लेटफार्म में लेने,एक अतिरिक्त फुट ओवर ब्रिज बनाने,,रेस्ट हॉउस के पास प्रवेश द्वार बनाने सहित अन्य मांगो से महाप्रबंधक को अवगत कराया। महाप्रबंधक श्री बेनर्जी ने अपने भाटापारा प्रवास के दौरान आर पी एफथाना की नवकृत भवन का आर पी एफ के वरिस्ट अधिकारीयो की उपस्थिति में उद्घाटन किया।

दो चरणों की चुनाव ड्यूटी से नाराज शिक्षकों ने प्रशिक्षण का किया बहिष्कार

भाटापारा। भाटापारा के इतवारी राम यादव हाई स्कूल में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव में ड्यूटी लगने वाले शिक्षकों का प्रशिक्षण होना था जिसमें शिक्षा विभाग के लगभग 500 शिक्षकों का प्रशिक्षण था लेकिन शिक्षको का गुस्सा फूटा और शिक्षकों ने लामबंद होकर आंदोलन छेड़ दिया , जिसका मुख्य कारण था आगामी पंचायत चुनाव जो कि पूरे छत्तीसगढ़ में दो चरणों में संपन्न होगी जिसका पहला चरण 28 जनवरी एवं दूसरा चरण 3 फरवरी को है जिसमें भाटापारा ब्लॉक के शिक्षकों का चुनावी ड्यूटी दोनों चरणों में एक साथ लगा दिया गया है , जिसके कारण शिक्षकों का कहना है कि जो ड्यूटी लगाई गई है यह शिक्षकों का शोषण किया जा रहा है जिस किसी भी शिक्षक के चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है उसे सिर्फ एक चरण में ड्यूटी के लिए आदेशित किया जाए क्योंकि एक चरण में ड्यूटी के बाद शिक्षक बड़ी थकान में रहते हैं मानसिक रूप से कमजोर हो चुके रहते हैं जिसके कारण आगामी चुनाव में फिर से ड्यूटी लगने से कुछ गलतियां होने की संभावना रहती है जिसके कारण बाद में शिक्षकों पर कार्यवाही करने से भी प्रशासन नहीं चूकती ना किसी प्रकार की शिक्षकों की सुनवाई की जाती, जो सीधा सीधा शिक्षकों का शोषण किया जा रहा है इस तरह की ड्यूटी लगा कर पिछले विधानसभा चुनाव में भी कुछ इस तरह की परिस्थितियों को शिक्षकों ने सहा है जिसके कारण आज शिक्षक प्रशिक्षण का बहिष्कार किए हैं ।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-1364, सेजबहार, रायपुर के मूल आबंटी श्री रविशंकर मिश्रा पिता स्व. श्री रामाधार मिश्रा, पता- प्रियंका काम्पलेक्स, मिश्रा मेडिकल स्टोर्स, पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.) की मृत्यु दि. 02.03.2015 को हो जाने के कारण उनके वारिसान धर्मपत्नी श्रीमती विजय लक्ष्मी मिश्रा पति स्व. श्री रविशंकर मिश्रा, पता- 761, आदर्श चौक, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र, पारिवारिक सहमति पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन अपने नाम से नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भवन श्रीमती विजय लक्ष्मी मिश्रा पति स्व. श्री रविशंकर मिश्रा, पता- 761, आदर्श चौक, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर मृत्यु उपरांत नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के मृत्यु उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा निर्मित सामान्य आवास योजनांतर्गत धरमपुरा, रायपुर में निर्मित भवन क्रमांक- ईडब्ल्यूएस ब्लाक- 38, म.नं. 03 भूतल, आबंटी श्रीमती हेमा पंकज रावल, पति श्री पंकज रावल पता- मेन रोड, वार्ड नं. 03, खरियार रोड, पोस्ट खरियार रोड, जिला-नवापारा (उडीसा) द्वारा (आम मुख्त्यार) श्रीमती योगिता रावल, पिता श्री रमाकांत रावल पता- वार्ड नं. 20, म.नं. 38/2 ईडब्ल्यूएस धरमपुरा, कृषक नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भूखण्ड/भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है। उक्त भूखण्ड/भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन को फ्री-होल्ड किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय- सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग

// आम सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार आ. स्व. बंशीलाल, निवासी- मरोदा सेक्टर भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग द्वारा भवन क्रमांक एलआईजी-62, उमदा भिलाई, जिला दुर्ग में आबंटित है। आबंटी श्री अशोक कुमार के द्वारा भवन का विक्रय पत्रक पंजीयक कार्यालय, दुर्ग में दिनांक 04.12.2014 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 20.03.2015 को निष्पादन पश्चात उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 17.06.2015 को श्रीमती लखविन्दर कौर पति श्री अवतार सिंह एवं श्री अवतार सिंह आ. स्व. दया सिंह के संयुक्त नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती लखविन्दर कौर एवं श्री अवतार सिंह द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त भवन नवीन क्रेता श्रीमती लखविन्दर कौर एवं श्री अवतार सिंह के संयुक्त नाम पर हस्तांतरण/ नामांतरण किया जाना है, तो किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था बैंक, वृत्तिय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो आम सूचन प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें बाद में प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, नामांतरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 22/01/2020 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 435/2019-20
वार्ड का नाम- श. ब्रिगेडियर उस्मान-55

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. ब्रिगेडियर उस्मान-55 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 41/634 टिकरापारा जो कि निगम अभिलेख में 1. श्री लक्ष्मण लेखवानी 2. अजय लेखवानी दोनों पिता स्व. खट्टूमल लेखवानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती पूजा गुप्ता पति उमेश गुप्ता ने रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

NMDC LIMITED
Bailadila Iron Ore Mine, Kirandul Complex
(An ISO-9001:2000 & ISO-14001 Certified Unit)
KIRANDUL-494556 dIst-SOUTH BASTER DANTEWADA (C.G) INDIA
Corporate Identity No. L13100TG1958GOI001674

No. Ser (Mech)/BIOM(K)/4833/2019-20 Dated : 21.01.2020

PRESS NOTIFICATION

BIOM, Kirandul Complex, Kirandul, invites SEALED TENDERS in TWO BID SYSTEMS for the following work (s), from firms meeting the PQC requirements. The Tender Documents can be purchased from the Office of Deputy General Manager (Finance), NMDC Ltd., Kirandul Complex, Kirandul, on any working day during office hours (Wednesday is weekly rest day). Sale of tender Documents will be available at Kirandul only. However tender documents can be downloaded from the Website mentioned below.

Sl No.	Name of work	Estimated cost (in Lakhs)	Earnest Money Deposit	Contract Validity (in months)	Period of Sale of Tender Document	Due-date of Submission of Tender	Date & Time of Tender Opening	Cost of Tender Documents
1	AMC for 02 no's WDS-6 & 01 no WDG-3A Locomotives at BIOM Kirandul Complex for a period of 03 years	Rs.154.12 Lakh	Rs 1,54,000	36 months	25.01.2020	21.02.2020	21.02.2020	Rs.8850 (including GST)

For NOTICE INVITING TENDER, Pre-Qualitying conditions, other tender conditions and for Complete Address and Datails, etc, intending Bidders are requested to visit on our Website www.nmdc.co.in. Corrigendum and Addenda if any will be posted on our NMDC website only. The prospective bidder should visit our NMDC website from to time note the Corrigendum and Addenda if any.

For and on behalf of NMDC Ltd.
Jt. General Manger (Mech)
Mechanical Services Deptt.

No BIOM/KDL/CMPLX/G&QC/ORE/OTE/2019/2 Dated : 23.01.2020

PRESS NOTIFICATION

The Balladila Iron Ore Mine, Kirandul Complex invites sealed item rate tenders in two-bid system at an estimated amount of Rs. 39.53 Lakhs for Loading of 2.50 LT (+/-20%) Baila ROM/ Baila Lump/Fine Ore/ Desilted Slime the stockpiles at Loading plant, TCP, near SP-1 and MV siding and BIOM Kirandul into trucks/ tippers by engaging Mechanical Poclain/Wheel Loader.
The tender documents are obrainable from the office of The Dy. General Manager (Finance) Bailadila Iron Ore Mine, Kirandul Complex, P.O. Kirandul, Dist. South Bastar Dantewada, C.G. State, Pin-494556, During the working hours on any working day between 10 am to 4 pm from 23.01.2020 to 20.02.2020 or can be downloaded from our website www.nmdc.oc.in www.eprocure.gov.in. Any further modification/ corrigendum etc. will be pubilshed only on the above website.

Estimated amount	-	Rs 39.53 Lakhs
Period of contract	-	12 months (Including 3 months rainy season)
Tender documents obtainable	-	23.01.2020 to 20.02.2020
Last Date of submission of Tender	-	20.02.2020 by 15.30 hours
Date of opening of tender	-	20.02.2020 by 16.00 hours
Cost of tender	-	Rs.4500 (+18%GST) (non refundable)

Wednesday is weekly rest day)

For and on behalf of NMDC Ltd.
Jt.General Manager (Geol.)
BIOM, Kirandul Complex

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 377/2019-20
वार्ड का नाम- महामाया मंदिर-62

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि महामाया मंदिर वार्ड 62 स्थित मकान/ भूमि 62/सुमेरू मठ के पास प्रोफेसर कालोनी जो कि निगम अभिलेख में श्री सूरजभान यादव पिता श्री रतनलाल यादव के नाम से दर्ज है, जिसको श्री साधराम कश्यप पिता स्व. श्री ननकूराम कश्यप ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 378/2019-20
वार्ड का नाम- रविन्द्रनाथ टैगोर-51

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर-51 स्थित मकान/ भूमि 51/दु.नं. 65/सुविधा डूमरतराई जो कि निगम अभिलेख में श्री अजय कुमार पंजवानी पिता श्री कन्हैयालाल पंजवानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती जया तोलानी पति श्री प्रकाशचन्द्र तालोनी ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-4, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हितग्राहियों को आवासीय भवन/ भूखण्ड/फ्लैट 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन/भूखण्ड/फ्लैट को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

खम्हारडीह, रायपुर

क्रमांक	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	भवन/फ्लैट क्रमांक
1	श्रीमती रेहाना परवीन	श्री शेख इस्माईल	LIG Flat-298/Block-13/3rd Floor
2	श्री अजय कुमार मिश्रा	स्व. श्री रूपराम मिश्रा	LIG Flat-294/Block-13/2nd Floor
3	डॉ. चन्द्रावती नागेश्वर	स्व. श्री सूरज दास नागेश्वर	LIG Flat-122/Block-06/1st Floor
4	श्री राममोहन सिंह	श्री अंर्तयामी सिंग	LIG Flat-248/Block-11/2nd Floor

डुमरतराई फेस-। एवं फेस-।।, रायपुर

क्रमांक	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	भवन/फ्लैट क्रमांक
1	श्री लख्मीचंद फब्यानी एवं श्री विलास सुतार	श्री नेवलमल फब्यानी एवं श्री बी.डी. सुतार	EWS Flat-84/Block-06/G.F Floor
2	श्रीमती रूखमणी बिझेंकर	श्री राजेश कुमार	EWS Flat-143/Block-09/3rd Floor
3	श्री सेठू सिंह नायक	श्री बहादुर सिंह नायक	MIG Flat-112/Block-05/4th Floor
4	श्री मनीष जैन	श्री चिरंजी लाल जैन	MIG Flat-287/Block-12/6th Floor
5	श्री सुनील अग्रहरी	श्री मोहन अग्रहरी	MIG Flat-412/4th Floor
6	श्रीमती सोनिया श्रीवास्तव	श्री शिवेन्द्र श्रीवास्तव	EWS Flat-101/Block-1/1st Floor

बोरियाकला, रायपुर

क्रमांक	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	भवन/फ्लैट क्रमांक
1	डॉ. प्रभात रंजन एवं श्रीमती मीरा शर्मा	श्री जे.एन. मिश्रा एवं डॉ. प्रभात रंजन	बनयान-।।/15

संपदा अधिकारी

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

पहली बार अर्जुन कपूर संग रैंप करती आई जान्हवी कपूर

भाई-बहन की जोड़ी ने फैशन शो में बरपाया कहर

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर पहली बार अपने भाई अर्जुन कपूर के साथ फैशन रैंप पर उतरी। इन दोनों की जोड़ी प्राइड फैशन टूर में नजर आई। इन दोनों को देखकर सभी की आंखें उनकी ग्लैमरस और गॉर्जियस स्टाइल पर ठहर गईं। सभी ने शो में इनका स्वागत करते हुए इनकी तारीफें भी की।

गौरतलब है कि जान्हवी-अर्जुन कपूर ने पहली बार फैशन डिजाइनर अनामिका खन्ना के लिए रैंप वॉक किया। यह फैशन शो कोलकाता में हुआ। इस फैशन शो का थीम 'ब्लेंडर प्राइड फैशन टूर' 'माई क्राफ्ट, माय प्राइड' था। डिजाइनर अनामिका ने अपने कलेक्श में बाइट प्रिंट्स रखा था। इस फैशन शो में जान्हवी ने एक लेयर्ड आउटफिट कैरी किए हुए नजर आई जो बोहो फैशन से इंस्पायर्ड था। तो वहीं अर्जुन प्लेन ब्लैक पैंट के साथ प्रिंटेड जैकेट में दिखे जो उनपर खूब जच रहा था।

अब दोनों के वर्कफ्रंट की बात करें तो जान्हवी कपूर ने 2018 को रिलीज हुई फिल्म धड़क से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में जान्हवी के साथ शाहिद कपूर के भाई ईशान खट्टर नजर आए थे।

पृथ्वीराज में संयोगिता का किरदार निभायेगी मानुषी छिल्लर

मुंबई (वार्ता)। मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर फिल्म पृथ्वीराज में संयोगिता के किरदार में नजर आयेंगी और उन्होंने इस फिल्म से अपना फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। मानुषी छिल्लर फिल्म पृथ्वीराज से अपने फिल्म ी करियर की शुरुआत करने जा रही हैं। अक्षय कुमार इस फिल्म में लीड भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म से मानुषी ने अपना फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इस किरदार के शैडो लुक को रिवील किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, प्तसंयोगिता, प्तपृथ्वीराज।

अक्षय और नुपूर फिलहाल पार्ट 2 में करेंगे काम

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार, नुपूर सैनन के साथ जल्द ही म्यूजिक वीडियो फिलहाल-2 में नजर आयेंगे। अक्षय कुमार अपने चार्टबस्टर सॉन्ग 'फिलहाल' का अब दूसरा हिस्सा लेकर आने वाले हैं। इस गाने में भी उनके साथ नुपूर सैनन की जोड़ी होगी। 'फिलहाल' गाने में दोनों की लव केमिस्ट्री जबरदस्त रही थी। यह अभी भी लोगों के सबसे पसंदीदा गानों की लिस्ट में शुमार है। 'फिलहाल' के दूसरे पार्ट की जानकारी खुद अक्षय कुमार ने ट्वीट कर दी है। इसमें उन्होंने एक खूबसूरत फोटो और उतना ही खूबसूरत कैप्शन भी दिया है। कैप्शन में लिखा है, 'एक अन्य मधुर गीत के साथ कहानी अभी जारी है...।' 'फिलहाल' के पहले पार्ट के गाने के लिरिक्स और कम्पोजर जानी हैं और डायरेक्ट अरविंद खैरा ने किया। सिंगर बी. प्राक ने इस गाने को गाया था। अरविंद खैरा ने भी इसकी जानकारी दी है और लिखा है, 'हर लव स्टोरी को दूसरे चांस की जरूरत होती है।' गौरतलब है कि 'फिलहाल' के पहले पार्ट में दिखाया गया है कि अक्षय और नुपूर प्रेमी-प्रेमिका हैं लेकिन परिवार के दबाव में दोनों को बिछड़ना पड़ता है। दोनों अलग-अलग शादी करते हैं।पर, जब हॉस्पिटल के बेड पर एक डॉक्टर के रूप में अक्षय दोबारा नुपूर को देखते हैं तो वह फिर उन्हीं यादों में लौट जाते हैं।

QUIZ TIME

1) भारतीय कहानी पर आधारित पहली मुक फिल्म का नाम क्या है, जिसे सन् 1912 में आर.जी.टोर्नी एवं एन.जी.जिचे ने बनाया था?
2) भारत ने ओलंपिक हॉकी में स्वर्ण पदक आखिरी बार कब जीता था?
(क) 1976 (ख) 1980 (ग) 1984 (घ) 1988
3) लोकसभा हेतु निर्वाचित होनेवाले प्रथम भारतीय वैज्ञानिक कौन था ? (डॉ. मेघनाद साहा / विक्रम साराभाई)
4) ज्ञानपीठ पुरस्कार की स्थापना सन् 1965 किसके द्वारा की गई थी?
5) 2019 व्यास सम्मान से सम्मानित महिला का नाम बताए?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) पुंडलिक (2) 1980 (3) डॉ. मेघनाद साहा (4) साहू शांति प्रसाद जैन (5) नासिरा शर्मा

'दुलहन' बनीं कटरीना की तस्वीरें हुई वायरल फैन्स ने पूछा-कब है शादी और इंतजार नहीं होता'

कटरीना कैफ ने सोशल मीडिया पर अपने ब्राइडल लुक की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह काफी खूबसूरत लग रही हैं। उनके इस दुलहन अवतार ने फैन्स को भी उत्साहित कर दिया है।

ऐक्टर विकी कौशल के साथ अपने अफेयर को लेकर चर्चा बटोर रहीं कटरीना कैफ हाल ही में दुलहन बनीं और उनके इस गेटअप की कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं।

कटरीना और विकी कौशल के अफेयर के किस्से काफी वक्त से फिल्म ी गलियारों में फैले हुए हैं, लेकिन अभी तक दोनों स्टार्स में से किसी ने भी खुलकर कुछ नहीं कहा है। अब कैट या विकी भले ही अपने रिश्ते पर मुंह न खोलें, पर फैन्स कहां मानने वाले हैं। तभी तो हाल ही में जब कटरीना और विकी कौशल एक दोस्त की पार्टी में शामिल होने साथ-साथ पहुंचे, तो फैन्स ने ट्विटर पर उन्हें न सिर्फ 'पावर कपल' बुलाना शुरू कर दिया बल्कि उनके लिए एक निकनेम भी डिसाइड कर दिया। फैन्स ने विकी और कैट को 'VicKat' निकनेम दिया।

वैसे कैट सोशल मीडिया पर खूब ऐक्टिव रहती हैं और अपनी तस्वीरें व विडियो शेयर करती रहती हैं तो जाहिर है कि उन्होंने विकी और खुद के लिए फैन्स द्वारा किए गए कॉमेंट और यह निकनेम भी देखा होगा। हालांकि अब यह देखना बाकी है कि कैट और विकी अपने रिश्ते को कब ऑफिशली कबूल करेंगे।

ऐड के लिए दुलहन बनीं कटरीना: बात करें कटरीना की दुलहन बनीं इन तस्वीरों की, तो ये दरअसल एक ऐड शूट के दौरान की हैं।

सत्ते पे सत्ता के रीमेक में काम करेंगे अजय देवगन!

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन सुपरहिट फिल्म सत्ते पे सत्ता के रीमेक में काम करते नजर आ सकते हैं।

बॉलीवुड निर्देशक फराह खान, रोहित शेट्टी के साथ मिलकर 'सत्ते पे सत्ता' का रीमेक बनाने जा रही है। अस्सी के दशक में प्रदर्शित फिल्म सत्ते पे सत्ता में अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी ने मुख्य भूमिका निभायी थी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए पहले ऋतिक रोशन को कास्ट किये जाने की बात थी लेकिन बात नहीं बन सकी। कहा जा रहा है कि अब सत्ते पे सत्ता के रीमेक के लिए अजय देवगन को अप्रोच किया गया है। कहा जा रहा है कि अजय ने इसके लिए हामी भर दी है।

लोढ़ा समूह ने तीसरी तिमाही में की 2000 करोड़ की बिक्री

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत के सबसे बड़े रियल एस्टेट डेवलपर लोढ़ा समूह ने उद्योग को पीछे छोड़ते हुए तीसरी तिमाही में बिक्री में 30 प्रतिशत से अधिक की सालाना वृद्धि दर्ज की है।

कंपनी की यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार अक्टूबर से दिसम्बर तक की तिमाही में समूह की बिक्री लगभग 2000 करोड़ रुपये की रही। समूह को सस्ते हाउसिंग पर केन्द्रित और नये लाँच किये गए इसके ब्रांड 'क्राउन' से बड़ी कामयाबी मिली। इसके अलावा इस वृद्धि में न्यू कफपरेड जैसे इसके प्रमुख प्रोजेक्ट में लगातार मजबूती का भी महत्वपूर्ण योगदान है जिसे बीकेसी-सायन कनेक्टर और द पार्क के खुलने से लाभ हुआ। पार्क का कब्जा 2019 के मध्य में आरम्भ हुआ था।

लोढा समूह के प्रबंध निदेशक अभिषेक लोढ़ा ने कंपनी की इस उपलब्धि पर कहा,÷ हम अपने डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो में श्रेणी का सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट सौंपने में हमेशा सबसे आगे रहे हैं, सस्ते हाउसिंग क्षेत्र में औरों से पहले प्रवेश करने वालों में से एक होने के नाते इस ग्रुप को उपभोक्ताओं की ज़रूरतों की गहरी समझ है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले लाँच हमारे सस्ते हाउसिंग ब्रांच 'क्राउन' की बढ़िया शुरुआत हुयी है। यह ब्रांड सुविधाजनक स्थानों में उच्च कोटि का घर मुहैया करने पर केन्द्रित हैं।

उन्होंने कहा, हमें प्रीमियम हाउसिंग सेगमेंट में न्यू कफ परेड और लोढ़ा पार्क जैसे प्रोजेक्ट में खरीदारों का जबरदस्त आकर्षण दिखाई दे रहा है, जहाँ उपभोक्ताओं में तैयार फ्लैट और उत्तम क्वालिटी, एकीकृत विकास को लेकर स्पष्ट पसंद दिखाई दे रही है। आर्थिक मंदी के बावजूद हमें वाकेश्वर और अल्टामाउंट रोड में अपने लग्ज़री डेवलपमेंट में शानदार बिक्री भी लगातार दिख रही है।

भारतीय इतिहास के पुनर्लेखन की जरूरत : संजीव सान्याल

नयी दिल्ली (वार्ता)। वित्त मंत्रालय के प्रधान आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल ने गुरूवार को कहा कि भारतीय इतिहास पर दोबारा चर्चा करने और पुनर्लेखन की जरूरत है ताकि भविष्य की पीढ़ी को भारत के सही इतिहास को समझने में मदद मिल सके। श्री सान्याल ने नेताजी सुभाष बोस - आईएनए ट्रस्ट और फिक्की द्वारा यहां आयोजित 14वें नेजाती सुभाष मेमोरियल व्याख्यान में कहा कि भारत को अपने इतिहास पर फिर से चर्चा शुरू करने की जरूरत है। इसको शुरू करने के लिए भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई औपचारिक , आधिकारिक इतिहास की किताब को पढ़ेगा तो उसे देश के स्वतंत्रता संघर्ष की विशेषता जानने का मौका मिलेगा।

बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स में 226 अंकों की तेजी

नई दिल्ली। शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुआ। सेंसक्स 226.79 अंकों की तेजी के साथ 41,619 और निफ्टी 67.90 अंको की बढ़त के साथ 12,248 के स्तर पर बंद हुआ। आज शुरुआत में गिरावट के साथ खुलने के बाद शेयर बाजार में तेजी आ गई।

एक समय सेंसेक्स 120.86 अंकों की तेजी के साथ 41,507.26 और निफ्टी 42 अंकों की बढ़त के साथ 12,222.35 पर कारोबार करता दिखा। नरम वैश्विक संकेतों तथा आगामी बजट को देखते हुए निवेशकों के सतर्कता बरतने से शुरुआती कारोबार सेंसेक्स में 70 अंक से अधिक की गिरावट देखने को मिली।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 71.95 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 41,314.45 अंक पर आ गया। एनएसई का निफ्टी भी 17.85 अंक यानी 0.15 प्रतिशत नरम होकर 12,162.50 अंक पर रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड, कोटक बैंक, इंफोसिस, टीसीएस, टाटा स्टील और भारती एयरटेल में सर्वाधिक गिरावट रही। हालांकि एशियन पेंट्स, टाइटन, बजाज ऑटो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, एलएंडटी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर बढ़त में रहे।

एशियाई बाजारों में जापान के निक्की तथा हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट चल रही थी। चीन का शंघाई कंपोजिट, ताइवान का ताईपेई शेयर बाजार और दक्षिण कोरिया का कोस्पी सार्वजनिक अवकाश के कारण शुक्रवार को बंद रहा। इस बीच ब्रेंट कच्चा तेल 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 62.08 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स में 0.66 प्रतिशत तथा निफ्टी में 0.61 प्रतिशत की तेजी रही था।

खुशखबरी: सरकार फैमिली पेंशन पर देगी बड़ी छूट

नई दिल्ली। केंद्र सरकार अगले महीने पेश होने वाले बजट में पारिवारिक (फैमिली) पेंशनधारकों को बड़ी राहत दे सकती है। फैमिली पेंशन धारकों को मिलने वाल सालाना छूट की सीमा को बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया जा सकता है। हिन्दुस्तान को सूत्रों के जरिए मिली जानकारी के मुताबिक वित्त मंत्रालय को श्रम मंत्रालय ने इस मोर्चे पर राहत देने का प्रस्ताव भेजा है। वित्त मंत्रालय प्रस्ताव पर विचार कर इसे बजट में शामिल कर सकता है।

क्या है वर्तमान स्थिति

आश्रितों को मिलने वाली पेंशन पर मिलने वाली रकम का एक तिहाई हिस्सा या फिर 15 हजार रुपये की रकम, दोनों में से जो भी कम होता है सिर्फ उसी पर टैक्स छूट मिलती है। फैमिली पेंशन के मद में इसके पात्र व्यक्ति को स्टैंडर्ड डिडक्शन का फायदा भी नहीं मिलता है। यही वजह है कि सरकार आश्रितों को भी मिलने वाली पेंशन पर स्टैंडर्ड डिडक्शन के बराबर छूट देने पर विचार कर रही है।

निवेश पर टैक्स कम

सरकार बजट में लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) में बड़ी राहत दे सकती है। सूत्रों के मुताबिक सरकार बजट में कुछ शर्तों के साथ एलटीसीजी की प्रभावी दर शून्य कर सकती है। इसके तहत म्यूचुअल फंड और रियल एस्टेट में निवेश भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक एलटीसीजी के तहत एक साल की समय सीमा बढ़ाकर तीन साल करने पर विचार किया जा रहा है। एक साल तक केवल 15 फीसदी एलटीसीजी का प्रावधान हो सकता है। जबकि एक से तीन साल तक 10% रखा जा सकता है।

होम लोन पर और छूट

देश के प्रमुख उद्योग मंडल सीआईआई ने घर खरीदारों को बजट में अधिक कर लाभ दिए जाने का आग्रह किया है। उद्योग मंडल ने कहा है कि नकदी संकट से जूझ रहे रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग बढ़ाने के लिए आगामी बजट में घर खरीदारों को मिलने वाले कर लाभ बढ़ाए जाने चाहिए। सीआईआई के बयान में कहा गया है, मकान कर्ज पर देय ब्याज पर अधिकतम कर छूट दो लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया जाना चाहिए। साथ ही सरकार को प्रधानमंत्री आवास योजना का दायरा भी बढ़ाना चाहिए।

क्या होती है फैमिली पेंशन?

कंपनियों और संगठित क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए श्रम मंत्रालय के अधीन आने वाला कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानि ईपीएफओ, पीएफ और पेंशन स्कीम चलाता है। इसके जरिए ही कामगारों को सेवानिवृत्त होने पर पेंशन मिलती है।

यस बैंक को डूबने से बचा सकता है सरकारी बैंक एसबीआई

- **SBI चेयरमैन रजनीश कुमार के बयान से अंदाजा लगाया जा रहा है कि प्राइवेट सेक्टर के यस बैंक को बचाने में SBI का अहम योगदान हो सकता है। हालांकि पिछले महीने कुमार ने कहा था, 'यह सवाल ही पैदा नहीं होता कि SBI यस बैंक के लिए कुछ करेगा।'**

नई दिल्ली। प्राइवेट सेक्टर के यस बैंक को बचाने में सरकारी बैंक SBI का भी अहम योगदान हो सकता है। इस बात के संकेत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) के चेयरमैन रजनीश कुमार ने दिए। उन्होंने कहा, 'यस बैंक बाजार का अहम खिलाड़ी है। इसकी बैलेंस शीट करीब 40 अरब डॉलर की है। मुझे लगता है कि इसे नाकाम नहीं होना चाहिए।'

कुमार के इस बयान से अंदाजा लगाया जा रहा है कि प्राइवेट सेक्टर के यस बैंक को बचाने में SBI का अहम योगदान हो सकता है। हालांकि पिछले महीने कुमार ने कहा था, 'यह सवाल ही पैदा नहीं होता कि SBI यस बैंक के लिए कुछ करेगा।'

फंड जुटाने की मुश्किल के बीच पिछले एक साल में यस बैंक के शेयर 80 पर्सेंट तक गिर गए हैं। बैंक की ऐसेट क्वॉलिटी को लेकर चिंताएं हैं। बैंक फंड कैसे जुटाएगी, इसका भी कोई रास्ता नहीं मिल रहा है।

MSP से नीचे बिक रहे अरहर, चने का भाव और गिरेगा!

पुणे। अरहर और चना का भाव सरकार के तय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से 10-15 प्रतिशत नीचे चल रहा है। इसमें आगे और गिरावट की आशंका है क्योंकि नई फसल कटने के साथ आवक रफ्तार पकड़ रही है। व्यापार जगत के मुताबिक, अब पूरा दारोमदार सरकार पर है। वह अरहर और चना की ज्यादा खरीदारी करेगी, तभी कीमतों में गिरावट का सिलसिला रुकेगा। एक ओर, पिछले साल के अनियमित मॉनसून के चलते उड़द की पैदावार पर बुरा असर पड़ा था। इसका खुदरा भाव 100 रुपये किलो के पार हो गया है। इसे काबू में करने के लिए सरकार 4 लाख टन उड़द आयात कर चुकी है।

रुचि सोया, पतंजलि का कारोबार, हुआ 25000 करोड़ के पार :रामदेव

नयी दिल्ली (वार्ता)। योग गुरु बाबा रामदेव ने शुक्रवार को दावा किया कि रुचि सोया और पतंजलि इस वित्त वर्ष में 25000 करोड़ रुपये का कारोबार करेगी और अगले वर्ष तक देश की एफएमजीसी क्षेत्र की नम्बर एक कम्पनी बन जाएगी।

स्वामी रामदेव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रुचि सोया का इस वित्तीय वर्ष में 12000 करोड़ और पतंजलि का 13000 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इन कम्पनियों का अगले एक साल के दौरान करोबार 30 से 40 हजार करोड़ रुपये करने का प्रयास किया जायेगा। रुचि सोया का 4500 करोड़ रुपये में सरकार के हस्तक्षेप के बिना अधिग्रहण किया गया है ।

योग गुरु ने कहा कि यूनीलीवर अभी तक एफएमजीसी क्षेत्र की नम्बर एक कम्पनी है लेकिन अगले साल तक उनकी कम्पनी यह स्थान हासिल कर लेगी । उन्होंने कहा कि पिछले नौ माह से पतंजलि के बाजार हिस्सेदारी को लेकर दुष्प्रचार किया जा रहा है लेकिन उसके किसी भी उत्पाद का हिस्सेदारी में कमी नहीं आई है बल्कि पिछले साल की तुलना में कारोबार बढा ही है । दवा , शहद और सौंदर्य र्पसाधन उत्पादों पर कोई असर नहीं हुआ है । उन्होंने कहा कि अगले दो से पांच साल के दौरान रुचि सोया के कारोबार में तीन से पांच गुना वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । सोयाबीन से बने न्यूट्रीला के तीन नये उत्पाद बाजार में जल्द जारी किये जायेंगे ।

जर्जर भवनों में देश का भविष्य, जान हथेली पर रख कर रहे पढ़ाई

- जिम्मेदारों की अनदेखी से बच्चे हो सकते हैं हादसों का शिकार
- शिल्प ग्राम किल्लेकोड़ा का यह प्राथमिक शाला भवन हो चुका पूरा जर्जर, फिर भी लग रहीं कक्षाएं

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद/डोंडीलोहारा। एक ओर शिक्षा को बढ़ावा देने नई नई योजनाएं बनाई जा रही हैं। सभी को समान शिक्षा मिले इसके लिये शिक्षा का अधिकार जैसे अधिनियम बने हैं। बच्चों को कुपोषण से बचाने स्कुलों में पोष्टीक आहार की व्यवस्था हो रही है। लेकिन जर्जर शाला भवनों की स्थिति देख लगता है कि जिम्मेदारों का इस ओर ध्यान नहीं है ,बालोद जिले का डौन्डीलोहारा विकासखंड के शिल्प ग्राम का दर्जा प्राप्त किल्लेकोड़ा ग्राम जहां पर ग्राम के विकास के लिये शिल्पकारों के विकास के लिये इनके जीवन स्तर को उंचा उठानें के लिये सरकार ने कदम बढ़ायें लेकिन इन परिवारों के छोटे छोटे बच्चों को सही शिक्षा भवन मिल सके इस ओर प्रशासन का ध्यान नही है ,ग्राम के ही प्राथमिक शाला की स्थापना 1964 में हुई थी, वही इस स्कुल के लिये वर्ष 2005 में बने जिस भवन में बच्चों को बिठाकर वर्तमान में उन्हें पढ़ाया जा रहा है, वों अन्यंत जर्जर व जीर्णर्शीण हो गया है, दिवारों में पानी से सिपेज आ रह है, वही छत पुरी तरह से टुट टुटकर नीचे गिर रहा है, बावजुद इसी भवन में शाला में पढ़ाई कर रहे करीब 67 बच्चों को बैठाकर पढ़ाई कराया जा रहा है, जान हथेंली पर रखकर ये बच्चें अपना भविष्य गढ़ने मजबुर है वही पालक भी और कोई भी अन्य भवन न होने के कारण वो भी इस मामले में अनजान बने हुये है व अपने बच्चों को इसी खंडहर बन रहे स्कुल भवन में पढ़ने भेंज रहे है।

तत्कालीन सीएम व राज्यपाल पहुंचे थे

वर्ष 2006 में इस ग्राम के पहाड़ों में भरपुर मात्रा में कुंडी पत्थरों के भंडार व उसको तराश कर मुर्ति बनाने वाले कारीगरों की कला व उनके विकास को लेकर बने आयोजन में प्रदेश के तत्कालीन मुखिया डा रमन सिंह व प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल के एम सेठ का आगमन इस ग्राम में भी हो चुका है तथा प्रदेश के आला अफसरों का आगमन भी यंहा होते रहा है, लेकिन शिक्षा के इस जर्जर मंदिर पर किसी का भी ध्यान नही गया है।

प्रदेश के नामी आई ए एस अफसर रहे के आर पिस्दा का मुल गृह निवास भी इसी किल्लेकोड़ा गांव में है, और मंत्रालय में कई महत्तपुर्ण शिक्षा व खनिज जैसे विभागों के सचिव भी रहे है ,बावजुद इस ग्राम का विकास भी जीर्णर्शीर्ण स्थिति में बना हुआ है।

शिक्षक भी कह रहे भवन जर्जर पर क्या करे कोई अन्य भवन व व्यवस्था नही हो पाने के कारण इसी जर्जर भवन में बच्चों को पढ़ाने बाध्य है, कई वर्षो से नये भवन बनाने की मांग कीया जा रहा है बावजुद इस ओर पहल नही हो पाया है। प्रधानपाठक बंशीलाल मानकर ने बताया कि इस स्कूल में शिक्षक संख्या 3 है व कुल 67 बच्चें पढ़ने आते है, बावजुद एक शिक्षक की कमी बनी हुई है शाला में पुराने आहता की उंचाई कम होनें से यहां पर बाहर गौठन के जानवर अंदर चले आते है, जिससे बच्चों को भी खतरा बना रहता है वनांचल क्षेत्र में स्थित होनें के कारण अधिकारी भी समय में नही पहूंच पाते है वही संचार सुविधा भी काफी खराब हें।

आर सी देशलहरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौन्डीलोहाराः-मामले की जानकारी आपके द्धारा मिल रहा है, इस विषय पर जानकारी लेता हुं, अगर भवन जर्जर है तो इस भवन के स्थान पर नये स्कुल भवन निर्माण के लिये जिला प्रशासन से पत्राचार कर नये भवन की स्वीकृति के लिये मांग किया जायेगा।

न्यूज गैलरी

नबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 10 साल की सजा

धमतरी। नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी धनेश्वर कुर्रे को विशेष न्यायधीष छमेश्वर लाल पटेल ने 10 साल की सजा सुनाई है। 1 मई 2019 को धमतरी के गंगरेल बांध भखारा और नया रायपुर घुमाने के बहने आरोपी ने युवती से रेप किया। जिसके बाद परिजनों ने युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस युवती की तलाश में जुट गई।पुलिस ने खोजबीन करते हुए पीड़ित युवती को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। पीड़िता के रिपोर्ट पर आरोपी धनेश्वर कुर्रे के खिलाफपुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में कोर्ट में पेश किया। जहा सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश ने आरोपी को 10 की सजा सुनाई है।

सट्टा खेलते रंगे हाथ पुलिस ने दबोचा, नगदी एवं पट्टी जब्त

धमतरी। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री बी.पी. राजभानु के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में असामाजिक कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।थाना अर्जुनी पुलिस के द्वारा दिनांक 22-01-2020 के रात्रि ग्राम आमदी के पास रांवा रोड में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी गोपाल साहू उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम भोथली थाना गुरुर जिला बालोद को रंगे हाथ पकड़ कर उसके कब्जे से 22 पौवा देसी मदिरा प्लेन जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है ।इसी प्रकार थाना सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा जालमपुर वार्ड में गौरा चौरा के पास रुपए पैसों का दांव लगाकर अंकों के आधार पर सट्टा खिला रहे लक्ष्मी नारायण साहू पिता मानुराम साहू उम्र 22 वर्ष साकिन जालमपुर वार्ड धमतरी को रंगे हाथ पकड़ कर उसके कब्जे से सट्टा पट्टी एवं नगदी रकम जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

धारधार हथियार से प्राणघातक हमला, 5 साल की सजा

धमतरी। ग्राम अछोटा की महिला राधा बाई एवं उसकी बेटी मीना यादव व बेटे लव कुमार यादव पर लोहे के धारधर औजार सत्तू से हमला करने वाले आरोपी अविनाश देवांगन गरियाबंद निवासी को अपर सत्र न्यायाधीश ग्रेगोरी तिर्री ने पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 30 मई 2019 की दरम्यिानी रात ग्राम अछोटा की प्रार्थिया राधा बाई यादव, मीनाबाई यादव, लव कुमार यादव पर अविनाश देवांगन पिता स्व. राजू देवांगन 25 वर्ष शारदा चौक गरियाबंद निवासी ने मिर्ची का पाउंडर फेंककर धारधर हथियार से प्राणघातक हमला किया। इस मामले में अर्जुनी पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 452, 307 एवं आयुध अधिनियम की धारा 25, 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला न्यायालय में पेश किया। इस मामले में अपर सत्र न्यायालय ने अभियुक्त अविनाश देवांगन को धारा 452 के आरोप में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 100 रूपए अर्थदण्ड, धारा 307 के आरोप में पांच साल का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपए अर्थदण्ड तथा आयुध अधिनियम की धारा 25 के आरोप में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड एवं धारा 27 के आरोप में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया है।

मछली पकड़ने गये युवक की उतराते मिली लाश

धमतरी। मछली पकडने़ गये युवक की बांध किनारे पानी में लाश मिली है। मिली जानकारी के अनुसार फूटहामुड़ा निवासी कैलाश कुमार गुरूवार शाम को बांध के किनारे मछली पकडने़ गया था। शुक्रवार सुबह लोगों ने उसकी उतराती हुई लाश देखी। केरेगांव पुलिस ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा के बाद रक्तदान एम्बुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए नगरी भेजा। आशंका यह जताई जा रही है कि मछली पकडने़ के दौरान युवक का पैर फिसल गया होगा जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। पुलिस जांच में जुट गई है।

धान-खरीदी के लिए वर्तमान में कोई लिमिट नहीं

- भेंट करने आए समिति अध्यक्षों को कलेक्टर ने स्पष्ट तौर पर बताया

धमतरी। खरीफ विपणन वर्ष.2019.20 के तहत वर्तमान में राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी जा रही है जो आगामी 15 फरवरी तक जारी रहेगी। तत्संबंध में कतिपय बिन्दुओं पर चर्चा करने एवं समस्याओं से अवगत कराने विभिन्न समिति के अध्यक्षों ने आज शाम कलेक्टर श्री रजत बंसल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान कलेक्टर ने यह साफतौर पर बताया कि वर्तमान में धान खरीदी की कोई लिमिट नहीं है। उन्होंने कहा कि जिले के कतिपय धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदने की लिमिट का भ्रम फैलाया जा रहा है जो सर्वथा गलत है। संक्षिप्त भेंट के दौरान कलेक्टर ने समिति के अध्यक्षों से कहा कि वे किसानों तक यह सकारात्मक संदेश पहुंचाएं कि शासन द्वारा वर्तमान में लिमिटेशन का कोई निर्धारण नहीं किया गया है। धान खरीदी प्रक्रिया बाधित होने से नुकसान किसानों का होगाए जो कि सर्वथा अनुचित है। विशेष रूप से छोटे किसानों को काफी व्यावहारिक एवं तकनीकी दिक्कतें होंगी। कलेक्टर ने जिले के किसानों से आगामी 15 फरवरी तक निर्बाध रूप से समितियों में धान बेचने की अपील की है तथा यह भी कहा है कि राज्य शासन सदैव किसानों के हितों को ध्यान में लेकर आगे भी सकारात्मक निर्णय लेगा।

सम्मान में मिले राशि को शाला के बच्चों के सर्वांगीण विकास में लगाया

बालोद। शिक्षादुत सम्मान प्राप्त शिक्षक कमलकांत साहू जो शासकीय प्राथमिक शाला बड़गाँव में पदस्थ हैं। उन्होंने अपने सम्मान में मिले राशि का सदुपयोग करते हुए शाला के बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रख आवश्यक सामान उपलब्ध करवाया हैं।

विद्यार्थियों के अभिव्यक्ति विकास के लिए माईक सेट प्रदाय किया है। अब बच्चे प्रतिदिन कहानी ,कविता ,भाषण देकर अपने अभिव्यक्ति कौशल को निखार रहे हैं।

साथ ही पहले स्कूलीय कार्यक्रमों के लिये किराये में टेंट लगवाते थे जिसमें खर्च अधिक आता था । इसे ओर ध्यान देते हुए इनके द्वारा शामियाना व मैट भी उपलब्ध कराया गया है। इसे देख बच्चों में खुशी उमड़ पड़ी।

इस अवसर पर शाला स्टाफव शाला प्रबंध समिति के सदस्य ने कहा कमल कान्त साहू सर पहले भी अपने स्कुल के लिए ऐसा पहल करते रहे हैं जिसे बच्चों को लाभ हो ।सभी ने साहू जी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद प्रेषित किया।

भारतीय ज्ञान परीक्षा में किल्लेकोड़ा के 89 विद्यार्थियों ने लिया भाग

दल्ली राजहरा। शासकीय हाई स्कूल किल्लेकोडा में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 89 बच्चों ने भाग लिया गया था। जिसमें कक्षा नवमी से 48 विद्यार्थी कक्षा दसवीं से 41विद्यार्थी समल्लित हुए थे। उक्त परीक्षा का आयोजन के आर कुलदीप व्याख्याता के अगुआई में संपन्न किया गया। जिसमें विशेष सहयोग डॉ बी एल साहसी व्याख्याता का रहा है। परीक्षा में कक्षा दसवीं से कु मोनिका प्रथम, कु सविता द्वितीय, कक्षा नवमी से अमित कुमार प्रथम व कु नेहा राणा द्वितीय स्थान प्राप्त की है। इस अवसर पर अजय मुखर्जी प्राचार्य ने कहा कि इस प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अगर आप इसी प्रकार से मेहनत करते रहेंगे तो निश्चित रूप से बहुत ऊंचाइयों को छूने में सफल होंगे। कुलदीप ने कहा कि मेहनत करने वालों के लिए कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता।

रिश्वतखोरी से परेशान डीजी से शिकायत

धमतरी। जिले में पुलिस विभाग के कुछ कर्मचारियों के घूसखोरी के चलते पूरा विभाग बदनाम हो रहा है वही एक दो पुलिसकर्मी के कारण आमजनता सभी पुलिस वालों को रिश्वतखोर समझने लग जाते है जिले के एक थाना में पदस्थ एक एएसआई के रिश्वतखोरी से क्षेत्र के लोग काफी परेशान हो गए है जिसके चलते स्थानीय लोग अब उक्त रिश्वतखोर एएसआई की शिकायत डीजी से करने की तैयारी में है संबंधित थाना क्षेत्र के लोगो ने बताया कि रिश्वतखोर एएसआई छोटे छोटे मामलों के लिए भी लंबा चौड़ा डिमांड करता है ऐसे में कई गरीब वर्ग के पीड़ित डिमांड को पूरा नही कर पाते ऐसे में बिना भेंट पूजा के उनका काम नही होता जिससे उनको थाने का बार बार चक्कर लगाना पड़ता है अब क्षेत्र की जनता उक्त घूसखोर एएसआई से काफी परेशान हो गए है वही इसकी शिकायत डीजी से करने की तैयारी में लगे है गौरतलब है कि जिले में पुलिस विभाग द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसके माध्यम से पुलिस आम लोगो की रक्षा और उनको इंसाफदिलाने की बात कहती है लेकिन जब पीड़ित थाना पहुँचता है तो समुदायिक पुलिसिंग में कहीं गई बाते जुमला साबित हो जाता है।

प्रभावित किसानों की गणतंत्र दिवस पर काला झंडा फहराने की चेतावनी

दल्ली राजहरा। महामाया माइंस के लाल पानी से प्रभावित किसान व जन मुक्ति मोर्चा ने गणतंत्र दिवस पर काला झंडा फहराने चेतावनी दी है। बसंत रावटे ने बताया कि बीएसपी द्वारा लाल पानी से प्रभावित 42 किसान को महामाया माइंस के अन्तर्गत ठेके पर चल रहे कार्य में आस्थाई नौकरी देने की मांग पूर्व में रखी गई थी।

कलेक्टर द्वारा 8 अगस्त को जारी आदेश में 10 किसानों को तत्काल ठेका कार्य पर रखे जाने आदेशित किया गया था। इसके बाद शेष 32 प्रभावित किसानों को दिसंबर के अंत कर रखा जाना था, किन्तु बी एस पी प्रबंधन की लापरवाही के एक भी प्रभावित किसानों को नौकरी नहीं दी गई। इस कारण किसानों ने जन मुक्ति मोर्चा के साथ डल्ली राजहरा के एस डी एम कार्यालय के सामने 8 जनवरी को अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू किया है। कलेक्टर के द्वारा पूर्व में दिए आदेश की अवहेलना करते हुए बी एस पी प्रबंधन की लापरवाही के चलते आंदोलनकारी करने मजबुर हो गए। आंदोलन करियो ने प्रेस वार्ता कर बताया कि लाल पानी से प्रभावित किसान इस्पात मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को भी समस्या से अवगत करा चुके है। इसके बाद 15 जनवरी को बी एस पी प्रबंधन द्वारा फिर से नई सूची जारी किया।जिसमें वर्ष 2021 तक सभी किसानों को काम रखने आदेशित किया है प्रबंधन द्वारा पूर्व में दिए गए आश्वासन को खड़ा न उतरने से किसानों ने अपने आंदोलनों को जारी रखते हुए 26 जनवरी को काला झंडा फहराने की चेतावनी दी है।

सोसायटी में रखा धान अंकुरित

- कवर होने के बावजूद नही ढंक पाये कर्मचारी

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी बैमोसम बरसात से सोसायटियों में रखा धान बारिश की भेट चढ गई है भीगने की वजह से धान अंकुरित होने लगा है जानकारी के मुताबिक मामला जिले के नगरी ब्लाक के अतिसंवेदनशील क्षेत्र सांकरा का है केंद्र में धान को धकने के लिए प्रशासन ने कई लाखों के पॉलिथीन कवर खरीदे लेकिन उसका उपयोग करना भूल गए जिसकी वजह से आसमान के नीचे बिना पॉलिथिन कवर के रखे धान भीग गए है जिसकी वजह से उसमें बलियां उग आई है मामले की खबर मिलते ही सिहावा विधायक मौके पर पहुंचेण् धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया साथ ही प्रबंधन से इस बात की खबर ली वहीं उन्होंने इस दौरान जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के ऊपर बड़ी कार्रवाई की बात की

नक्सल मोर्चों में शहीद हुए 38 जवानों के परिजनों को किया जाएगा सम्मानित

धमतरी। जिले में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में नक्सल मोर्चों में मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए पुलिस जवानों के परिजनों को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सिहावा डा लक्ष्मी ध्रुव द्वारा सम्मानित किया जाएगा। स्थानीय डा शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में आमगांव के शहीद निरीक्षक श्री विनोद कुमार ध्रुव ग्राम बरबांधा के श्री देवनाथ नागवंशी उपनिरीक्षक श्री कोमलसिंह साहू के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह ग्राम सातबहना के प्रधान आरक्षक श्री सियाराम ध्रुवए ग्राम पदमपुर के श्री शिवप्रसाद शर्मा खड़पथरा के श्री देवनाथ नाग गट्टासिल्ली के श्री महावीर मरकाम ग्राम.मल्हारी के विरेन्द्र सोम दानीटोला वार्ड धमतरी के चंद्रशेखर रंगारी तथा ग्राम कोकड़ी के नकुल ध्रुव के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

सेल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महिला पुरुष व बच्चों के लिए खेल का आयोजन

दल्ली राजहरा। सेल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेल फाउंडेशन डे रोड रन वॉक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय से अधिक से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया यह दौड़ नेशनल गर्ल चाइल्ड डे के विशेष अवसर पर रन फॉर न्यूट्रिशन फॉर गर्ल के उद्देश्य से किया गया। जिसमें 356 खिलाड़ियों ने भाग लिया। दौड़ में प्रत्येक वर्गो में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों के लिए मैडल व आकर्षक पुरुस्कार के साथ साथ 4वीं व 10 वीं स्थान अर्जित करने वाले खिलाडियों को विशेष सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। दौड़ में प्रवेश शुल्क निः शुल्क रखा गया था। विजेता खिलाड़ी कक्षा 6 वी से बालक एवम् बालिका कु मनीषा व सत्यम साहू प्रथम स्थान पर, भूमी व सुमन कुमार द्वितीय स्थान, मोनिका व कृष्णा तीसरा स्थान, पूनम व मनीषा कुमार चौथे स्थान ,कुमकुम व सागर पांचवा स्थान पर निवेदिता व अरशु छटवा स्थान , कक्षा सातवीं व बाहरवी से तेजेश्वरी और मोहित कुमार प्रथम स्थान, लोकेश्वरी व अखिलेश कुमार दूसरे स्थान पर, मनीषा निषाद व परेश्वर तीसरा स्थान पर, वंशिका व दीपक कुमार चौथे स्थान पर, सुहानी सनी व जसवंत कुमार पांचवा स्थान पर, तुलेश्वरी व घनश्याम पुसरिया छटवे स्थान पर रहे।

खान सुरक्षा पखवाड़ा में राजहरा, झरन दल्ली को प्रथम व महामाया माइंस को द्वितीय पुरस्कार

दल्ली राजहरा। 37वे वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा (बिलासपुर क्षेत्र) का पुरस्कार वितरण समारोह होटल बेबीलोन रायपुर में सम्पन्न किया गया। लौह अयस्क खदान समूह के मुख्य महाप्रबंधक तपन सूत्रधार ने बताया की लौह अयस्क खदान समूह को समारोह में कुल 15 पुरुस्कार प्राप्त हुए। जिसमें दल्ली यंत्रीकृत खदान और महामाया खदान को अपने ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ द्वितीय पुरुस्कार एवम् राजहरा खदान को युज आफ एक्सप्लोसिव में प्रथम तथा एच ई एम एम वर्कशाप में द्वितीय पुरस्कार मिला। झरण दल्ली खदान को माइंस प्लान एवम् वैधानिक रिकार्ड रख रखाव में प्रथम एवम् ट्रेनिंग सेफ्टी तथा इलेक्ट्रिकल इलुमिनेशन में द्वितीय पुरस्कार मिला। समारोह में मुख्य अतिथि आर सुब्रमण्यम महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय भारत सरकार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विश्व विख्यात जादूगर एन सी सरकार का कार्यक्रम 27 व 28 को

दल्ली राजहरा। जे सी आई दल्ली राजहरा द्वारा पीड़िता मानवता के सेवार्थ में नगरवासियों के मनोरंजन के लिए दिनांक 27 और 28 जनवरी को विश्व विख्यात जादूगर एन सी सरकार का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम स्थल ओपन एयर थियेटर में रखा गया है। जिसका एंट्री पास के जगहों से प्राप्त किया जा सकता है। स्वस्तिक टाइल्स बस स्टैंड, एस पी ज्वेलर्स चंदेनी भाठा, क्रांति मेडिकल गुप्ता चौक, पायल ज्वेलर्स शास्त्री मार्केट, जयनाम सा जैन भवन चौक व जैन ट्रेडिंग सुभाष चौक है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं KARIM S/O MOHAMAD निवासी H.NO.-117, WARD NO.-10, JHARANDALLI, DALLI RAJHARA, DIST.-BALOD (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम ABDUL KARIM S/O MOHAMAD रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ABDUL KARIM S/O MOHAMAD से ही जाना पहचाना जावे।

ABDUL KARIM
H.NO.-117, WARD NO.-10,
JHARANDALLI,
DALLI RAJHARA,
DIST.- BALOD (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं RAJAT KUMAR, S/O RAMESH KUMAR निवासी WARD NO.- 18, OLD MARKET, DALLI RAJHARA, DIST.-BALOD (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम RAJAT KUMAR JAIN, S/O. RAMESH KUMAR JAIN रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम RAJAT KUMAR JAIN, S/O. RAMESH KUMAR JAIN से ही जाना पहचाना जावे।

RAJAT KUMAR JAIN
WARD NO.- 18, OLD MARKET,
DALLI RAJHARA,
DIST.- BALOD (C.G.)

■ न्यूज गैलरी

अगुत को मैराथन मुकाबले में हराकर चौथे दौर में पहुंचे सिलिच

मेलबर्न। आस्ट्रेलियाई ओपन के पूर्व उपविजेता मारिन सिलिच ने शुक्रवार को यहां नौवीं वरीयता प्राप्त रॉबर्टो बॉतिस्ता आगुट को पांच सेट तक चले मुकाबले में हराकर अंतिम 16 में जगह पक्की की। क्रोएशिया के 31 साल के इस गैरवरीय खिलाड़ी ने मेलबर्न एरेना में खेले गये मुकाबले में स्पेन के आगुट को चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच में 6-7, 6-4, 6-0, 5-7, 6-3 से हराया। सिलिच के पिछला सत्र काफी निराशाजनक रहा था जब वह रैंकिंग में सातवें से 39वें पायदान पर पहुंच गये थे। यह 2007 के बाद उनकी सबसे खराब रैंकिंग रही। क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए उन्हें छठी वरीयता प्राप्त स्टेफनोस सिटिसिपास या कनाडा के 32 वीं वरीयता प्राप्त मिलोस राओनिच के बीच खेले जाने वाले मुकाबले के विजेता की चुनौती से पार पाना होगा।

पाकिस्तान ने बंगलादेश को पांच विकेट से हराया

लाहौर (वार्ता)। पूर्व कप्तान शोएब मलिक की नाबाद 58 रन की बेहतरीन पारी के दम पर पाकिस्तान ने बंगलादेश को शुक्रवार को पहले टी-20 मुकाबले में पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। बंगलादेश ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 141 रन बनाए जबकि पाकिस्तान ने 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 142 रन बनाकर मैच जीत लिया। मलिक ने 45 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से नाबाद 58 रन की मैच विजयी पारी खेली जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मलिक के अलावा ओपनर एहसान अली 32 गेंदों में चार चौकों की मदद से 36 रन, मोहम्मद हफीज ने 17 और इफ्तिखार अहमद ने 16 रन बनाए।इससे पहले बंगलादेश की पारी में ओपनर तमीम इकबाल ने 34 गेंदों पर 39, मोहम्मद नईम ने 41 गेंदों पर 43, लिटन दास ने 12 और कप्तान महमूदुल्लाह ने नाबाद 19 रन बनाए।

पीके बनर्जी को अस्पताल से छुट्टी

कोलकाता (वार्ता)। देश के महान फुटबॉलर पीके बनर्जी को यहां मेडिका सुपरस्पेशलटी हॉस्पिटल से छुट्टी मिल गयी है। 83 वर्षीय बनर्जी को गत मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह कई बीमारियों से पीड़ित थे और डॉ. एल एन त्रिपाठी के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने उनकी जांच की और उनका इलाज किया। अस्पताल से शुक्रवार को जारी एक बुलेटिन के अनुसार बनर्जी को इलाज का फायदा मिला और उनकी स्थिति स्थिर बतायी जाती है। उन्हें अस्पताल से आज छुट्टी दे दी गयी और उन्हें फिजियोथैरेपी से गुजरने की सलाह दी गयी है।

जीत की हैट्रिक के साथ छठे स्थान पर पहुंचा चेन्नइयन एफसी

लगातार तीसरी जीत के साथ दो बार का चैम्पियन चेन्नइयन एफसी हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएलएस) के छठे सीजन की अंक तालिका में छठे क्रम पर पहुंच गया है। मेजबान टीम ने यहां के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए अपने 13वें दौर के मुकाबले में जमशेदपुर एफसी को 4-1 से हराया।

चेन्नई (वार्ता)। इस सीजन की पांचवीं जीत से मिले तीन अंकों के साथ चेन्नइयन के कुल 18 अंक हो गए हैं और उसे एक स्थान का फायदा हुआ है। दूसरी ओर, इस सीजन में 13 मैचों में पाचवीं हार झेलने वाली जमशेदपुर की टीम 16 अंकों के साथ एक पायदान नीचे सातवें क्रम पर पहुंच गई है। गुरूवार को खेले गए इस मैच का पहला हाफ पूरी तरह मेजबान टीम के नाम रहा। उसने मैच शुरू होने से लेकर खत्म होने की सीटी बजने तक अपना दबदबा बनाए रखा और 2-0 की शानदार बढ़त के साथ इस हाफ की समाप्ति की। चेन्नई के लिए मैच का पहला गोल नेरीजुस वाल्सकिस ने 13वें मिनट में किया जबकि आंद्रे शेम्ब्रे ने इस सीजन का अपना चौथा गोल करते हुए उसे 43वें मिनट में दोगुना कर दिया। वाल्सकिस के इस गोल में शेम्ब्री की भी अहम भूमिका रही। दूसरी ओर, शेम्ब्री ने रफाएल क्रिवेलारो द्वारा लिए गए कार्नर पर हेडर के जरिए गोल किया।

इस सीजन में यह वाल्सकिस का नौवां गोल था और वह सबसे अधिक गोल करने के मामले में बेंगलुरू एफसी के कप्तान सुनील छेत्री और ओडिशा एफसी के एड्रिएन सांटाना की बराबरी पर आ गए हैं। चेन्नई की बढ़त और बड़ी हो सकती थी लेकिन वाल्सकिस द्वारा पहला गोल किए जाने के बाद 17वें मिनट में शेम्ब्री एक शानदार मौका चूक गए थे। इसके अलावा शेम्ब्री ने 36वें मिनट में भी एक गोल्डन चांस मिस किया था।

इस हाफ में जमशेदपुर एफसी की ओर से एकमात्र बड़ा हमला 32वें मिनट में हुआ था लेकिन वह नाकाम रहा। बिकास जाएरू के क्रास पर सर्गियो कास्टेल गोल करने की स्थिति में थे लेकिन उनका शॉट क्रासबार से टकराकर दिशाहीन हो गया।

भारत बनाम न्यूजीलैंड | भारत ने चौथी बार किया 200 पार का सफलतापूर्वक पीछा, टी20 इंटरनैशनल में पहली बार पांच बल्लेबाज 50 के पार

भारत ने लिया विश्वकप का बदला

केएल राहुल (56), विराट कोहली (45) और श्रेयस अय्यर (नाबाद 58 रन) की तूफानी बैटिंग की बदौलत भारतीय टीम ने शुक्रवार को पहले टी-20 इंटरनैशनल मैच में न्यू जीलैंड को 6 विकेट से हरा दिया।

भारत ने न्यू जीलैंड को पहले टी20 मैच में छह विकेट से हराया

मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर (नाबाद 58) और ओपनर लोकेश राहुल (56) के शानदार अर्धशतकों से भारत ने न्यूजीलैंड को पहले टी-20 मुकाबले में शुक्रवार को आसानी से छह विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

- भारत की ओर से श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने बनाई फिफ्टी
- पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भारत ने बनाई 1-0 की बढ़त
- भारत ने 19 ओवर में 204/4 रन बनाकर छह गेंद शेष रहते जीता मैच
- सीरीज का अगला मैच रविवार को खेला जाएगा

आकलैंड (वार्ता)। न्यूजीलैंड ने ओपनर कॉलिन मुनरो (59), कप्तान केन विलियम्सन (51) और रॉस टेलर (नाबाद 54) के अर्धशतकों से पांच विकेट पर 203 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन भारत ने 19 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर मैच समाप्त कर दिया और छह गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली।

अय्यर ने 29 गेंदों पर नाबाद 58 रन की मैच विजयी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए जबकि राहुल ने 27 गेंदों पर 56 रन की पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। भारत ने इस तरह रिकॉर्ड चौथी बार 200 से ऊपर लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा कर लिया। भारत की लक्ष्य का पीछा करते हुए यह तीसरी सबसे बड़ी जीत है।

अय्यर ने टिम साउदी पर विजयी छक्का मारकर मैच समाप्त किया। अय्यर ने साउदी के पारी के 19वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का और दूसरी गेंद पर चौका मारकर अपना अर्धशतक पूरा किया। इस ओवर में कुल 18 रन पड़े और भारत ने आसान जीत हासिल कर ली जबकि लक्ष्य बड़ा था। अय्यर को उनकी मैच विजयी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने उपकप्तान रोहित शर्मा को दूसरे ओवर में ही गंवा दिया। रोहित ने एक छक्का लगाया लेकिन मिशेल सेंटनर ने उन्हें रॉस टेलर के हाथों कैच करा दिया। रोहित छह गेंदों में सात रन बना सके। इसके बाद शानदार फॉर्म में चल रहे ओपनर लोकेश राहुल ने अपने कप्तान विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की।

राहुल अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद लेग स्पिनर ईश सोढी का शिकार बने। राहुल ने 27 गेंदों पर 56 रन की पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। राहुल का विकेट 115 के स्कोर पर गिरा। इसके छह रन बाद कप्तान विराट भी आउट हो गए। विराट का विकेट तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर ने लिया।

विराट ने 32 गेंदों पर 45 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया। तीन विकेट 121 रन पर गिरने के बाद भारतीय पारी संकट में नजर आने लगी थी और शिवम दुबे के 142 के स्कोर पर आउट होने के बाद संकट और भी बढ़ गया। दुबे ने नौ गेंदों पर 13 रन में एक चौका और एक छक्का लगाया और उन्हें सोढी ने आउट किया।

अय्यर को मनीष पांडेय के रूप में बेहतरीन जोड़ीदार मिला और दोनों ने 62 रन की तेज तर्रार अविजित साझेदारी कर मेजबान टीम की जीत हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अय्यर ने आक्रामक शॉट खोले जिससे टीम पर रन गति का दबाव नहीं रहा।

भारत को आखिरी तीन ओवर में 25 रन चाहिए थे लेकिन अय्यर ने 19वें ओवर में 18 रन ठोककर मैच को अंतिम ओवर में जाने नहीं दिया। पांडेय ने 12 गेंदों पर नाबाद 14 रन में एक छक्का लगाया। भारत को 10 वाइड सहित 11 अतिरिक्त रनों का भी फायदा मिला।

कीवी टीम की तरफ से सोढी ने 36 रन पर दो विकेट, सेंटनर ने 50 रन पर एक विकेट और टिकनर ने 34 रन पर एक विकेट लिया। इस मुकाबले में कुल पांच अर्धशतक बने और किसी टी-20 मैच में पांच अर्धशतक बनने का यह पहला मौका है। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर में 80 रन की शानदार शुरुआत की। मार्टिन गुप्तिल ने 19 गेंदों पर 30 रन में चार चौके और एक छक्का लगाया।

हमारा ध्यान सिर्फ जीत पर: मंधाना

भारतीय महिला टी-20 टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा है कि उनकी टीम का ध्यान आगामी टी-20 विश्वकप में खिताबी जीत हासिल करने पर केंद्रित है और टीम इसके अलावा फिलहाल अन्य किसी चीज के बारे में नहीं सोच रही है।

मुंबई (वार्ता)। भारतीय महिला टीम गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई जहां उसे मेजबान ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के साथ त्रिकोणीय सीरीज खेलनी है। टीम इसके बाद आठ देशों के विश्वकप में हिस्सा लेगी। भारतीय टीम 2018 में वेस्टइंडीज में हुए पिछले विश्वकप में सेमीफाइनल तक पहुंची थी। मंधाना ने भारतीय पुरुष टीम के बराबर पैसे मिलने को जायज नहीं ठहराते हुए कहा कि दोनों टीमों के बीच तुलना करना सही नहीं है और टीम का ध्यान सिर्फ जीत पर लगा हुआ है। उन्होंने साथ ही कहा कि यदि टीम विश्वकप जीतती है तो सबकुछ अपने आप हो जाएगा।

फिलहाल महिला टीम की शीर्ष खिलाड़ियों को सालाना 50 लाख रुपये मिलते हैं जबकि पुरुष टीम में ग्रेड सी वाले खिलाड़ियों को सालाना एक करोड़ रुपये मिलते हैं। मंधाना ने कहा,÷हमें एक बात समझनी होगी कि महिला क्रिकेट से कितनी कमाई होती है। जिस दिन महिला क्रिकेट में पुरुषों के बराबर राजस्व आने लग जाएगा मैं पहली खिलाड़ी होऊंगी जो एक जैसी सैलरी की मांग करूंगी लेकिन अभी हम ऐसा नहीं कह सकते। टीम में कोई भी इसके बारे में नहीं सोचता। उन्होंने कहा,÷हमारा ध्यान मैच जीतना और दर्शकों को मैच देखने के लिए प्रोत्साहित करना है जिससे राजस्व में बढ़ोतरी होगी। हमारे लिए यह कहना गलत होगा कि हमें एक तरह की सैलरी चाहिए, यह सही नहीं है। मैं इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। अगर हम मैच जीतते हैं और दर्शक मैच देखने आएंगे और सभी चीजें व्यवस्थित हो जाएंगे लेकिन उसके लिए हमें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इस बीच टी-20 विश्वकप को देखते हुए भारतीय महिला ए टीम भी ऑस्ट्रेलिया भेजा गयी थी और मौजूदा विश्वकप टीम की छह खिलाड़ी उस सीरीज का हिस्सा थी।

गोवा की नजरें एएफसी चैम्पियंस लीग सीट पर

फातोर्दा (गोवा) (वार्ता)। एफसी गोवा, एटीके और बेंगलुरू एफसी के बीच इस साल हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन की अंक तालिका में पहला स्थान पाने के लिए होड़ लगी है क्योंकि जो पहले स्थान पर रहेगा उसे एएफसी चैम्पियंस लीग में खेलने का मौका मिलेगा। ऐसे में गौर्स नाम से मशहूर एफसी गोवा टीम को शनिवार को अपने घर-फातोर्दा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में केरला ब्लास्टर्स से भिड़ना है और यह टीम हर हाल में तीन अंक हासिल करते हुए हुए एक बारफिर से टॉप पर पहुंचना चाहेगी। इस मैच की अहमियत को समझते हुए गोवा के कोच सर्गियो लोबेरा ने कहा, ÷मुझे लगता है कि यहां के बाद से हर एक मैच फाइनल की तरह है। हर टीम एक जैसे हालात में है। हमारे लिए यह बहुत अहम मैच है और हम कदम दर कदम आगे बढ़ना चाहेंगे।

वर्कर के शतक से न्यूजीलैंड ए ने भारत ए को हराया

भारत की सीनियर टीम ने जहां न्यूजीलैंड को पहले टी-20 मुकाबले में शुक्रवार को छह विकेट से पराजित किया वहीं भारत की ए टीम को न्यूजीलैंड ए के हाथों दूसरे गैर आधिकारिक वनडे में 29 रन से हार का सामना करना पड़ा।

क्राइस्टचर्च (वार्ता)। भारत और न्यूजीलैंड ए टीमों के बीच तीन मैचों की सीरीज अब 1-1 से बराबर हो गयी है। न्यूजीलैंड ए ने ओपनर जार्ज वर्कर की 144 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों से सजी 135 रन की शतकीय पारी और कोल मैक्कोंची के 56 रनों से 50 ओवर में सात विकेट पर 295 रन का मजबूत स्कोर बनाया। भारतीय टीम की तरफसे इशान पोरेल ने 50 रन पर तीन विकेट और मोहम्मद सिराज ने 73 रन पर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए टीम नौ विकेट पर 266 रन ही बना सकी। भारतीय टीम अपने चार विकेट मात्र 88 रन पर गंवाने के बाद मुकाबले में नहीं लौट पायी। भारत की वनडे टीम में शामिल किये गए युवा ओपनर पृथ्वी शॉ दो, रुतुराज गायकवाड 17, कप्तान मयंक अग्रवाल 37 और सूर्यकुमार यादव 20 रन बनाकर आउट हुए। विकेटकीपर इशान किशन ने 44, विजय शंकर ने 41, क्रुणाल पांड्या ने 51 और अक्षर पटेल ने 24 रन बनाये लेकिन भारतीय टीम लक्ष्य से दूर रह गयी। न्यूजीलैंड ए की तरफसे काइल जैमिसन, जैकब डफी और जेम्स नीशम ने दो-दो विकेट लिए।

फेरबदल | गत चैंपियन नोवाक जोकोविच और एश्ले बार्टी ने प्री क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

उलटफेरों का दिन: ओसाका, सेरेना और सितसिपास बाहर

मेलबोर्न (वार्ता)। वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन में शुक्रवार का दिन उलटफेरों से भरा दिन रहा और तीसरी सीड जापान की नाओमी ओसाका, आठवीं सीड और 23 बार की ग्रैंड स्लेम चैंपियन अमेरिका की सेरेना विलियम्स और 10वीं सीड अमेरिका की मेडिसन कीज तथा पुरुषों में छठी सीड यूनान के स्तेफनोस सितसिपास और नौवीं सीड स्पेन के रॉबर्टो बतिस्ता अगुत तीसरे दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इन उलटफेरों के बीच गत चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच और टॉप सीड ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी ने प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।

ऑस्ट्रेलियन ओपन में सात बार के चैंपियन और दूसरी सीड जोकोविच ने जापान के योशिहितो निशियोका को मात्र एक घंटे 25 मिनट में 6-3, 6-2, 6-2 से पराजित कर दिया जबकि महिलाओं में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बार्टी ने 29वीं सीड कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना को एक घंटे 18 मिनट में 6-3, 6-2 से हरा दिया। टूर्नामेंट में हालांकि आज का दिन उलटफेरों से भरा दिन रहा और कई दिग्गज खिलाड़ी हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। तीसरी सीड ओसाका को 67वीं रैंकिंग की अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ ने मात्र 67 मिनट में 6-3, 6-4 से हरा दिया।

सेरेना का रिकॉर्ड 24वां ग्रैंड स्लेम खिताब जीतने का सपना एक बार फिर टूट गया। आठवीं सीड सेरेना को 29वीं रैंकिंग की चीनी खिलाड़ी कियांग वांग ने दो घंटे 41 मिनट तक चले कड़े संघर्ष में 6-4, 6-7, 7-5 से पराजित कर अंतिम-16 में जगह बना ली। कीज को यूनान की मारिया सक्कारी ने एक घंटे 15 मिनट में 6-4, 6-4 से हराया।

पुरुष वर्ग में अब तक के सबसे बड़े उलटफेर में छठी सीड सितसिपास को 35वीं रैंकिंग के कनाडाई खिलाड़ी मिलोस राओनिक ने दो घंटे 30 मिनट में 7-5, 6-4, 7-6 से हराया जबकि नौवीं सीड अगुत को क्रोएशिया के मारिन सिलिच ने पांच सेटों के मैराथन मुकाबले में चार घंटे 10 मिनट में 6-7, 6-4, 6-0, 5-7, 6-3 से हराया।

वुहान में ओलंपिक क्वालीफायर रद्द, भारत ने मेजबानी की पेशकश की

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने अगले महीने के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट की मेजबानी की पेशकश की है जिन्हें चीन के वुहान शहर में कोरोना विषाणु फैलने के बाद रद्द कर दिया गया है। ये क्वालीफायर तीन से 15 फरवरी को आयोजित किये जाने हैं लेकिन वुहान में स्वास्थ्य संबंधित संकट के बाद इनके इस दौरान आयोजित होने पर संशय बन गया है क्योंकि इस विषाणु के कारण 17 लोगों की जान चली गयी है और 550 से ज्यादा लोग इससे संक्रमित हो गये हैं। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यबल (मुक्केबाजी) चेयरमैन मोरीनारी वटानबे को लिखे पत्र में कहा, ''किसी भी कारण से अगर इस प्रतियोगिता को किसी अन्य देश में आयोजित कराना पड़ता है तो भारतीय मुक्केबाजी महासंघ इस एशिया ओसनिया क्वालीफिकेश प्रतियोगिता 2020 का आयोजन करने का इच्छुक है। '' उन्होंने लिखा, ''हम इस टूर्नामेंट को नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर के केडी जाधव इंडोर हॉल में आयोजित करने का प्रस्ताव रखते हैं, जहां पर हमने पहले नवंबर 2018 में एआईबीएफ एलीट महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का आयोजन किया था। '' अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) के कथित प्रशासनिक कुप्रबंधन और वित्तीय हेरफेर के बाद आईओसी कार्यबल मुक्केबाजी की ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रक्रिया की देखरेख कर रहा है।

चार बहादुर बच्चों को मिलेगा राज्य वीरता पुरस्कार

गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल अनुसुईया उइके करेंगी सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य वीरता पुरस्कार 2019-20 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद की जूरी समिति द्वारा प्रदेश के चार बहादुर बच्चों का चयन किया गया है। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके चयनित बच्चों को आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को राजधानी रायपुर के पुलिस मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में नगद पुरस्कार राशि 15 हजार रूपए, प्रशस्ति पत्र व मैडल प्रदान कर सम्मानित करेंगी।

पुरस्कार के लिए चयनित बच्चों में धमतरी जिले के संबलपुर गांव की 7 वर्षीय कुमारी अंशिका साहु, पिता चंपालाल साहू, रायपुर की 13 वर्षीय कुमारी अनन्या चौहान पिता आनंद सिंह चौहान, गरियाबंद जिले के ग्राम चौबेबंधा निवासी 12 वर्ष के राहुल पटेल पिता मंगलूराम पटेल और रायगढ़ जिले के भटली गांव के निवासी 15 साल के प्रमोद बारिक पिता रोहित बारिक शामिल हैं।

राज्य वीरता पुरस्कार 2019-20 के लिए चयनित बच्चों का परिचय और इनकी बहादुरी की कहानी

कुमारी अंशिका साहू

धमतरी जिले के संबलपुर के नहरपारा,वार्ड नं.-02, निवासी चम्पालाल साहू की कक्षा दूसरी में अध्ययरत 06 वर्ष की सुपुत्री कु. अंशिका साहू,घटना दिनांक

17 जुलाई 2018 को अवकाश के दिन अपनी बड़ी बहन कक्षा 7वी में अध्ययनरत कु. आंकाक्षा साहू और अपने अन्य दोस्तों के साथ खेल रही थी। खेलते हुए गांव के एक मकान के बाहर लगे हुए खुले विद्युत मीटर के वायर को छूने से कुमारी आकांक्षा करेंट लगने से चिपक गई और वह तड़पने लगी। छोटी बहन अंशिका खतरे को भांपते हुए बिना समय गवाएं अपनी सूझबूझ से अपनी पहने हुए प्लास्टिक के चप्पल से अपनी बहन के चिपके हुए हाथों को जोर-जोर से मारने लगी तब अचानक करंट से चिपकी हुई आकांक्षा एक झटके में करंट से अलग हो गई और उसकी जान बच गई। स्कूल की प्रधान पाठिका को घटना की जानकारी होने पर उनके द्वारा अंशिका से इस संबंध में पूछताछ की गई और उसके साहसी कार्य की प्रशंसा की गई। स्कूल के अन्य स्टॉफ, ग्रामीणों द्वारा भी अंशिका के साहस और त्वरित निर्णय क्षमता को सराहते हुए प्रशंसा की गई ।

कुमारी अनन्या चौहान

आनंद सिंह चौहान की सुपुत्री अनन्या 17 मार्च 2019 को अपनी चचेरी बहन कुमारी अनिकृति और कुमारी रिया साहू के साथ सुपेला भिलाई होली मिलन

समारोह में गई थी। दुपहिया वाहन से लौटते समय पशु के अचानक सामने आने के कारण दुपहिया वाहन अनियंत्रित हो जाने के कारण तीनों वाहन से गिर कर घायल हो गए । सिर पर चोट आने कारण अनिकृति और रिया घटना स्थल पर ही बेहोश हो गए । अनन्या को भी हाथ एवं पैर में चोट लगने के बावजूद उसने राहगीरों की मदद से खुर्सीपार पुलिस थाना पहुंचकर दुर्घटना की मौखिक रूप से जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों द्वारा अनिकृति और रिया को चंदुलाल चंद्राकर हॉस्पिटल भिलाई पहुंचाया गया। जहां उनकी प्राथमिक उपचार के पश्चात् रायपुर रामकृष्ण हॉस्पिटल रिफर कर दिया गया। जहां पर उनका उपचार किया गया । अनन्या के सूझबूझ के कारण समय पर अनिकृति व रिया का इलाज पुलिस अधिकारियों के सहयोग से संभव हो पाया। स्कूल के प्राधानाचार्य द्वारा कुमारी अनन्या सिंह चौहान के साहस व त्वरित निर्णय क्षमता व सूझ-बूझ को ध्यान में रखते हुए उसे वीरता पुरस्कार प्रदाय किये जाने की अनुशंसा की है।

राहुल पटेल

गरियाबंद जिले के ग्राम चौबेबांधा निवासी पीलूराम यादव का दो वर्षीय पुत्र दानेश्वर यादव, 17 अक्टूबर 2019 को खेलते हुए ग्राम के शीतला तालाब पहुंच

गया। तालाब की गहराई 15 से 20 फीट है। बालक तालाब में लगभग 10 फीट दूर पानी में चला गया और डूबने लगा। तालाब के दूसरी ओर रंगमंच बना हुआ है जिसमें ग्राम का ही बालक मास्टर राहुल पटेल, पिता मंगलूराम पटेल खेल रहा था। राहुल का ध्यान अचानक तालाब की ओर गया। उसने देखा कि तालाब में कोई छोटा बालक डूब रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसने लगभग 150 मीटर की दूरी से दौड़ते हुए आकर अपनी जान की परवाह किये बगैर तालाब में छलांग लगा दी। मास्टर राहुल को तैरना आता है और वह डूबते हुए बालक दानेश्वर यादव को खींचकर तैरते हुए तालाब के किनारे पहुंच गया। राहुल के इस साहस से बालक दानेश्वर की जान बच गइ । स्थानीय लोगो द्वारा राहुल के इस साहसिक कार्य की प्रशंसा की गई। ग्रामीणों द्वारा रंगमंच पर बालक राहुल को श्रीफल तथा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ सोनकर सामाज द्वारा भी राहुल को सम्मानित किया गया।

प्रमोद बारीक

भठली गांव की निवासी श्रीमती अनुपमा भोय अपनी नाबालिक पुत्री कुमारी भारती भोय के साथ 15 अगस्त 2019 को दोपहर करीब 2 बजे गांव के ही गाटा तालाब की ओर

गयी थी। सामान्यतः तालाब की गहराई 10-20 फीट होती है। वर्षा ऋतु होने के कारण तालाब पानी से भरा हुआ था। बालिका भारती भोय तालाब से पानी लेते समय पैर फिसल जाने के कारण गहरे पानी में गिर कर डूबने लगी जिसे देखकर श्रीमती अनुपमा बचाव-बचाव कह कर जोर-जोर से चिल्लाने लगी , तभी पास के मैदान में ग्राम के निवासी रोहित बारिक का 15 वर्षीय पुत्र प्रमोद बारिक जो कक्षा आठवी का छात्र है वह आवाज सुनकर दौड़कर आया और तालाब में डूब रही भारती को देख कर अपनी जान की परवाह न करते हुए साहस के साथ तालाब में कूद गया और डूबती हुई बालिका भारती को खींच कर बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई। यदि समय पर प्रमोद पहुंच कर भारती की जान नहीं बचाता, तो कोई अनहोनी घटना घट सकती थी। प्रमोद के अध्ययनरत शाला के प्रधान पाठक,सरपंच एवं स्थानीय निवासियों द्वारा प्रमोद के साहस की प्रशंसा की गई तथा उसे वीरता पुरस्कार देने प्रस्ताव प्रेषित किया गया। सभी बहादुर बच्चों को पुरस्कार प्रदान करने के लिए स्कूल, ग्राम पंचायत व सम्बद्ध जिलाधीशों ने अनुशंसा की।

केंद्रीय गृह मंत्रालय को मॉर्डनाईजेशन के लिए प्रस्ताव सौंपे आठ राज्यों ने

पुलिस मॉर्डनाईजेशन के लिए हाई पॉवर कमेटी की बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आज नवा रायपुर पुलिस मुख्यालय, में हाई पॉवर कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने कहा कि पुलिस के मॉर्डनाईजेशन से प्रकरणों की जांच शीघ्र होती है और पीड़ितों को जल्द न्याय मिलता है। यह छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्यकुशलता है जिसकी वजह से हमने अपहृत व्यापारी को सुरक्षित छुड़ा लिया। हाई पॉवर कमेटी बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय गृह मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी (पुलिस मॉर्डनाईजेशन) विवेक भारद्वाज ने की।

रायपुर में आयोजित मीटिंग में 8 राज्य छत्तीसगढ़, गुजरात, गोवा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, मिजोरम और नागालैंड के पुलिस अधिकारी और फोरेंसिक एक्सपर्ट शामिल हुए। हाई पॉवर कमेटी मीटिंग में पुलिस के मॉर्डनाईजेशन पर राज्यों से विचार विमर्श कर विचार मांगे गये। बैठक में विभिन्न राज्यों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अत्याधुनिक हथियार, तकनीकी उपकरण और विशेष सॉफ्टवेयर के संबंध में अपने प्रस्ताव रखे। राज्यों के पुलिस अधिकारियों और फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने जांच के लिये अत्याधुनिक फॉरेंसिक लैब, फॉरेंसिक रिकवरी और एनालिसिस सॉफ्टवेयर की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही सायबर क्राईम इन्वेस्टिगेशन टूल किट, थर्मर इमेजर, इन्टरनेट एविडेंस फाईन्डर, टॉवर सर्वर, फायरिंग सिमुलेटर की जरूरत पर बल दिया। गृह मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी विवेक भारद्वाज ने बताया कि पुलिस के मॉर्डनाईजेशन के लिए राज्यों की जो भी आवश्यकताएं होंगी, उन पर विचार कर जल्द से जल्द प्रस्तावों को स्वीकृति दी जायेगी।

आपसी समन्वय पर सभी राज्यों के अफसरों ने दिया जोर

पुलिस मुख्यालय में इस समय एक उच्च स्तरीय बैठक चल रही है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे 8 राज्यों के वरिष्ठ पुलिस अफसरों की टीम शामिल है। बैठक में पुलिस के आधुनिकीकरण और महत्वपूर्ण सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान पर जोर दिया जा रहा है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के साथ ही मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, गोवा और राजस्थान पुलिस के अफसर भी शामिल हैं। बैठक में डीजीपी डीएम अवस्थी विशेष रूप से उपस्थित हैं। बताया जाता है कि बैठक में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा आपसी समन्वय को लेकर है। सभी राज्यों के पुलिस प्रतिनिधियों ने इस बात को सहर्ष स्वीकार किया है कि आपसी समन्वय से ही अपराधों व अपराधियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। चाहे मुद्दा अपहरण, डकैती, फिरौती का हो, नक्सलवाद का हो या अन्य तरह के बड़े श्रेणी के अपराध हों। इन सभी पर लगाम लगाने और अपराधियों को पकड़ने में आपसी समन्वय सबसे महत्वपूर्ण विषय है। छत्तीसगढ़ में जिस तरह से कारोबारी प्रवीण सुमानी अपहरण कांड को सुलझाने में अन्य राज्यों की पुलिस का सहयोग मिला और छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले को सुलझाया, इसमें आपसी समन्वय महत्वपूर्ण रहा। सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान और आपसी सहयोग के चलते ही पुलिस अपराधियों को दबोचने में और कारोबारी को छुड़ाने में कामयाब रही।

सूबे के स्कूली बच्चे संविधान और प्रदत्त शक्तियों से होंगे परिचित

प्रदेश का बच्चा-बच्चा जानेगा अपना संवैधानिक दायित्व

स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

सप्ताह के प्रति सोमवार स्कूलों में होगी चर्चा

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। पूरी शिद्दत के साथ लंबे विचार-विमर्श से बना भारतीय संविधान अब छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा जान पाएगा। प्रदेश की स्कूलों में प्रति सोमवार सभी बच्चों को उनके संवैधानिक दायित्वों, प्रदत्त शक्तियों को समझाने के साथ उनपर चर्चा भी करवाई जाएगी। संविधान से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करवाना अब सभी स्कूलों को जरुरी होगा। उक्ताशय का आदेश भी स्कूल शिक्षा विभाग ने आज जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इच्छा जाहिर की थी कि वर्तमान परिदृश्य में स्कूलों में हर बच्चे को भारतीय संविधान में उल्लेखित उनके कर्तव्यों, शक्तियों और राज्य के नीति निदेशक तत्वों की पूरी जानकारी दी जानी चाहिए। ताकि आने वाले वक्त में देश के गौरवशाली संविधान की रक्षा की जा सके। सीएम श्री बघेल के इस बेहतरीन प्रस्ताव पर स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयारियां भी पूरी कर ली हैं। आज आदेश भी जारी करते हुए इसके लिए दिन, वक्त और विषय का चयन भी कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अब हर सोमवार को प्रार्थना के बाद संविधान से संबंधित विभन्न मुद्दो पर चर्चा की जाएगी। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने आज इस संबंध में आदेश जारी करते हुए प्रदेश के सभी संभाग के आयुक्त और जिला कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए है।

जारी निर्देश के अनुसार माह के प्रथम सप्ताह में संविधान की प्रस्तावना पर चर्चा होगी वहीं दूसरे सप्ताह में संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकार, तीसरे सप्ताह में मौलिक कर्तव्य और चौथे सप्ताह में राज्य के नीति निदेशक तत्व पर चर्चा आयोजित की जाएगी।

नष्ट किया जा रहा, अधिकार छीना जा रहा, रक्षा करना सभी का जिम्मा-सीएम भूपेश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली से लौटकर एयरपोर्ट में इस संबंध में बयान दिया है। उन्हों ने कहा कि गंभीर विमर्श के साथ संविधान बना है, इसकी रक्षा करना हिंदुस्तान के लोगों की जिम्मेदारी है। बहुत सी संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट किया जा रहा है। लोगों से

उनका अधिकार छीना जा रहा है। जो संविधान हमारी रक्षा करता है, उसे बचाने की भी जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने कहा कि संविधान इस देश में सर्वोपरी है। वर्षों बहस कर 300 से अधिक लोगों ने मिलकर इस संविधान को बनाया है। बहुत विचार विमर्श कर इसका निर्माण हुआ। 1947 से शुरू कर 1950 में इसे पूरा किया गया और 26 जनवरी 1950 में इसे लागू किया गया।

डिजिटल तकनीक से सुलभ होंगी नागरिक सुविधाएं : अमिताभ जैन

चिप्स द्वारा आयोजित कार्यशाला में डिजिलाकर और उमंग एप का दिया गया प्रशिक्षण

रायपुर। राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं को ग्रामीण स्तर पर आम लोगों तक पहुंचाने में सूचना प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य में ई-गवर्नेंस को साकार करने के लिए जिला और पंचायत स्तर पर कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचना तकनीक के इस्तेमाल के लिए दक्ष बनाना होगा। छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) द्वारा नवीन विश्राम गृह में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा कि आम लोगो को शासन की सुविधाओं और सेवाओं को त्वरित रूप से पहुचाने के लिए सूचना तकनीक का अधिकतम उपयोग करना होगा। उन्होंने आई टी अधोसंरचना के उपयोग को बढ़ाने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यशाला के पहले दिन विभागों के आई. टी. अधिकारियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यशाला के दूसरे दिन विभाग प्रमुखों को आई.टी. में की जा रही नवीन पहल की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

न्यूज गैलरी

लोकवाणी में 9 फरवरी को 'परीक्षा प्रबंधन और युवा कैरियर के आयाम' विषय पर होगी बात

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 7वीं कड़ी का प्रसारण आगामी 9 फरवरी को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम. रेडियो और क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार 'परीक्षा प्रबंधन और युवा कैरियर के आयाम' विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नम्बर 0771-2430501, 2430502, 2430503 पर 27, 28 एवं 29 जनवरी को अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकार्ड करा सकते हैं।

पॉवर कम्पनी मुख्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय विद्युत सेवाभवन के परिसर में 25 जनवरी 2020 को पूर्वान्ह 11.00 बजे अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ली जायेगी। होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार पॉवर कंपनी भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ शासन के निर्देषानुसार शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर छत्तीसगढ़ पॉवर कम्पनीज के अधिकारी-कर्मचारीगण लोकतंत्र के प्रति आस्था सहित मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लेंगे। कार्यक्रम के संयोजक कार्यपालक निदेषक (मानव संसाधन) श्री एच.के. पाण्डेय द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों से शपथ कार्यक्रम में उपस्थिति देने की अपील की गई है।

श्रीमहादेवम हास्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 27 को

रायपुर। श्रीमहादेवम मल्टी स्पेशिलिटी हास्पिटल दावड़ा कालोनी न्यू धमतरी रोड पचपेढ़ी नाका रायपुर में 27 जनवरी सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के मध्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हास्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त शिविर में हड्डी रोग से संबंधित बीमारियां एवं नेत्र रोग से संबंधित बीमारियों का इलाज निशुल्क किया जाएगा। संचालक ने आसपास के रहवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उक्त शिविर में शामिल होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने का आग्रह किया है।

पंचायत चुनाव: पहले चरण के लिए मतदान 28 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में मतदान 28 जनवरी को होगा। प्रथम चरण में होने वाले चुनाव के लिए सभी पंचायत क्षेत्रों में प्रत्याशियों द्वारा चुनाव-प्रचार जोर-शोर से जारी है। प्रदेश में 28 जनवरी से तीन चरणों में त्रिस्तरीय चुनाव होगा। पहले चरण में 28 जनवरी, दूसरे चरण में 31 जनवरी तथा तीसरे चरण में 3 फरवरी को मतदान होगा।